रविवार, 22 मार्च 2026

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, चैत्र शुक्लपक्ष चतुर्थी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 20 – 30 |
| आर्द्रता | 82% |
| सूर्योदय: 05:40 | सूर्यास्त: 17:48 |



सृष्टि की आदिशक्ति और ऊर्जा का अक्षय पुंज माता कुष्मांडा पृष्ठ 2

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : जिंदगी जीने का सर्वश्रेष्ठ तरीका है जिससे स्वयं को संतुष्टि मिले और दूसरों को कष्ट न पहुंचे।

## समानता हकीकत में तब्दील होनी चाहिए: प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत

**बेंगलुरु :** प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने शनिवार को विधि पेशे में महिलाओं के लिए 'औपचारिक समानता' को वास्तविक, व्यावहारिक अनुभवों में बदलने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने इसी के साथ महिलाओं की निरंतर भागीदारी और उन्नति सुनिश्चित करने के लिए ढांचागत सुधारों एवं सतत संस्थागत समर्थन का आह्वान किया। प्रधान न्यायाधीश ने बेंगलुरु में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन-2026 में 'न्यायिक शासन की पुनर्कल्पना: लोकतांत्रिक न्याय के लिए संस्थानों का सुदृढ़ीकरण' विषय पर परिचर्चा के दौरान एक सर्वेक्षण के प्रमुख निष्कर्षों का उल्लेख किया, जिसमें महिला वकीलों के सामने आने वाली चुनौतियों और प्रणालीगत समाधानों की आवश्यकता को दर्शाया गया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, मेरा व्यक्तिगत रूप से मानना है कि जब हम अपने संवैधानिक ढांचे के भीतर समानता की बात करते हैं, तो यह समानता केवल कागजी नहीं होनी चाहिए। इसलिए समानता को वास्तविकता में तब्दील करना होगा।'' उन्होंने महिला वकीलों द्वारा तैयार किए गए सर्वेक्षण की सराहना करते हुए इसे ''एक अत्यंत उल्लेखनीय और वैज्ञानिक सर्वेक्षण'' तथा ''आंखें खोलने वाला'' बताया, जो चुनौतियों की पहचान और समाधान के लिए एक मार्गदर्शन करता है। सीजेआई ने उत्साहजनक रुझानों की ओर इशारा करते हुए कहा कि अब विधि विद्यालयों में 50 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी छात्राएं हैं और बार में नए प्रवेशकों में भी उनका एक अच्छा खासा अनुपात है।

# हम भाजपा को आपके मतदान का अधिकार छीनने नहीं देंगे, अंत तक लड़ेंगे : ममता

## पीएम मोदी को बताया सबसे बड़ा घुसपैठिया

### मुख्यमंत्री ने दी ईद की शुभकामनाएं, एकता और भाईचारे पर जोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उस पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के माध्यम से लोगों के 'मतदान अधिकार छीनने' का आरोप लगाया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'सबसे बड़ा घुसपैठ' करने वाला करार दिया। इस दिन, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता ने कोलकाता के रेड रोड पर ईद की नमाज के बाद नमाजियों को संबोधित करते हुए आगामी विधानसभा चुनावों को लोकतांत्रिक अधिकारों और राज्य के बहुल सामाजिक ताने-बाने की रक्षा की लड़ाई करार दिया। ममता ने कहा कि हम मोदी जी और भाजपा को आपके मतदान के अधिकार छीनने नहीं देंगे। हम अंत तक लड़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने के लिए उन्होंने कोलकाता से लेकर दिल्ली तक की



अदालतों का रुख किया है। उन्होंने कहा कि जब आप विदेश जाते हैं, तो नेताओं से हाथ मिलाते हैं और मित्रता की बातें करते हैं। यह आपकी पसंद है, और मैं सभी देशों का सम्मान करती हूं। लेकिन जब आप भारत लौटते हैं, तो अचानक हिंदू-मुस्लिम विवाद शुरू हो जाता है, और लोगों को घुसपैठिया कहा जाने लगता है। ममता ने मोदी और भाजपा द्वारा सीमावर्ती राज्य में घुसपैठ के बार-बार लगाए जा रहे आरोपों को लेकर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि आप फिर नाम हटाने और लोगों को घुसपैठिया करार देने की बात करते हैं। मैं कहूंगी कि आप और आपकी सरकार सबसे बड़ी घुसपैठ करने वाले हैं।

**'बंगाल में अघोषित राष्ट्रपति शासन जैसा माहौल'**

मुख्यमंत्री ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान कई लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। मैंने कलकत्ता उच्च न्यायालय और यहां तक कि उच्चतम न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया है। मुझे अब भी उम्मीद है कि लोगों के अधिकारों की रक्षा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सख्त लहजे में आरोप लगाया कि केंद्र ने राज्य में 'अघोषित राष्ट्रपति शासन' लागू कर दिया है। उन्होंने कहा कि आपने हमारी सरकार पर कब्जा कर लिया है और अनौपचारिक राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया है। लेकिन हम डरेंगे नहीं। उन्होंने कहा कि भले ही कोई आपके साथ खड़ा न हो, मैं आपके परिवार के सदस्य के रूप में बंगाल के लोगों के साथ – धर्मों, जातियों और पंथों से परे – खड़ी रहूंगी।

**भाजपा हटाओ-देश बचाओ का दिया नारा**

ममता ने अपने संबोधन में राज्य को राजनीतिक रूप से निशाना बनाने का प्रयास करने वाले लोगों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि जो लोग बंगाल को निशाना बना रहे हैं और लोगों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें नरक में भेज दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सांप्रदायिक सौहार्द की राज्य की पुरानी परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज का ध्रुवीकरण करने की कोशिश करने वाली ताकतों को राज्य सफल नहीं होने देगा। उन्होंने कहा कि बंगाल एकता में विश्वास करता है। हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई -- यहां सभी साथ रहते हैं। हम किसी को भी इस सामाजिक ताने-बाने को तोड़ने नहीं देंगे। तृणमूल सुप्रीमो ने भाजपा पर निशाना साधते हुए नारा दिया कि भाजपा हटाओ, देश बचाओ।

## शुभेंदु अधिकारी का भवानीपुर में चुनावी आगाज, कालीघाट मंदिर में की पूजा



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को दक्षिण कोलकाता के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र से अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत की। अभियान की शुरुआत उन्होंने कालीघाट मंदिर में पूजा-अर्चना कर की। मीडिया से बातचीत के दौरान शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उनके हाव-भाव में घबराहट साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के व्यवहार से साफ लगता है कि उन्हें हार का डर सता रहा है और आम जनता भी इसे समझ चुकी है। भवानीपुर से भाजपा उम्मीदवार बनाए जाने पर उन्होंने कहा कि इससे यह स्पष्ट होता है कि पार्टी इस सीट को लेकर कितनी गंभीर है। उन्होंने कहा कि वह पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुशासित कार्यकर्ता हैं और पार्टी नेतृत्व के निर्देशों का पालन करते हुए चुनावी मैदान में उतरे हैं।

## सरकार ने 23 मार्च से घरेलू हवाई किराए पर लगी सीमा को हटाने का फैसला किया

**नयी दिल्ली/मुंबई :** सरकार ने घरेलू हवाई किरायों पर लगाई गई अस्थायी सीमा को 23 मार्च से हटाने का फैसला किया है। पिछले साल दिसंबर में इंडिगो की उड़ानों में आई बाधाओं के मद्देनजर इस सीमा को लगाया गया था। नागर विमानन मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, हवाई किराए पर लगी सीमा को 23 मार्च से हटा दिया जाएगा। यह फैसला ऐसे समय लिया गया है जब पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण विभिन्न एयरलाइन को अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर परिचालन संबंधी महत्वपूर्ण बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इस आदेश में मंत्रालय ने यह भी कहा कि एयरलाइन को मूल्य निर्धारण में अनुशासन बनाए रखना और जिम्मेदारी से काम करना आवश्यक है। इसमें कहा गया है, ''एयरलाइन यह सुनिश्चित करेंगी कि किराया उचित, पारदर्शी और बाजार की स्थितियों के अनुरूप बना रहे और यात्रियों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।''

# प्रधानमंत्री मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति से फोन पर बात की

## नौवहन की स्वतंत्रता पर जोर दिया

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन से फोन पर बातचीत की और पश्चिम एशिया में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों की निंदा की। उन्होंने नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के महत्व को दोहराया कि जहाजरानी मार्ग खुले और सुरक्षित रहें। ईरान के राष्ट्रपति के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें ईद और नवरोज की शुभकामनाएं दीं और आशा जताई कि त्योहार का यह मौसम पश्चिम एशिया में शांति, स्थिरता और समृद्धि लाए। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेश्कियन से बात की और ईद एवं नवरोज की शुभकामनाएं दीं। हमने आशा व्यक्त की कि त्योहार का मौसम पश्चिम एशिया में शांति, स्थिरता और समृद्धि लाए।'' मोदी ने क्षेत्र में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों की निंदा की, जो क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा हैं और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित





करते हैं। उन्होंने कहा, ''नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के महत्व को दोहराया कि जहाजरानी मार्ग खुले और सुरक्षित रहें।'' प्रधानमंत्री ने ईरान में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए ईरान के निरंतर समर्थन की भी सराहना की। मौजूदा संघर्ष शुरू होने के बाद से प्रधानमंत्री मोदी और ईरान के राष्ट्रपति के बीच टेलीफोन पर यह दूसरी बातचीत थी। ईरान के राष्ट्रपति पेजेश्कियन ने 12 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी को ईरान की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी दी और क्षेत्र में हाल के घटनाक्रम पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री ने क्षेत्र में उभर रही सुरक्षा स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की और भारत के इस रुख को दोहराया कि सभी मुद्दों का समाधान संवाद और कूटनीति के माध्यम से किया जाना चाहिए। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमला किया, जिसके जवाब में ईरान ने अपने पड़ोसी देशों और इजराइल को निशाना बनाया।

## सरकार ने घरेलू उत्पादन बढ़ने के बीच वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन 50 % तक बढ़ाया

**नयी दिल्ली :** सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए वाणिज्यिक एलपीजी का अतिरिक्त 20 प्रतिशत आवंटन मंजूर किया है, जिससे कुल आवंटन 50 प्रतिशत हो गया है। घरेलू उत्पादन में बढ़ोतरी के कारण स्थिति धीरे-धीरे सामान्य होने लगी है। पश्चिम एशिया में तीन सप्ताह से जारी युद्ध के कारण भारत को ऊर्जा आपूर्ति में बाधा आई। इसके कारण पहले होटल जैसे वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को एलपीजी की आपूर्ति घटा दी गई थी ताकि घरेलू रसोई के लिए गैस उपलब्ध रहे। बाद में उनके आपूर्ति का पांचवां हिस्सा बहाल किया गया और सरकार ने अतिरिक्त 10 प्रतिशत आवंटन की पेशकश की थी, यह शर्त रखते हुए कि राज्य पाइप्ड गैस परियोजनाओं को तेजी से पूरा करें। शनिवार को सरकार ने रेस्तरां, होटल, औद्योगिक कैंटीन, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां, सामुदायिक रसोई और सब्सिडी वाले खाद्य केंद्रों के लिए एलपीजी का 20 प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन करने की घोषणा की। साथ ही सरकार ने कहा कि प्रवासी श्रमिकों को लक्षित वितरण के माध्यम से सहायता भी प्रदान की जाएगी। तेल सचिव द्वारा राज्यों को लिखे गए पत्र के अनुसार, यह अतिरिक्त एलपीजी आवंटन उन वाणिज्यिक संस्थानों को मिलेगा जिन्होंने तेल कंपनियों के साथ पंजीकरण कराया हो और पाइप के जरिये आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) कनेक्शन के लिए आवेदन किया हो।



इंदौर: गणगौर पर्व के अवसर पर महिलाएं देवी गौरी और भगवान ईसर की प्रतिमाओं के चारों ओर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ परिक्रमा करती हुईं।

## बैंक धोखाधड़ी मामला : सीबीआई ने रिलायंस एडीए समूह के पूर्व प्रबंध निदेशकों से पूछताछ की

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को रिलायंस एडीए समूह के दो पूर्व समूह प्रबंध निदेशकों से रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड और अनिल अंबानी से जुड़े 2,929.05 करोड़ रुपये के कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक अन्य मामले में सीबीआई ने रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और बैंक ऑफ महाराष्ट्र से जुड़े करीब 57 करोड़ रुपये के कथित धोखाधड़ी के मामले में ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के सलाहकार संजय डांगी से पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड की संपत्तियों का अधिग्रहण किया है, जिनकी जांच की जा रही है। अधिकारियों ने आरोप लगाया कि रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड से जुड़े मामलों में वित्तीय संस्थानों और बैंकों को 9,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। एजेंसी ने हाल ही में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की शिकायत पर दर्ज रिलायंस कम्युनिकेशंस मामले में 'आरोपी' अनिल डी अंबानी से दो दिनों तक पूछताछ की थी। सीबीआई द्वारा एसबीआई की शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक रिलायंस कम्युनिकेशंस पर विभिन्न ऋणदाताओं का 40,000 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया था, जिसमें अकेले एसबीआई का 2018 के आंकड़ों के अनुसार 2,929 करोड़ रुपये का बकाया था।

# हवाई हमले में ईरान के नतांज परमाणु संयंत्र को निशाना बनाया गया, अमेरिका ने भेजे और सैनिक



**दुबई :** ईरान के नतांज परमाणु संयंत्र को शनिवार को एक हवाई हमले में निशाना बनाया गया। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'मिजान' ने यह जानकारी दी। इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज़ ने कहा कि आने वाले सप्ताह में ईरान के खिलाफ हमलों में ''काफी वृद्धि'' होगी। पश्चिम एशिया में युद्ध के चौथे सप्ताह में प्रवेश करने के बीच काट्ज ने एक वीडियो बयान में कहा, ''अगले सप्ताह, इजराइल और अमेरिकी सेना द्वारा ईरानी आतंकवादी शासन तथा उसके आधारभूत ढांचों के विरुद्ध किए जाने वाले हमलों की तीव्रता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।'' स्थानीय निवासियों ने बताया कि रातभर और सुबह तक ईरान की राजधानी तेहरान में भारी हवाई हमले हुए। वहीं, इराक में बगदाद स्थित खुफिया सेवा मुख्यालय पर एक ड्रोन ने हमला किया, जिसमें एक अधिकारी की मौत हो गई। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनकी सरकार पश्चिम एशिया में सैन्य अभियानों को ''धीरे-धीरे कम'' करने पर विचार कर रही है। हालांकि, अमेरिका ने उस क्षेत्र में और युद्धपोत तथा मरीन सैनिक तैनात करने की घोषणा भी की है। ईरान ने भी दुनिया भर के पर्यटन स्थलों पर हमले की धमकी दी है। अमेरिका के ये मिले-जुले संकेत ऐसे समय में आए हैं, जब तेल की कीमतों में फिर उछाल से अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट आई। ट्रंप प्रशासन ने ईरानी तेल से लदे जहाजों पर लगे प्रतिबंध हटाने की घोषणा की, जिसका उद्देश्य बढ़ती ईंधन कीमतों को नियंत्रित करना है। ईरान ने हिंद महासागर में स्थित अमेरिकी-ब्रिटेन संयुक्त हवाई अड्डे पर हमला किया। इस बीच, ब्रिटेन ने हिंद महासागर में डिएगो गार्सिया द्वीप स्थित ब्रिटिश-अमेरिकी हवाई सैन्य प्रतिष्ठान पर ईरान की सेना द्वारा मिसाइलें दागे जाने की निंदा की है। ब्रिटिश अधिकारियों ने नाकाम हमले के प्रयास का विवरण नहीं दिया है। यह स्पष्ट नहीं है कि मिसाइलें सैन्य अड्डे के कितने करीब पहुंचीं, जो ईरान से लगभग 4,000 किलोमीटर दूर है।

**सऊदी अरब : भारतीय दूतावास ने विभिन्न शहरों में लोगों को राजनयिक पहुंच प्रदान की**

रियाद : सऊदी अरब में भारतीय दूतावास ने शनिवार को देश के विभिन्न शहरों में लोगों को राजनयिक पहुंच और सत्यापन सेवाएं प्रदान कीं। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर दी गई जानकारी के अनुसार यह सेवाएं दम्माम, जुबैल और हाइल में दी गईं। दूतावास ने बताया कि इन केंद्रों पर पहुंचने वाले भारतीय प्रवासियों की राजनयिक पहुंच संबंधी समस्याओं का संतोषजनक तरीके से समाधान किया गया। इससे पहले, शुक्रवार को रियाद स्थित भारतीय दूतावास ने 18 मार्च की हालिया घटनाओं के दौरान एक भारतीय नागरिक की हुई दुखद मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया था।

### अगले सप्ताह ईरान के खिलाफ हमलों में काफी वृद्धि होगी: इजराइली रक्षा मंत्री

**दुबई :** इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज़ ने कहा कि आने वाले सप्ताह में ईरान के खिलाफ हमलों में ''काफी वृद्धि'' होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पश्चिम एशिया में सैन्य अभियानों को ''समाप्त करने'' पर विचार करने की घोषणा किए जाने के कुछ घंटों बाद काट्ज ने शनिवार को यह टिप्पणी की। काट्ज ने एक वीडियो बयान में कहा, ''इस सप्ताह, आईडीएफ और अमेरिकी सेना द्वारा ईरानी आतंकवादी शासन तथा उसके आधारभूत ढांचों के विरुद्ध किए जाने वाले हमलों की तीव्रता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।''

### दुनिया के 22 देशों ने ईरान से हमले रोकने एवं होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर खोलने की अपील की

**दुबई :** दुनिया के 22 देशों ने शनिवार को ईरान से हमले रोकने और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की अपील की। संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया समेत इन देशों ने पश्चिम एशिया में वाणिज्यिक जहाजों तथा तेल और गैस सुविधाओं पर ईरान के हमलों की निंदा की है। उन्होंने शनिवार को जारी एक संयुक्त बयान में कहा, '' ईरान की इन कार्रवाइयों का असर दुनिया के हर हिस्से के लोगों खासकर सबसे कमजोर तबके पर पड़ेगा।''

**रूस ने ईरान के परमाणु संयंत्र पर हमलों की निंदा की**


**मॉस्को :** रूस ने शनिवार को ईरान के नतांज परमाणु संयंत्र पर हमलों को ''अंतरराष्ट्रीय कानून का घोर उल्लंघन'' बताया। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने एक बयान में कहा कि इस तरह की ''गैर जिम्मेदाराना कार्रवाइयों'' से ''पूरे पश्चिम एशिया में विनाशकारी आपदा का वास्तविक खतरा'' पैदा होता है। उन्होंने कहा कि ये हमले ''स्पष्ट रूप से क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा को और कमजोर करने के उद्देश्य से किए गए हैं।''



## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 22 मार्च, रविवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, चैत्र शुक्लपक्ष चतुर्थी, 21:17 तक, नक्षत्र : भरणी, 22:42 तक, योग : वैधृति, 15:33 तक, सूर्योदय: 05:40, सूर्यास्त: 17:48, चन्द्रोदय : 07:35, चन्द्रास्त: 21:19, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 16:14 से 17:44

## साप्ताहिक : राशिफल
## 22-03-26 से 28-03-26



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** मेष राशि के जातकों के लिए सप्ताह ठीक-ठाक रहेगा। आपकी सेहत की बात करें तो स्वास्थ्य के प्रति आप सावधान रहें। क्रोध करने से बचें। इसके चलते रिश्तो में दरार आ सकती है। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। खर्चों में बढ़ोतरी हो सकती है और इनकम में कमी देखने को मिल सकती है, जिसके कारण मन परेशान रहेगा। व्यापारियों के लिए समय कुछ कमजोर है। कुछ समय बाद व्यापार में निवेश करें। नौकरीपेशा जातकों के लिए समय अच्छा रहेगा। अधिकारी आपकी तारीफ करेंगे।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** वृषभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह ठीक रहेगा। सेहत के प्रति थोड़ा सावधान रहें। आर्थिक स्थिति बढ़िया रहेगी। आमदनी बढ़ने में कोई कमी नहीं रहेगी। व्यापारी मल्टीनेशनल ब्रांड से जुड़कर कार्य करेंगे तो लाभ होगा। नौकरी वाले जातकों का ट्रांसफर हो सकता है। प्रेमी जातक अपने प्रेमी से दिल की बात कह सकते हैं और आपका साथी इसे स्वीकार करेगा। वैवाहिक संबंधों में तनाव देखने को मिल सकता है। विद्यार्थियों को शिक्षा में अच्छे नतीजे प्राप्त होंगे।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। आपको पेट से संबंधित कोई समस्या परेशान कर सकती है। संतुलित भोजन का सेवन करें तथा खानपान में नियंत्रण बरतें। आर्थिक स्थिति में किसी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। बुद्धिमानी से कुछ पैसा ऐसी जगह लगा सकते हैं, जो भविष्य में काम आएगा। व्यापारियों को एक्सपर्ट की सलाह मिल सकती है, जिससे व्यापार अच्छा चलेगा। नौकरीपेशा जातकों के लिए समय अच्छा रहेगा, परंतु बड़े अधिकारियों से किसी भी प्रकार के विवाद से बचें।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** कर्क राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अच्छा है। स्वास्थ्य का ख्याल रखें। अपने को फिट रखने के लिए जिम ज्वाइन करें या मॉर्निंग वॉक करें। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। निवेश करने की कोशिश कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने में परिवार का सहयोग मिलेगा। व्यापारी अपने बिजनेस को लेकर सावधान रहेंगे। नौकरी वाले जातकों को कार्य क्षेत्र में समस्या का सामना करना पड़ सकता है। प्रेम संबंधों में प्रेमी के साथ आपकी निकटता बढ़ सकती है। गृहस्थ जीवन में क्लेश हो सकता है।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** सिंह राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मध्यम रहेगा। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सर्दी, खांसी, जुकाम-बुखार परेशान कर सकता है। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। अच्छे कार्यों पर धन खर्च कर सकते हैं। धार्मिक कार्यों पर धन खर्च करने के बाद भी आप बचत कर पाएंगे। ओवर-सीज बिजनेस करने वालों को फायदा होगा। सामान्य व्यापार वालों को घाटा हो सकता है। नौकरी करने वाले जातकों के लिए समय बढ़िया रहेगा। प्रेम संबंधों में मिठास बनी रहेगी और एकदूसरे के प्रति आकर्षण का भाव रहेगा।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** कन्या राशि के जातकों को इस सप्ताह थोड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। सेहत के प्रति सावधान रहने की आवश्यकता है। लापरवाही के चलते तबीयत खराब हो सकती है। आर्थिक स्थिति इस सप्ताह बढ़िया रहेगी। एक से अधिक सोर्स से इनकम हो सकती है। व्यापारियों को अधिक मुनाफा हो सकता है। नौकरीपेशा जातकों को माहौल अच्छा लगेगा और कार्य करने में मन लगेगा। प्रेम संबंधों में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। प्रेमी साथी संग बाहर घूमने जा सकते हैं, परंतु किसी बात को लेकर विवाद भी हो सकता है।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** तुला राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मध्यम रहेगा। इस सप्ताह स्वास्थ्य का ख्याल रखें। आपको पेट से संबंधित समस्याएं परेशान कर सकती हैं। सप्ताह के शुरुआत में इनकम अच्छी होगी, बाद में थोड़ी गिरावट हो सकती है। नौकरीपेशा जातकों की ऑफिस में वैल्यू बढ़ सकती है। प्रेम संबंधों के लिए समय अच्छा रहेगा। अपने प्रिय पात्र को किसी लॉन्ग ड्राइव पर लेकर जा सकते हैं और उनके साथ अधिक समय बिताएंगे। वैवाहिक संबंधों में शक के चलते परेशानियां आ सकती हैं। व्यापारियों को व्यापार में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह ठीक-ठाक रहेगा। सेहत को लेकर सावधान रहना होगा। अधिक तेल मसाले वाले भोजन से दूर रहें। आर्थिक स्थिति के लिए सप्ताह अच्छा रहेगा। आपकी आमदनी में बढ़ोतरी हो सकती है। व्यवसाय को लेकर थोड़ा सावधान रहना होगा। किसी प्रकार का इन्-वेस्टमेंट करने से पहले सोच विचार अवश्य करें। नौकरी वाले जातकों को उन्नति के अवसर मिल सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर सप्ताह अच्छा रहेगा। आप अपने प्रेमी साथी के साथ अकेले में समय बता सकते हैं।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह थोड़ा परेशानी वाला रहेगा। पीने के पानी को लेकर सावधान रहें। आर्थिक स्थिति को लेकर थोड़ी परेशानी रहेगी। आमदनी में भी कमी हो सकती है। व्यापारी अपनी नई सोच के साथ व्यापार में आगे बढ़ेंगे। नौकरी वाले जातकों का तबादला हो सकता है। प्रेम संबंधों में भी तनाव और परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। जिसके कारण आपसी झगड़े बढ़ सकते हैं। वैवाहिक संबंध अच्छे रहेंगे। जीवन साथी के साथ प्रसन्न रहेंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मध्यम रहेगा। आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी, परंतु घर के बड़े-बुजुर्गों का ख्याल रखें। आर्थिक स्थिति को लेकर सावधान रहना होगा। किसी प्रकार का वाहन खरीदने से बचें तथा प्रॉपर्टी खरीदने पर भी सोच-विचार अवश्य करें। व्यवसाय के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। आपका बिजनेस ग्रोथ कर सकता है। नये क्षेत्र में आपका व्यापार आगे बढ़ सकता है। नौकरीपेशा वाले जातक सावधानी से कार्य करें। किसी भी विवाद से बचें।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** कुंभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह ठीक-ठाक रहेगा। आपकी सेहत की बात करें तो सेहत के प्रति आप संतुष्ट रहेंगे। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति भी ठीक रहेगी। खर्च बढ़ सकते हैं, परंतु इनकम में भी बढ़ोतरी हो सकती है। व्यापारियों को गवर्नमेंट सेक्टर में किसी योजना से बड़ा लाभ मिल सकता है। नौकरीपेशा वाले जातक अपने सहकर्मियों से सावधान रहें। प्रेम संबंधों को लेकर आपको परिवार का पूरा सपोर्ट मिलेगा। आप अपने साथियों से अपने प्रिय पात्र को मिलवा सकते हैं।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सही रहेगा। आपको सेहत का ध्यान करना होगा। आप दांत या पेट की समस्या से परेशान हो सकते हैं। आर्थिक स्थिति को लेकर सप्ताह बढ़िया रहेगा। आपका बैंक बैलेंस बढ़ सकता है। व्यापारियों को बिजनेस में मेहनत का फल मिलेगै। नौकरीपेशा वाले जातक घमंड को दूर रखकर ही कार्य करें। प्रेम संबंधों को लेकर समय अच्छा रहेगा। आपके और आपके प्रिय पात्र के बीच रोमांस रहेगा।

# सृष्टि की आदिशक्ति और ऊर्जा का अक्षय पुंज माता कुष्मांडा



अशोक प्रवृद्ध

आदिकाल में जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था और चारों ओर केवल गहन अंधकार व्याप्त था, तब एक मंद मुस्कान के साथ ब्रह्मांड में चैतन्य का संचार हुआ। वह शक्ति स्वरूपा देवी कुष्मांडा थीं। नवरात्रि के चौथे दिन पूजित माता कुष्मांडा केवल एक देवी नहीं, बल्कि उस आदिशक्ति का वह तेज पुंज हैं, जिन्होंने अपनी ऊर्जा से सूर्यमंडल के भीतर निवास कर पूरी सृष्टि को आलोकित किया। उनकी साधना हमें अंधकार से प्रकाश और रोगों से आरोग्य की ओर ले जाने वाला एक आध्यात्मिक मार्ग है। कुष्मांड शब्द तीन शब्दों का युग्म है- कु, ष्म और अंड, जिनका अर्थ है क्रमशः छोटा, उर्जा या उष्मा और ब्रह्मांडीय गोला। अर्थात वह देवी जिन्होंने अपने अल्प हिस्से अर्थात ऊर्जा से इस विशाल ब्रह्मांड को उत्पन्न किया। उनका नाम ही उनके ब्रह्मांडीय निर्माता होने का प्रमाण है। माता का स्वरूप अलौकिक है। वे स्वर्ण के समान चमकने वाली आभा से युक्त हैं और आठ भुजाओं वाली हैं, इसलिए उन्हें अष्टभुजा भी कहा जाता है। इनकी आठ भुजाओं में कमंडल, धनुष, बाण, कमल, अमृत कलश, चक्र, गदा और सिद्धियों की जपमाला सुशोभित है। माता सिंह पर सवार हैं, जो साहस और निर्भयता का प्रतीक है। माता कुष्मांडा को नारंगी और पीला रंग अत्यंत प्रिय है, जो सूर्य की ऊर्जा के प्रतीक हैं।

देवी सप्तशती, भागवत पुराण आदि पौराणिक ग्रंथों में अंकित कथा के अनुसार आदिकाल में माता कुष्मांडा ने अपनी ईषत अर्थात हल्की मुस्कान से ब्रह्मांड की रचना की थी। सृष्टि से पूर्व न सूर्य था, न चंद्रमा और न ही पृथ्वी। केवल आदिशक्ति का तेज विद्यमान था। माता ने एक छोटा सा ब्रह्मांडीय अंडा उत्पन्न किया, जिससे प्रकाश और जीवन का संचार हुआ। अर्थात शांति और शून्यता में छिपे सृष्टि के आरंभिक विन्दु को देवी कुष्मांडा की ईषत (हल्की) मुस्कान ने एक जीवंत ब्रह्मांड में बदल दिया। इसी कारण इन्हें ब्रह्मांड की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा जाता है। कुष्मांडा देवी का यह स्वरूप, उनकी महिमा और उनकी उस अपार सकारात्मकता की व्याख्या करता है, जो आज भी हर कण में जीवन बनकर धड़क रही है। माता कुष्मांडा एकमात्र ऐसी देवी हैं, जो सूर्यमंडल के भीतर निवास करती हैं। सूर्य की चमक और ऊर्जा उन्हीं के तेज का प्रतिबिंब मानी जाती है। उन्होंने ही सूर्य, चंद्रमा और तारों को प्रकाशित किया। माता कुष्मांडा के पास इतनी शक्ति है कि वे सूर्यमंडल के भीतर निवास कर सकें। उनके तेज की समानता कोई दूसरा देव या देवी नहीं कर सकता। ब्रह्मांड की समस्त वस्तुओं और प्राणियों में जो तेज विद्यमान है, वह माता कुष्मांडा की ही छाया है। कुष्मांडा की साधना भक्तों के लिए शारीरिक और मानसिक दोनों स्तरों पर कल्याणकारी मानी जाती है। इनकी पूजा से समस्त रोगों और कष्टों का नाश होता है। भक्त को यश, बल, आयु और आरोग्य की प्राप्ति होती है। माता की उपासना से मानसिक व्याधियां दूर होती हैं और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। माता कुष्मांडा का प्रार्थना मंत्र है - सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु मे।।अर्थात- अमृत से परिपूर्ण कलश और रक्त से सने हुए कलश को अपने कमल जैसे हाथों में धारण करने वाली माता कुष्मांडा मेरे लिए कल्याणकारी हों।

माता के प्रति पूर्ण समर्पण और उनकी दिव्य ऊर्जा को जागृत करने के लिए माता कुष्मांडा का एक अन्य ध्यान एवं स्तुति मंत्र -

या देवी सर्वभूतेषु माँ कूष्माण्डा रूपेण



संस्थिता।नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ।। अर्थात- जो देवी सभी प्राणियों में माता कुष्मांडा के रूप में स्थित हैं, उन्हें मेरा बार- बार नमस्कार है।इनका बीज एवं जाप मंत्र भी प्रचलित है- बीज मंत्र- ॐ ऐं ह्रीं क्लीं कूष्मांडायै नमः ।सरल मंत्र: ॐ देवी कूष्माण्डायै नमः ।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार नवदुर्गा के नौ रूपों में माता कुष्मांडा का संबंध सूर्य ग्रह से है। माता ही सूर्य का मार्गदर्शन और नियंत्रण करती हैं। जिनकी कुंडली में सूर्य कमजोर होता है, उनके लिए माता कुष्मांडा की पूजा वरदान साबित होती है। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है, तेज और प्रतिष्ठा तथा समाज में मान-सम्मान की प्राप्ति होती है। पितृदोष अथवा सूर्य जनित अन्य दोषों की शांति के लिए नवरात्रि के चौथे दिन माता की आराधना अत्यंत फलदायी है। माता की साधना से पूर्व दिशा के वास्तु दोषों का शमन होता है। मान्यता है कि सूर्य को अपनी ऊर्जा और चमक स्वयं माता कुष्मांडा से प्राप्त होती है। इसलिए जिनकी कुंडली में सूर्य नीच का अथवा अशुभ फल दे रहा हो, उनके लिए माता की पूजा अचूक उपाय है। सूर्य सफलता, सत्ता और सम्मान का कारक है। माता कुष्मांडा की कृपा से भक्त के भीतर आत्मविश्वास बढ़ता है और समाज में उसे प्रतिष्ठा प्राप्त होती है। सरकारी कार्यों में आ रही बाधाएं भी इनकी कृपा से दूर होती हैं। ज्योतिष में सूर्य को आरोग्य का देवता माना गया है। माता कुष्मांडा की साधना से नेत्र रोग, हड्डियों की समस्या और हृदय संबंधी विकारों में लाभ मिलता है। यह शरीर में जीवनी शक्ति का संचार करती हैं। यदि कुंडली में सूर्य राहु या केतु के साथ पीड़ित होकर पितृ दोष बना रहा हो, तो नवरात्रि के चौथे दिन माता कुष्मांडा की विशेष पूजा शांति प्रदान करती है। योगशास्त्रों के अनुसार नवरात्रि के चौथे दिन साधक का मन अनाहत चक्र में स्थित होता है, जो हृदय की शुद्धता और प्रेम का केंद्र है। ज्योतिषीय साधना में माता का संबंध अनाहत चक्र (हृदय चक्र) से है, जो व्यक्ति के भीतर साहस और प्रेम के संतुलन को बनाए रखता है। चूंकि माता कुष्मांडा अनाहत चक्र को नियंत्रित करती हैं, इसलिए इनका आध्यात्मिक प्रभाव हृदय और फेफड़ों की कार्यक्षमता को भी सुधारता है। नवरात्रि के चौथे दिन माता की पूजा करने से मनुष्य को आधि-व्याधियों अर्थात मानसिक और शारीरिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। आयुर्वेद के दृष्टिकोण से माता कुष्मांडा का संबंध विशेष रूप से कुष्मांड अर्थात पेठा औषधि से है। कुष्मांडा नाम ही इस फल पेठा पर आधारित है। आयुर्वेद में इस फल को अमृत तुल्य माना गया है। आयुर्वेद के अनुसार कुष्मांड एक ऐसी औषधि है, जो त्रिदोष अर्थात वात, पित्त और कफ को संतुलित करती है। मस्तिष्क के लिए वरदान कुष्मांडा को मेध्य माना जाता है। यह स्मरण शक्ति बढ़ाता है और मानसिक तनाव, अनिद्रा व चिड़चिड़ेपन को दूर करता है। इसकी प्रकृति ठंडी होती है, इसलिए यह शरीर की अतिरिक्त गर्मी और पित्त दोष को शांत करता है। माता कुष्मांडा को ऊर्जा का पुंज माना जाता है। आयुर्वेद में इसे ओज की वृद्धि से जोड़ा गया है। माता की साधना और उनके प्रिय फल का सेवन शरीर के सप्त धातुओं को पुष्ट करता है। यह कमजोरी दूर कर शरीर में नई प्राण ऊर्जा का संचार करता है। आयुर्वेद में कुष्मांड का उपयोग पेट की समस्याओं के लिए रामबाण माना गया है। यह एसिडिटी, अल्सर और कब्ज जैसी समस्याओं में अत्यंत लाभकारी है। मान्यता है कि माता की कृपा और इस औषधि के प्रयोग से रक्त साफ होता है। इससे त्वचा में चमक आती है और त्वचा संबंधी रोग दूर होते हैं। सूर्यमंडल में निवास करने के कारण माता कुष्मांडा का संबंध विटामिन डी और हड्डियों की मजबूती से भी जोड़ा जाता है। आयुर्वेद में कुष्मांड अवलेह नामक एक प्रसिद्ध रसायन अर्थात टॉनिक है। इसका सेवन श्वास रोग, खांसी और कमजोरी में किया जाता है। नवरात्रि के चौथे दिन माता को इसका भोग लगाना या इसका दान करना उत्तम स्वास्थ्य का प्रतीक माना जाता है।

माता कुष्मांडा का स्वरूप यह संदेश देता है कि सृजन के लिए मुस्कान और सकारात्मक ऊर्जा अनिवार्य है। वे उस ब्रह्मांडीय शक्ति का प्रतीक हैं, जो हमारे भीतर के अंधकार को मिटाकर हमें आत्मिक प्रकाश की ओर ले जाती हैं। उनकी साधना न केवल आध्यात्मिक ऊंचाइयों तक पहुंचाती है, बल्कि एक स्वस्थ और तेजस्वी जीवन का मार्ग भी प्रशस्त करती है। जो भक्त पूर्ण श्रद्धा से माता के चरणों में शीश झुकाता है, उसे ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों के साथ-साथ परम शांति प्राप्त होती है। भारतीय संस्कृति और नवरात्रि के पावन पर्व में ब्रह्मांड की आदिशक्ति, अपनी दिव्य शक्ति से सौरमंडल को गति और ऊर्जा प्रदान करने वाली माता कुष्मांडा की पूजा एक सौर कवच की तरह काम करती है, जो भक्त को तेजस्विता और तेज प्रदान करती है। माता कुष्मांडा की भक्ति केवल आध्यात्मिक ही नहीं, बल्कि शारीरिक रूप से निरोगी काया प्राप्त करने का एक मार्ग है।

-लेखक, आध्यात्मिक चिन्तक व साहित्यकार

## यूपी

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गोवर्धन के दानघाटी मंदिर में की पूजा-अर्चना

**मथुरा :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश के अपने तीन दिवसीय दौरे के आखिरी दिन शनिवार को मथुरा के गोवर्धन स्थित दानघाटी मंदिर में पूजा-अर्चना की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति ने गिरिराज जी महाराज की आरती में भाग लिया और गोवर्धन परिक्रमा भी की। उन्होंने मंदिर में गिरिराज जी का विधि-विधान से पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दानघाटी मंदिर के रिसीवर दीप चंद्र कौशिक ने बताया कि गिरिराज धारण की जय सहित अन्य मंत्रोच्चार के बीच राष्ट्रपति ने 11 किलो दूध, दही, शहद, घी और बूरा से महाभिषेक किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति को गिरिराज जी महाराज की चांदी की प्रतिमा, एक पटका और प्रसाद भेंट किया गया।



आध्यात्मिक मान्यता के अनुसार, द्वापर युग की ब्रजभूमि से जुड़ी तीन प्रमुख धरोहरें-गिरिराज जी, ब्रजभूमि और यमुना महारानी-आज भी विशेष धार्मिक महत्व रखती हैं। राष्ट्रपति ने गोवर्धन पहुंचकर अभिषेक और परिक्रमा कर दानघाटी मंदिर के सेवायत जी.के. पुरोहित से आशीर्वाद प्राप्त किया। दानघाटी मंदिर में प्रार्थना करने के बाद, राष्ट्रपति ने वैदिक मंत्रों और जयकारों के बीच गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा शुरू की। मंदिर सेवक पवन कौशिक ने बताया कि राष्ट्रपति मार्ग में श्रद्धालुओं को देखकर मुस्कुराती और हाथ हिलाती नजर आईं। उन्होंने पहले लगभग 200 मीटर पैदल चलकर शेष परिक्रमा 'गोल्फ कार्ट' में पूरी की। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, राज्य सरकार के मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण और संदीप सिंह उनके साथ रहे। इस मौके पर परिक्रमा मार्ग को रंगोली से सजाया गया था। गोवर्धन में मानसी गंगा के पास स्थित मुकुट मुखरबिंद मंदिर में राष्ट्रपति का औपचारिक स्वागत किया गया। अपने संक्षिप्त प्रवास के दौरान, उन्होंने फूल और नारियल अर्पित किए और मानसी गंगा की आरती की।

# संदिग्ध हालात में गोरक्षक 'फरसा वाले बाबा' की मौत, आक्रोशित भीड़ ने राजमार्ग जाम किया



**मथुरा :** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में शनिवार तड़के हरियाणा बॉर्डर के समीप 'फरसा वाले बाबा' के नाम से मशहूर गौरक्षक बाबा चंद्रशेखर की राजमार्ग पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से आक्रोशित भीड़ ने राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया और पुलिसकर्मियों पर पथराव किया। पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सोशल मीडिया पर प्रसारित घटना से संबंधित वीडियो में पुलिस को लोगों को हटाने का प्रयास करते हुए देखा जा सकता है जबकि प्रदर्शनकारी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की गाड़ियों पर पथराव करते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने इसके बाद दंगाइयों को काबू में करने के लिए पहले हल्का बल प्रयोग किया और फिर आंसू गैस के गोले भी दागे। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बाबा कोटवन बॉर्डर क्षेत्र में नबीपुर के समीप गोवंश से लदे एक ट्रक को रोकने का प्रयास कर रहे थे कि तभी गौ-तस्करों ने उन्हें कुचल दिया।वरिष्ठ एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि भीड़ में शामिल कुछ असामाजिक लोगों ने माहौल को बिगाड़ने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग किया और आंसू गैस के गोले दागे। उन्होंने बताया कि बाबा के समर्थक उनका दाह संस्कार करने के लिए ही शव को आजनौख गांव स्थित उनकी गौशाला लाए थे और अब अगर वे पोस्टमॉर्टम कराना चाहेंगे तो अवश्य कराया जाएगा। कुमार ने फोन पर हुई बातचीत में स्पष्ट किया कि इस मामले में चार-पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और मामले की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है और राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही जारी हालांकि इलाके में एहतियातन भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने एक बयान जारी कर भ्रम दूर करने का प्रयास किया कि फरसा वाले बाबा शनिवार तड़के चार बजे हरियाणा सीमा थाना क्षेत्र कोसीकलां पर वाहन में गोवंश होने की सूचना पर अपने शिष्यों के साथ नगालैण्ड नंबर के एक कंटेनर को रोककर जांच कर रहे थे। बयान के मुताबिक, उक्त कंटेनर में साबुन, फिनाइल, शैम्पू आदि सामान भरा हुआ था और इसी दौरान घने कोहरे के कारण पीछे से राजस्थान नंबर के एक ट्रक ने कंटेनर को टक्कर मार दी, जिससे बाबा की मौके पर ही मौत हो गई।

# वन जीवन का आधार, प्रकृति के संतुलन का एक महत्वपूर्ण आयाम प्रस्तुत करता है : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वन और पर्यावरण संतुलन पर विशेष जोर देते हुए शनिवार को कहा कि वन, जीवन का आधार हैं और प्रकृति के संतुलन का एक महत्वपूर्ण आयाम प्रस्तुत करते हैं। अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर यहां इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 'अरण्य समागम' के तहत 'वन एवं अर्थव्यवस्थाएं' विषयक राष्ट्रीय वानिकी संवाद का उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि 'ग्लोबल वार्मिंग' और 'ग्लोबल कूलिंग' जैसी समस्याएं मानवता के लिए नयी चेतावनी हैं। योगी आदित्यनाथ ने एक कहावत का उल्लेख करते हुए कहा, भारत की ऋषि परंपरा में सदैव कहा गया है कि दस कुओं के समान एक बावड़ी, 10 बावड़ियों के समान एक तालाब, 10



तालाबों के समान एक पुत्र और 10 पुत्रों के समान एक वृक्ष होता है। मुख्यमंत्री ने वृक्षों के महत्व पर जोर देते हुए कहा, प्रकृति में वृक्ष की महत्ता सर्वोपरि मानी गई है। यदि वन हैं तो जल है, जल है तो वायु है और यदि वायु है तो जीवन है। जीवन की कल्पना इनके बिना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 'वन और अर्थव्यवस्था' को मुख्य विषय के रूप में रखा गया है, जो यह संकेत देता है कि वनों के माध्यम से आर्थिक विकास और मानव कल्याण की दिशा में बेहतर ढंग से कैसे आगे बढ़ा जा सकता है। योगी ने कहा कि भारत की वैदिक परंपरा से लेकर आज तक प्रकृति के साथ संतुलन का संदेश दिया गया है, लेकिन आधुनिक दौर में प्रकृति के साथ हो रहे खिलवाड़ के दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषियों ने कहा था, धरती हमारी माता है और हम सब उसके पुत्र हैं। प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह धरती के सम्मान, सुरक्षा और संरक्षण के लिए सजग रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आवश्यकता है कि हर नागरिक आत्ममंथन करे कि कहां चूक हुई, जिसके कारण मौसम चक्र में व्यापक परिवर्तन देखने को मिल रहा है।

## वर्ग पहेली नं. 3386

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | |
| | ■ | | ■ | 6 | 7 | | ■ | | ■ |
| 8 | | | 9 | ■ | 10 | | 11 | | ■ |
| | ■ | ■ | 12 | | ■ | 13 | | ■ | 14 |
| 15 | 16 | | | ■ | 17 | ■ | 18 | | |
| ■ | | ■ | ■ | 19 | | 20 | | ■ | |
| ■ | 21 | 22 | | | ■ | | ■ | ■ | |
| 23 | ■ | | ■ | 24 | 25 | | 26 | 27 | ■ |
| 28 | | | | ■ | | ■ | 29 | | |

*बायें से दायें:-* 2) अकस्मात, 4) भारत का एक राज्य, 6) दूरी; अंतर, 8) आना; बैठना, 10) भटकना, 12) ठोढ़ी के बाल, 13) बुरी आदत, 15) धनाढ्य, 18) सालाना, 19) विशेषतः, 21) नदी आदि के प्रवाह की मृदु ध्वनि, 24) रईस का बेटा, 28) आज्ञापालक, 29) तृतीय.

*ऊपर से नीचे:-* 1) बेगुनाह; निर्दोष, 2) राम का जनक, 3) पगड़ी, 4) ज़हर, 5) दोस्ती, 7) सौ में सौ; कुल, 9) अनाड़ी, 11) कूड़ाकरकट, 14) मोहक, 16) एक मसाले-दार क्षार, 17) अखंडनीय; कड़ा, 19) राष्ट्रीयकृत, 20) एक पेड़, 22) छोरा, 23) आशीर्वाद, 25) क़त्ल; वध, 26) व्यक्तिगत, 27) सेवक.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खु | द | ■ | न्या | ■ | ब | ना | ना | ■ | आ |
| शा | ■ | जा | य | दा | द | ■ | मा | न | ना |
| म | का | न | ■ | स्ता | न | ■ | लू | ■ | जा |
| दी | न | ■ | आ | न | ■ | स | म | झ | ना |
| ■ | पु | ला | व | ■ | क़ | ज़ा | ■ | ट | ■ |
| ओ | र | ■ | भा | र | ना | ■ | ना | प | ना |
| छा | ■ | ■ | ग | ■ | त | रा | व | ट | ■ |
| प | ■ | प | त | ला | ■ | ह | ■ | ■ | पो |
| न | ट | ना | ■ | र | ज | त | ज | यं | ती |

## सुडोकू-पहेली-3344

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | | | |
| | | 1 | | | | | 7 | 9 |
| | | | | | 3 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 5 | | | 7 | | | | 6 |
| | | 8 | | | | 7 | | |
| | | | | 4 | | 5 | 2 | |
| | | | 9 | 3 | | | | |
| | 7 | | | | 8 | | 1 | |
| 4 | | 5 | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3343 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 5 | 2 | 7 | 8 | 9 | 1 | 3 |
| 9 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 5 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 8 | 7 | 4 |
| 5 | 1 | 8 | 9 | 2 | 4 | 6 | 3 | 7 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 8 | 2 |
| 2 | 3 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 9 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 8 | 5 | 9 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 5 | 6 | 8 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 |

# कल से चुनावी मैदान में उतरेंगी ममता, उत्तर बंगाल से करेंगी शुरुआत

## आज भवानीपुर में कार्यकर्ताओं के साथ अहम बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा**



विधानसभा के लिए अगले महीने होने वाले चुनाव के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उत्तरी बंगाल से तूफानी चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि ममता बनर्जी 24 मार्च को अलीपुरद्वार परेड ग्राउंड में चुनावी जनसभा को संबोधित करने के साथ उत्तर बंगाल में औपचारिक रूप से चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगी। उत्तर बंगाल लंबे समय से भाजपा का गढ़ माना जाता रहा है। मुख्यमंत्री उसी दिन दार्जिलिंग जिले के माटीगारा और जलपाईगुड़ी के मैनागुड़ी में भी सभाओं को संबोधित करेंगी। मुख्यमंत्री के रविवार की शाम को अपने निर्वाचन क्षेत्र भवानीपुर में एक कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने के बाद उत्तर बंगाल के लिए रवाना होने की उम्मीद है, जहां वह आगामी चुनावों के लिए पार्टी की बूथ स्तरीय रणनीति की रूपरेखा प्रस्तुत कर सकती हैं।

दूसरी तरफ, प्रचार शुरू करने से पहले ममता बनर्जी रविवार को भवानीपुर में कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगी, जिसमें चुनावी रणनीति और बूथ स्तर की तैयारियों पर मंथन होगा। पार्टी सूत्रों के अनुसार, बैठक में ममता के अलावा प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी, दक्षिण कोलकाता जिला तृणमूल अध्यक्ष देबाशीष कुमार, कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम और भवानीपुर क्षेत्र के सातों पार्षद भी उपस्थित रहेंगे। सभी बूथों के कार्यकर्ताओं को भी इस बैठक में उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। दक्षिण कोलकाता जिला तृणमूल सूत्रों के अनुसार, रविवार की बैठक से तृणमूल नेताओं को स्पष्ट दिशा-निर्देश मिल जाएंगे कि पार्टी एक महीने तक चुनाव प्रचार कैसे करेगी।

# 23 मार्च को जारी होगी पहली अनुपूरक मतदाता सूची, नाम न होने पर नए ट्रिब्यूनल में कर सकेंगे आवेदन

**कोलकाता :** राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची को लेकर बड़ी प्रक्रिया शुरू हो गई है। निर्वाचन आयोग आगामी 23 मार्च को एसआईआर के तहत लंबित मतदाताओं के निपटारे के बाद पहली अनुपूरक (सप्लीमेंटरी) मतदाता सूची जारी करेगा। इसके ठीक एक महीने बाद 23 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होना है।

आयोग सूत्रों के अनुसार, लगभग 60 लाख लंबित मतदाताओं में से अब तक 27 लाख 23 हजार नामों का निपटारा किया जा चुका है। इन्हीं नामों को पहली अनुपूरक सूची में शामिल किया जाएगा। साथ ही संकेत दिया गया है कि हर सप्ताह शुक्रवार को इस तरह की अतिरिक्त सूची जारी की जा सकती है।

इस बीच आयोग ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नया ट्रिब्यूनल गठित किया है। यदि किसी व्यक्ति का नाम अनुपूरक सूची में शामिल नहीं होता या काट दिया जाता है, तो वह इस ट्रिब्यूनल में अपील कर सकेगा। इसके लिए 23 जिलों में 19 पूर्व न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई है, जिनमें टी एस शिवज्ञानम सहित कई पूर्व न्यायाधीश शामिल हैं।

आवेदन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से किया जा सकेगा। ऑनलाइन आवेदन आयोग की वेबसाइट या मोबाइल ऐप के जरिए, जबकि ऑफलाइन आवेदन जिलाधिकारी, अतिरिक्त जिलाधिकारी या उप-मंडल अधिकारी के पास जमा किया जा सकेगा।

### अशांति रोकने के लिए प्रशासन अलर्ट

वहीं, संभावित भीड़ और कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। नवान्न के गृह एवं पर्वतीय मामलों के विभाग की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि 23 मार्च को सूची जारी होने के दौरान विभिन्न स्थानों पर भीड़ जुट सकती है। संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखने, भीड़ नियंत्रण के पर्याप्त इंतजाम करने और पुलिस-प्रशासन के बीच समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

## नंदीग्राम पर तृणमूल की नजर, प्रचार के दूसरे दिन ही शुभेंदु के गढ़ में पहुंचेंगे अभिषेक

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही राजनीतिक दलों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में अभिषेक बनर्जी ने अपने चुनावी दौरे की शुरुआत की रूपरेखा तय कर ली है, जिसमें विपक्ष के गढ़ नंदीग्राम को खास महत्व दिया गया है।



तृणमूल कांग्रेस द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, अभिषेक 24 मार्च से अपने प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे। पहले दिन दक्षिण 24 परगना के पाथरप्रतिमा में उनकी जनसभा होगी। इसके बाद दूसरे ही दिन वह सीधे नंदीग्राम पहुंचेंगे, जो कि विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी का विधानसभा क्षेत्र है।

सूत्रों के अनुसार, 25 मार्च को अभिषेक पश्चिम मेदिनीपुर के दासपुर में जनसभा करेंगे। इसके बाद केशियाड़ी और नारायणगढ़ क्षेत्रों में भी सभाएं निर्धारित हैं। इन कार्यक्रमों के बाद वह नंदीग्राम के लिए रवाना होंगे।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि प्रचार के शुरुआती दौर में ही नंदीग्राम को प्राथमिकता देना तृणमूल की रणनीतिक चाल है, जिससे सीधे तौर पर विपक्ष को चुनौती दी जा सके।

गौरतलब है कि नंदीग्राम सीट राज्य की राजनीति में बेहद अहम मानी जाती है और यहां की चुनावी लड़ाई हमेशा सुर्खियों में रहती है।

# चुनाव को लेकर कोलकाता के सभी थानों में 'इलेक्शन रजिस्टर' शुरू करने का निर्देश

### आयोग के दिशा-निर्देशों व नियमों का पालन जमीनी स्तर तक सुनिश्चित करने के लिए पुलिस आयुक्त ने उठाया कदम

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा लगभग हर दिन नए दिशा-निर्देश और नियम जारी किए जा रहे हैं। इन नियमों का पालन जमीनी स्तर तक सुनिश्चित करने के लिए कोलकाता के पुलिस आयुक्त अजय कुमार नंद ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। महानगर के सभी थानों में अब एक विशेष 'इलेक्शन रजिस्टर' (निर्वाचन पंजी) बनाए रखने का निर्देश जारी किया गया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि चुनाव आयोग के हर छोटे-बड़े नियम की जानकारी थानों के निचले स्तर के कर्मियों तक स्पष्ट रूप से पहुंचे। लालबाजार (कोलकाता पुलिस मुख्यालय) के सूत्रों के अनुसार, अक्सर यह देखा गया है कि चुनाव के दौरान कई पुलिस कर्मियों को आयोग के नवीनतम नियमों की सटीक जानकारी नहीं होती, जिससे कानून-व्यवस्था संभालने के दौरान विभाग को असहज स्थितियों का सामना करना पड़ता है।

पुलिस आयुक्त द्वारा जारी एक पन्ने के इस निर्देश पत्र में स्पष्ट किया गया है कि थानों के प्रभारी अधिकारियों को न केवल इन नियमों को रजिस्टर में दर्ज करना होगा, बल्कि अपने अधीनस्थ कर्मियों के लिए नियमित प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित करने होंगे। लालबाजार की ओर से सभी थानों को पुलिस अधिकारियों के लिए विशेष 'हैंडबुक' भी प्रदान की गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मंडल उप-आयुक्तों को इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी करने और रिपोर्ट सौंपने का जिम्मा दिया गया है। साथ ही, वरिष्ठ अधिकारियों को खुद थानों का दौरा कर तैयारियों का जायजा लेने को कहा गया है। इसके अतिरिक्त, निर्देशिका में केंद्रीय बलों के साथ बेहतर समन्वय पर विशेष जोर दिया गया है।

# मार्च में ही मिलेगी बकाया डीए की पहली किस्त

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर डीए भुगतान प्रक्रिया शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के सरकारी कर्मचारियों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित खुशखबरी आखिरकार हकीकत में बदलने जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए राज्य सरकार ने बकाया महंगाई भत्ता (डीए) के भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हालिया घोषणा के बाद वित्त विभाग हरकत में आ गया है और नवान्न (राज्य सचिवालय) में अब कर्मचारियों के बकाये का सटीक हिसाब लगाने की गहमागहमी तेज है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, सरकार ने पहले चरण में जनवरी 2016 से दिसंबर 2019 तक के बकाये को निपटाने का निर्णय लिया है। योजना के मुताबिक, इन चार वर्षों के कुल बकाया डीए का आधा हिस्सा इसी मार्च महीने में कर्मचारियों के खातों में भेज दिया जाएगा, जबकि शेष आधा हिस्सा दुर्गा पूजा से पहले सितंबर में दिया जाएगा। इस संबंध में आवश्यक अधिसूचना भी जारी की जा चुकी है। वित्त विभाग के आंकड़ों के अनुसार, यह राशि काफी महत्वपूर्ण होने वाली है। उदाहरण के तौर पर, जिनका मूल वेतन 7,000 रुपये है, उन्हें मार्च में लगभग 74,700 रुपये मिल सकते हैं। वहीं, गणना के अनुसार 10,000 रुपये मूल वेतन वाले कर्मचारियों का कुल बकाया 4.57 लाख रुपये और 15,000 रुपये मूल वेतन वालों का कुल बकाया 6.85 लाख रुपये तक पहुंच रहा है। यह पूरी प्रक्रिया 'इंटीग्रेटेड फाइनेंस मैनेजमेंट सिस्टम' के जरिए संचालित की जा रही है ताकि पारदर्शिता बनी रहे। सरकार का लक्ष्य है कि 31 मार्च 2026 तक सभी चरणों का भुगतान पूरा कर लिया जाए।

## आईएसएफ 33 सीट पर लड़ेगी चुनाव




**कोलकाता, समाज्ञा :** इंडियन सेकुलर फ्रंट (आईएसएफ) ने घोषणा की है कि वह आगामी विधानसभा चुनाव में 33 सीट पर चुनाव लड़ेगा, जिनमें चार ऐसे निर्वाचन क्षेत्र भी शामिल हैं, जहां वाम मोर्चे के साथ सीट बंटवारे की बातचीत में अभी तक सहमति नहीं बन पाई है। आईएसएफ विधायक नौशाद सिद्दीकी ने कहा कि पार्टी ने माकपा नीत वाम मोर्चे के साथ 29 सीट पर समझौता कर लिया है, लेकिन वह नंदीग्राम, पांशकुड़ा पश्चिम, भगवानगोला और मुराराई में भी उम्मीदवार उतारेगी। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच अंतिम समझौता न होने के बावजूद इन चार सीट पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया है और वामपंथी नेतृत्व को इसकी जानकारी दे दी गई है। सिद्दीकी ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा कि हमें उम्मीद है कि वाम मोर्चा इन चार निर्वाचन क्षेत्रों में उम्मीदवार नहीं उतारेगा। इस मुद्दे को मामूली मतभेद बताते हुए उन्होंने उम्मीद जताई कि नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से पहले आम सहमति बन जाएगी। जिन 33 सीट पर आईएसएफ अपने उम्मीदवार उतारेगी, उनमें दक्षिण 24 परगना और उत्तर 24 परगना जिलों में आठ-आठ सीट शामिल हैं।




उत्तर हावड़ा में तृणमूल कांग्रेस ने शुरू किया दीवार लेखन

# चुनाव में उतरे उत्पल महाराज, भारत सेवाश्रम संघ ने संगठन से किया निष्कासित

### उत्पल महाराज ने निष्कासन से पहले ही इस्तीफा देने का किया दावा

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत सेवाश्रम संघ (बीएसएस) ने आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा के टिकट पर चुनावी मैदान में उतरने पर भिक्षु को अपने संगठन से निष्कासित कर दिया है। बीएसएस ने एक बयान जारी कर इसे 'राजनीतिक' कदम बताया और कहा कि यह संगठन के सिद्धांतों से एक गंभीर विचलन है। बीएसएस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि संघ की निर्णय लेने वाली शीर्ष समिति की बैठक के बाद जारी आंतरिक परिपत्र के अनुसार भारत सेवाश्रम संघ ने स्वामी ज्योतिर्मयानंद को निष्कासित कर दिया है। बता दें कि स्वामी ज्योतिर्मयानंद को उत्पल महाराज के नाम से भी जाना जाता है। भाजपा ने उन्हें उत्तर दिनाजपुर जिले के कालियागंज निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। इस परिपत्र में कहा गया है कि चुनाव लड़ने का विकल्प चुनकर भिक्षु ने मठवासी व्यवस्था के सदस्यों से अपेक्षित त्याग और अनुशासन के मार्ग से विचलन किया है। इसमें यह तर्क दिया गया है कि दलीय राजनीति में सक्रिय भागीदारी संघ द्वारा समर्थित आदर्शों के साथ असंगत है।



उल्लेखनीय है कि उत्पल महाराज ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया था कि उन्होंने भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए सहमत होने से पहले ही बीएसएस मुख्यालय में अपना त्यागपत्र सौंप दिया था और बीएसएस ने केवल उनके इस्तीफे की 'पुष्टि' की है। उन्होंने कहा कि मुझे बीएसएस के नियमों की स्पष्ट समझ है कि संघ से जुड़ा कोई भिक्षु सक्रिय राजनीति में भाग नहीं ले सकता और बीएसएस द्वारा पत्र जारी करने से पहले ही मैंने अपना इस्तीफा दे दिया था। बस इतना ही है कि संघ के अधिकारियों ने संघ से अलग होने के मेरे निर्णय की पुष्टि कर दी है।

**Name Change**

I, Jai Prakash Jaiswal, son of late Ram Badal Ram Jaiswal, residing at P258, CIT Road, Scheme VI M, Kankugachi, Phoolbagan, Kolkata-54, do hereby solemnly affirm and declare that actual DOB is 7th March 1957 and Ram Badal Ram Jaiswal, Rambadal Ram Shaw and Rambadal Jaiswal is one and same identical person who is my father via affidavit in the Court of Ld 1st Class Judicial Magistrate at Sealdah dated 24th February 2026.

## हटाए गए डीएम को सरकारी बंगले खाली करने का चुनाव आयोग का निर्देश

### रविवार तक बंगला खाली करने का दिया गया हैं समय

**कोलकाता, समाज्ञा**

निर्वाचन आयोग के निर्देशों के बाद राज्य में प्रशासनिक स्तर पर सख्ती बढ़ गई है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय ने उन जिला मजिस्ट्रेटों (डीएम) को, जिन्हें हाल ही में उनके पद से हटाया गया है, 22 मार्च यानी रविवार तक अपने आधिकारिक आवास (बंगला) खाली करने का निर्देश दिया है, ताकि नए अधिकारियों को कार्यभार संभालने में किसी तरह की परेशानी न हो। सीईओ कार्यालय के एक अधिकारी के अनुसार, आयोग ने हाल ही में 13 डीएम स्तर के अधिकारियों को हटाकर उनके स्थान पर नए अधिकारियों की नियुक्ति की है। इसके बावजूद, शिकायतें मिलीं कि कुछ पूर्व डीएम अभी तक अपने सरकारी बंगले खाली नहीं कर पाए हैं। खासकर, कूचबिहार, मालदह और जलपाईगुड़ी जैसे जिलों से ऐसी शिकायतें सामने आई हैं। सीईओ कार्यालय का मानना है कि डीएम को आवंटित सरकारी आवास केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि उनका एक तरह से द्वितीय कार्यस्थल भी होता है। ऐसे में यदि पूर्व अधिकारी इन बंगलों पर कब्जा बनाए रखते हैं, तो नए डीएम के लिए प्रशासनिक और चुनावी दोनों जिम्मेदारियों का निर्वहन करना कठिन हो सकता है।

# बंगाल में चल रही परिवर्तन की लहर, सनातनी हिंदुओं की होगी जीत : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में हिंदू पीड़ित हैं। यहां हिंदू समाज और साधु-संतों के ऊपर हमले होते हैं। उन्होंने सरकार और पुलिस पर दूसरे पक्ष के लोगों को संरक्षण देने के भी आरोप लगाए। शुभेंदु अधिकारी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हम हिंदू हैं और सनातन धर्म के अनुयायी हैं। जो लोग हिंदुओं के हितों के लिए काम करेंगे, वही भविष्य में बंगाल पर राज करेंगे। यहां हिंदुओं की हालत अच्छी नहीं है। उन पर अत्याचार हो रहा है। हिंदू समाज की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन वह ऐसा नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल का हिंदू पीड़ित है। मुख्यमंत्री एक हिंदू होने के नाते भी दूसरे धर्मों के लोगों को संरक्षण देने का काम कर रही हैं। वे तुष्टिकरण की राजनीति करती हैं। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि बंगाल में माता दुर्गा की मूर्ति तोड़ी जाती है। माता के मंदिर तोड़े जाते हैं। यहां हिंदू समाज और साधु-संतों के ऊपर हमले होते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और पुलिस मिलकर अत्याचार कर रही हैं। कई इलाकों में दंगे कराए गए और पुलिस चुप बैठी रही। राज्य के एक मंत्री ने भी बयान दिया था कि शुक्रवार को दूसरे समुदाय के लोग कुछ हंगामा कर सकते हैं। इसलिए मैंने माता काली, बाबा महादेव और प्रभु जगन्नाथ से प्रार्थना की कि बंगाल के हिंदू आदिवासी समाज को खुश और कुशल रखें।



❑ **ममता का प्रधानमंत्री पर अनुचित टिप्पणी करना अस्वीकार्य : शुभेंदु अधिकारी**

नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'घुसपैठिया' कहने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि किसी धार्मिक मंच से इस तरह की टिप्पणी करना उस मंच का दुरुपयोग है और इस पर कोलकाता खिलाफत समिति को संज्ञान लेना चाहिए। भवानीपुर में चुनाव प्रचार की शुरुआत करने के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल भाजपा के नहीं बल्कि देश के प्रधानमंत्री हैं, चाहे वे किसी भी धर्म के हों। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए इस तरह की भाषा का प्रयोग निंदनीय है और कोलकाता खिलाफत समिति को इस पर लिखित रूप में आपत्ति दर्ज करनी चाहिए। उन्होंने यह भी दावा किया कि राज्य में राजनीतिक बदलाव की लहर चल रही है और अब इस रुझान को पलटना संभव नहीं है।

**नई दिल्ली – हावड़ा – नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन**

नई दिल्ली और हावड़ा के बीच एक स्पेशल ट्रेन अर्थात 04052/04051 नई दिल्ली – हावड़ा – नई दिल्ली स्पेशल निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन के दिन और गठन के अनुसार एक ट्रिप के लिए चलेगी:-

| नई दिल्ली– हावड़ा | | | (04052) (04051) | हावड़ा – नई दिल्ली | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| 23.03.2026 | -- | 18.15 | ↓ नई दिल्ली | 08.20 | -- | 26.03.2026 |
| 24.03.2026 | 17.32 | 17.34 | जसीडीह जंक्शन | 07.20 | 07.22 | 25.03.2026 |
| | 23.40 | -- | हावड़ा जंक्शन ↑ | -- | 01.40 | |

**उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें** दोनों दिशाओं में मार्ग में गाजियाबाद, अलीगढ़ जंक्शन, टूण्डला जंक्शन, गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, पटना जंक्शन, बख्तियारपुर जंक्शन, किऊल जंक्शन, झाझा, मधुपुर जंक्शन, चित्तरंजन, आसनसोल जंक्शन, दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल स्टेशनों पर भी रुकेंगी। ● **आवागमन की तिथियाँ/दिन: नई दिल्ली से** –04052 दिनांक 23.03.2026 **(सोमवार)** को और **हावड़ा से**– 04051 दिनांक 25.03.2025 **(बुधवार)** को। ● **गठन:** एसी 2-टियर - 01, एसी 3-टियर - 02, शयनयान श्रेणी- 10, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 04 और एसएलआरडी - 02 = कुल 19 कोच; ● **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

# भाजपा ने राज्य में घुसपैठ, ध्रुवीकरण और भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर तृणमूल पर साधा निशाना

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा ने घुसपैठ ध्रुवीकरण और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को लेकर राज्य की ममता सरकार को आड़े हाथों लिया है। शनिवार को भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राहुल सिन्हा ने साल्टलेक स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राज्य सरकार पर विभाजनकारी राजनीति, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण और अवैध घुसपैठ जैसे गंभीर मुद्दों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। भट्टाचार्य ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसंख्या संरचना में बदलाव और अनियंत्रित घुसपैठ भविष्य में सामाजिक और सुरक्षा संबंधी गंभीर समस्याएं पैदा कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि अवैध घुसपैठ के मुद्दे पर पार्टी की नीति 'डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट' है और इस पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने एक धार्मिक मंच से प्रधानमंत्री के खिलाफ राजनीतिक बयान दिए जाने की आलोचना करते हुए इसे राजनीतिक शालीनता के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि देश की विदेश नीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मामलों में आमतौर पर सर्वदलीय सहमति बनी रहती है और इस परंपरा को तोड़ा नहीं जाना चाहिए।



इस दौरान, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राहुल सिन्हा ने एक अहम दल-बदल की घोषणा करते हुए कहा कि पूर्वस्थली क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य स्वपन भट्टाचार्य ने तृणमूल कांग्रेस छोड़कर पुनः भाजपा का दामन थाम लिया है। उन्होंने कहा कि एक वर्तमान जनप्रतिनिधि का यह निर्णय राज्य की राजनीतिक स्थिति का महत्वपूर्ण संकेत है। सिन्हा ने राज्य में हाल के भ्रष्टाचार मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि कई लोगों की गिरफ्तारी से जवाबदेही का सवाल सामने आया है। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठते रहे हैं, लेकिन अब निर्वाचन आयोग की सख्त निगरानी से स्थिति में बदलाव आ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि मतदाता सूची के शुद्धिकरण की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ पूरी होती है तो राज्य की राजनीतिक स्थिति में बड़ा बदलाव संभव है। संवाददाता सम्मेलन के अंत में नेताओं ने दावा किया कि राज्य की जनता परिवर्तन के पक्ष में है और आगामी चुनाव में इसका लोकतांत्रिक रूप से प्रतिबिंब दिखाई देगा।

www.samagya.in

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

समाज्ञा

NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION

- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT

samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in

230, C. R. Ave, 3rd Floor, Kolkata-700 006, Contact : 7044444522, 7044444527

# मुख्यमंत्री ने लोक भवन में राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को लोक भवन में राज्यपाल आर. एन. रवि से शिष्टाचार भेंट की। लोक भवन में प्रवेश करते हुए ममता ने पत्रकारों को बताया कि नवनियुक्त राज्यपाल ने 12 मार्च को पद की शपथ लेने के दौरान उन्हें चाय पर आमंत्रित किया था।

## मां बगलामुखी मंदिर पहुंचीं ममता, की विशेष पूजा-अर्चना



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कोलकाता स्थित मां बगलामुखी मंदिर में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री के मंदिर में पहुंचने पर स्थानीय लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं की भीड़ जुट गई। मंदिर परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, वहीं पुलिस बल भी तैनात रहा ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। जानकारी के अनुसार, ममता बनर्जी ने राज्य की सुख-शांति, समृद्धि और जनता के कल्याण के लिए मां बगलामुखी से विशेष प्रार्थना की। उन्होंने मंदिर में पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा की और कुछ समय ध्यान भी लगाया। मंदिर में पूजा के बाद, मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद लोगों का अभिवादन किया और संक्षिप्त बातचीत भी की।

## पोस्टर फाड़े जाने को लेकर बारानगर में भाजपा और तृणमूल समर्थकों के बीच हुई झड़प

❑ **लगभग एक घंटे तक चले हंगामे के बाद सुरक्षा बल दोनों पक्षों को तितर-बितर करने में हुए कामयाब**



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बारानगर में शनिवार को चुनाव प्रचार के पोस्टर और होर्डिंग को कथित रूप से फाड़े जाने को लेकर भाजपा एवं तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों के बीच झड़प हुई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह घटना भाजपा उम्मीदवार सजल घोष और तृणमूल प्रत्याशी सायंतिका बंद्योपाध्याय की उपस्थिति में निर्वाचन क्षेत्र में टोबिन रोड चौराहे पर हुई। केंद्रीय बलों और पुलिस कर्मियों को स्थिति को नियंत्रित करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा क्योंकि दोनों पक्षों के सैकड़ों समर्थक इकट्ठा हो गए थे और एक-दूसरे के आमने-सामने आ गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से नारेबाजी की गई, जिससे इलाके में तनाव बढ़ गया। सायंतिका बंद्योपाध्याय ने पत्रकारों से कहा कि सजल घोष बारानगर में बाहरी लोगों और असामाजिक तत्वों को लेकर आए तथा वहां की शांतिपूर्ण कानून व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश की। उन्होंने हमारे कार्यकर्ताओं को पीटा। उन्होंने कहा कि हम ऐसा होने नहीं देंगे। हम शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से इसका विरोध करेंगे। वहीं, सजल घोष ने आरोप लगाया कि सायंतिका बंद्योपाध्याय के नेतृत्व में तृणमूल समर्थकों ने भाजपा द्वारा चुनाव प्रचार के लिए लगाए गए पोस्टर और होर्डिंग फाड़ दिए तथा पार्टी समर्थकों को डराने-धमकाने की कोशिश की। लगभग एक घंटे तक चले हंगामे के बाद, सुरक्षा बल दोनों पक्षों को तितर-बितर करने में कामयाब हुए। इस हंगामे के परिणामस्वरूप व्यस्त बीटी रोड-टोबिन रोड चौराहे पर यातायात घंटों तक बाधित रहा।

## आईआईटी भुवनेश्वर और भक्तिवेदांत रिसर्च सेंटर के बीच एमओयू साईन

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भुवनेश्वर ने कोलकाता स्थित भक्तिवेदांत रिसर्च सेंटर (बीआरसी) के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इस समझौते का उद्देश्य भारतीय ज्ञान प्रणाली, दर्शन, डिजिटल ह्यूमैनिटीज और अंतःविषय (इंटरडिसिप्लिनरी) शोध के क्षेत्र में शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देना है। यह समझौता 19 मार्च को आईआईटी भुवनेश्वर के डीन (स्पॉन्सर्ड रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल कंसल्टेंसी) प्रो. दिनाकर पासला और भक्तिवेदांत रिसर्च सेंटर के डीन (अकादमिक) एवं ट्रस्टी डॉ. सुमंत रुद्र के बीच हस्ताक्षरित हुआ। इस अवसर पर आईआईटी भुवनेश्वर के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अक्षय कुमार रथ, डॉ. नरेश चंद्र साहू तथा डिप्टी रजिस्ट्रार (सीईएसीआईआर) प्रदीप कुमार साहू भी उपस्थित रहे।

## चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा उम्मीदवार शिखा चटर्जी को झेलना पड़ा विरोध



**सिलीगुड़ी :** डाबग्राम-फुलबाड़ी विधानसभा क्षेत्र में चुनावी माहौल के बीच प्रचार के दौरान भाजपा उम्मीदवार शिखा चटर्जी को स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। शनिवार को जब वह बोतल कंपनी इलाके में प्रचार करने पहुंची, तभी एक स्थानीय युवक ने उन्हें घेरकर तीखे सवाल पूछे। युवक ने आरोप लगाया कि इलाके की समस्याओं के समय और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवार कहीं नजर नहीं आई थी। एक जनप्रतिनिधि होने के बावजूद आम लोगों के साथ खड़े न होने पर उसने नाराजगी जताई। इन आरोपों पर जवाब देते हुए शिखा चटर्जी ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया चुनाव आयोग के अधीन एक प्रशासनिक मामला है। ऐसे में वहां हस्तक्षेप करना उचित नहीं होता, इसलिए वह जानबूझकर दूरी बनाए रखी। उन्होंने यह भी कहा कि एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि के तौर पर उन्हें कब और कहां उपस्थित रहना है, यह वह परिस्थिति के अनुसार तय करती हैं। भाजपा उम्मीदवार ने इस पूरे घटनाक्रम को राजनीतिक साजिश करार दिया। उनका दावा है कि सवाल उठाने वाले लोग तृणमूल के कार्यकर्ता है, जो योजनाबद्ध तरीके से प्रचार के दौरान माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वह इस तरह के आरोपों को ज्यादा महत्व नहीं देती हैं।



चुनावी माहौल में दर्जी, तृणमूल, भाजपा, माकपा, सभी दलों से मिल रहा झण्डा बनाने का आर्डर

## मुर्शिदाबाद में हिंसक झड़प, जमीन विवाद में एक ही परिवार के पांच लोग घायल

**मुर्शिदाबाद :** जिले के कांदी थाना क्षेत्र में ईद के दिन जमीन विवाद को लेकर हुए हमले में एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, घायलों की पहचान तौहीद शेख (70), उनके दो बेटे आमिरुल शेख (50) और रबिउल शेख (35) तथा उनके दो पोते आसिफ (18) और बनारुल शेख (25) के रूप में हुई है। सभी कांदी थाना क्षेत्र के हाटपाड़ा गांव के निवासी हैं। बताया गया है कि तौहीद शेख के भतीजे शाहजहां शेख का इलाके के आजिम शेख के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि भतीजे के पक्ष में बोलने पर तौहीद और उनके परिवार पर हमला किया गया। परिजनों के मुताबिक, ईद की सुबह आजिम शेख और उनकी पत्नी तौहीद के घर पहुंचे और विवाद के दौरान आजिम ने कथित रूप से आग्नेयास्त्र निकालकर तौहीद के सिर पर तान दिया, जिससे वहां धक्का-मुक्की शुरू हो गई। तौहीद को बचाने के लिए उनके बेटे और पोते मौके पर पहुंचे, जिसके बाद हमलावरों ने धारदार हथियार और बंदूक से हमला कर दिया। इस दौरान बंदूक छीन ली गई। सभी घायलों को गंभीर हालत में मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना को लेकर इलाके में तनाव का माहौल है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गृहवधू की संदिग्ध मौत, ससुराल में हंगामा

❑ **हिरासत में लिए गए ननद, सास, दादी सास, ससुर और पति**

**हुगली :** जिले के चुचुड़ा थाना अंतर्गत कपासडांगा इलाके में एक गृहवधू की संदिग्ध मौत के बाद इलाके में भारी तनाव फैल गया। आरोप है कि विवाहिता की हत्या कर उसे फंदे से लटका दिया गया, जिसके बाद गुस्साए परिजनों ने ससुराल में जमकर तोड़फोड़ की।

मृतका मौमिता चक्रवर्ती का विवाह करीब तीन साल पहले संक्राइल निवासी परिवार से हुआ था। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही दहेज को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित किया जाता था और कई बार उसके साथ मारपीट भी हुई। हालात बिगड़ने पर वह कई बार मायके चली गई, लेकिन पति दीपंकर बनर्जी उसे समझाकर वापस ले आता था, इसके बावजूद अत्याचार बंद नहीं हुआ।

परिवार के मुताबिक, घटना की रात करीब 12 बजे मौमिता ने अपने पिता से फोन पर बात की थी। अगली सुबह करीब 6 बजे सूचना मिली कि उसने फांसी लगा ली है। इसके बाद आक्रोशित परिजन संक्राइल से कपासडांगा पहुंचे और ससुराल में जमकर हंगामा व तोड़फोड़ की।

मृतका की ताई ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही उसे दहेज और अन्य मांगों को लेकर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने यह भी दावा किया कि यह पति की चौथी शादी थी।

स्थानीय लोगों ने भी बताया कि महिला पर अत्याचार किया जाता था। घटना की सूचना मिलते ही बैंडेल पुलिस चौकी और चूचुड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया।

इस मामले में पुलिस ने ननद, सास, दादी सास, ससुर और पति समेत कई लोगों को हिरासत में लिया है। स्थानीय पार्षद निर्मल चक्रवर्ती ने भी कहा कि आरोपी परिवार के खिलाफ पहले भी शिकायतें सामने आई थीं और दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

## तूफान के बीच बाजार की छत ढहने से नाइट गार्ड की मौत



**मालदह :** तेज आंधी-बारिश के चलते शनिवार को जिले का ऐतिहासिक नेताजी पुरबाजार की छत का एक हिस्सा ढहने से एक नाइट गार्ड की मौत हो गई। मृतक की पहचान मिंटू सरकार के रूप में की गई है। इस दर्दनाक हादसे में इंग्लिश बाजार नगरपालिका के सफाईकर्मी दीप सरदार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग और एक्सकेवेटर मशीन की मदद से लंबे प्रयास के बाद मलबा हटाकर शव को बाहर निकाला गया। मालदह का यह प्राचीन और व्यस्त बाजार लंबे समय से मरम्मत के अभाव में जर्जर हालत में था। स्थानीय व्यापारियों का आरोप है कि बाजार के पुनर्निर्माण के लिए कई बार अधिकारियों से गुहार लगाई गई, लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया। इसी बीच, ईद की सुबह हुए इस हादसे से व्यापारियों में शोक की लहर है। घटना को लेकर तृणमूल कांग्रेस संचालित नगरपालिका पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए गए है, जिससे व्यापारियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

## एआई के साथ आसान हुई स्प्रिंग शॉपिंग, अमेजन फैशन एंड ब्यूटी ने पेश किए नए स्मार्ट टूल्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्प्रिंग सीजन की शुरुआत के साथ अमेजन फैशन एंड ब्यूटी ने एआई आधारित टूल्स के जरिए ग्राहकों के लिए फैशन और ब्यूटी प्रोडक्ट्स की खोज और खरीदारी को और आसान बना दिया है। कंपनी के अनुसार, एआई शॉपिंग असिस्टेंट 'रूफस' और 'अमेजन लेंस' जैसे फीचर्स ग्राहकों को सिर्फ एक सवाल या फोटो के जरिए अपने पसंदीदा स्टाइल खोजने में मदद करते हैं। स्प्रिंग-समर 2026 कलेक्शन में 200 से अधिक प्रमुख फैशन और ब्यूटी ब्रांड्स के एक लाख से ज्यादा स्टाइल्स शामिल हैं। इसमें अपैरल, फुटवियर, वॉचेस, लगेज और ब्यूटी प्रोडक्ट्स उपलब्ध हैं। 'समर ऑफ लव', 'इंडी समर', 'बीच ड्रीम' और 'एक्सप्लोरर क्लब' जैसे क्यूरेटेड एडिट्स ग्राहकों को अलग-अलग अवसरों के लिए तैयार लुक्स प्रदान करते हैं। कंपनी के मुताबिक, एआई आधारित डिस्कवरी टूल्स, वर्चुअल ट्राय-ऑन और 'वियर इट विद' जैसे फीचर्स ग्राहकों को पूरा लुक तैयार करने और सही प्रोडक्ट चुनने में मदद करते हैं, जिससे ऑनलाइन शॉपिंग का अनुभव और बेहतर हो जाता है।

## एआई+ ने नोवा पॉड्स क्लिप्स और नोवा वॉच वियरबड्स किए लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** टेक कंपनी एआई+ ने भारत में अपने दो नए प्रीमियम वेयरेबल डिवाइस नोवा पॉड्स क्लिप्स और नोवा वॉच वियरबड्स लॉन्च किए हैं। कंपनी का दावा है कि ये डिवाइस अपनी कीमत के मुकाबले प्रीमियम अनुभव प्रदान करते हैं और पर्सनल टेक्नोलॉजी सेगमेंट में नई पेशकश हैं। नोवा पॉड्स क्लिप्स की कीमत 3,999 रुपये रखी गई है। यह डिवाइस टेक्नोलॉजी और फैशन का अनोखा संयोजन है। इसे ईयररिंग की तरह पहना जा सकता है, जिससे यह ऑडियो डिवाइस के साथ-साथ स्टाइल स्टेटमेंट भी बन जाता है। इसमें पारंपरिक इन-ईयर की जगह ओपन-ईयर क्लिप डिजाइन दिया गया है, जिससे लंबे समय तक उपयोग में भी आराम बना रहता है। वहीं, नोवा वॉच वियरबड्स की कीमत 7,999 रुपये है। 1.43 इंच एमोलेड डिस्प्ले वाली इस स्मार्टवॉच के स्ट्रैप में ही ईयरबड्स दिए गए हैं। इसमें 2जीबी लोकल म्यूजिक स्टोरेज, ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग, मल्टी स्पोर्ट मोड्स, ईएनसी नॉइज कैंसलेशन और चैट जीपीटी वॉइस इंटीग्रेशन जैसे फीचर्स मौजूद हैं।

## हावड़ा और नई दिल्ली के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए हावड़ा और नई दिल्ली के बीच एक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। जानकारी के अनुसार, 04052 नई दिल्ली-हावड़ा स्पेशल ट्रेन 23 मार्च 2026 को नई दिल्ली से शाम 18:15 बजे चलेगी और अगले दिन रात 23:40 बजे हावड़ा पहुंचेगी। वहीं, 04051 हावड़ा-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन 25 मार्च 2026 को हावड़ा से रात 01:40 बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह 08:20 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। यह स्पेशल ट्रेन पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र में दोनों दिशाओं में यात्रा के दौरान बंडेल, वर्दवान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर ठहरेगी। ट्रेन में यात्रियों की सुविधा के लिए जनरल सेकेंड क्लास, स्लीपर क्लास और एसी कोच की व्यवस्था रहेगी।

## बांसद्रोणी में नकली उत्पाद बनाने वाले कारखाने का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

❑ **मौके से बड़ी-बड़ी कंपनी के भारी संख्या में नकली सामान जब्त**



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के बांसद्रोणी थाना इलाके में फर्जी उत्पाद बनाने वाले एक कारखाने का भंडाफोड़ किया गया है। पता चला है कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस एवं प्रवर्तन शाखा (ईबी) की टीम ने संयुक्त रूप से कारखाने में छापा मारा और भारी मात्रा में नकली सामान बरामद किया। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम विशाल माली (43) है। वह बड़ाबाजार इलाके का निवासी है। मिली जानकारी के अनुसार, गत बुधवार की दोपहर करीब 2.15 बजे बांसद्रोणी थाना अंतर्गत विद्यासागर पार्क, पीरपुकुर रोड स्थित एक कमरे में पुलिस एवं ईबी की टीम ने संयुक्त रूप से छापा मारा एवं मौके से एक आरोपित को गिरफ्तार किया। छापे के दौरान मौके से नाईसिल पाउडर, हिमालया नीम फेस वास, ऑल आउट लिक्विड, डेटॉल, निविया बॉडी लोशन, निविया क्रिम, जॉनशन एण्ड जॉनशन बॉडी हेयर ऑयल एवं ऑयल की फर्जी उत्पाद भारी संख्या में बरामद की गई। पुलिस ने उक्त सभी सामान को जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ कर रही है और गिरोह में शामिल अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है।

# शांति सौहार्द भाईचारे के साथ मना ईद का त्योहार



**हुगली :** जिले में ईद का त्योहार एकता, सौहार्द और भाईचारे की मिसाल बनकर संपन्न हुआ। जिले भर में शांति और सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए थे, और चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही। पूरे आयोजन के दौरान कहीं से भी किसी अनहोनी की खबर नहीं आई।

हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी प्रेम का संदेश दिया। श्रीरामपुर के सांसद कल्याण बनर्जी रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा और वाइस चेयरमैन जाहिद हसन खान समेत मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी।

नमाज अदा करने के बाद पूरे जिले में ईद का त्योहार उत्साहपूर्वक मनाया गया। रिसड़ा, श्रीरामपुर और आसपास के इलाकों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया, जिससे माहौल और भी खुशनुमा हो गया।

श्रीरामपुर नगरपालिका के 24 नंबर वार्ड में पार्षद अकबर अली के नेतृत्व में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्रीरामपुर विधानसभा से तृणमूल उम्मीदवार तन्मय घोष मुख्यअतिथि के तौर पर पहुंचे। इस कार्यक्रम में श्रीरामपुर नगरपालिका चेयरमैन गिरधारी साहा, सीआईसी संतोष सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस मौके पर तृणमूल उम्मीदवार तन्मय घोष ने भाजपा पर निशाना साधते हुए चुनाव आयोग के रवैये को गैर-संवैधानिक बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारियों के तबादले कर लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश हो रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी बंगाल के दिल में बसी हैं और उन्हें सत्ता से हटाना नामुमकिन है। उन्होंने यह भी दावा किया कि जनता के समर्थन से इस बार बड़ी जीत दर्ज होगी। कहा कि जिस तरह से लोगों का जनसमर्थन मिल रहा है उस तरह से लगता है कि इस बार तृणमूल के जीत की आंधी उठेगी जो दिल्ली की सत्ता से भाजपा को बेदखल करके ही दम लेगी।

## मदर टेरेसा के नाम का अनधिकृत उपयोग अस्वीकार्य है : मिशनरीज ऑफ चैरिटी

**कोलकाता, समाज्ञा :** मिशनरीज ऑफ चैरिटी ने विभिन्न गतिविधियों के लिए किन्हीं भी संगठनों और व्यक्तियों द्वारा उसके और मदर टेरेसा के नाम के अनधिकृत उपयोग के खिलाफ चेतावनी दी है। इनका नाम धन जुटाने और प्रचार अभियान में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। अपने संस्थापक द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों पर जोर देते हुए, मिशनरीज ऑफ चैरिटी ने कहा कि मदर टेरेसा ने कभी नहीं चाहा कि उनके नाम या छवि का उपयोग धन जुटाने या चंदा मांगने के उद्देश्यों के लिए किया जाए, यहां तक कि धर्मार्थ कार्यों के लिए भी नहीं, सादगी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और स्वैच्छिक सद्भावना पर निर्भरता को रेखांकित करते हुए। गत 19 मार्च को जारी बयान में कहा गया कि हमें यह जानकारी मिली है कि कुछ संगठन और व्यक्ति हमारी अनुमति के बिना धन जुटाने सहित विभिन्न गतिविधियों के लिए मदर टेरेसा और मिशनरीज ऑफ चैरिटी के नाम का उपयोग कर रहे हैं। मिशनरीज ऑफ चैरिटी ने स्पष्ट किया कि इस तरह का कोई भी अनधिकृत उपयोग लोगों के बीच भ्रम पैदा करता है, खासकर जब इसे दान अभियान या धर्मार्थ अपीलों से जोड़ा जाता है। तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने का आग्रह करते हुए, इसने कहा कि हम सभी संबंधित पक्षों से अनुरोध करते हैं कि वे पूर्व अनुमति के बिना किसी भी रूप में मदर टेरेसा या मिशनरीज ऑफ चैरिटी के नाम का उपयोग करने से परहेज करें। इसमें चेतावनी दी गई कि निरंतर दुरुपयोग के परिणामस्वरूप कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। बयान में कहा गया कि इस तरह के किसी भी अनधिकृत उपयोग से हमें अपनी प्रतिष्ठा और नाम की रक्षा के लिए कानूनी कार्रवाई सहित उचित कदम उठाने पड़ सकते हैं। बयान के अनुसार, केवल मिशनरीज ऑफ चैरिटी ही इसके कार्यों और पहचान का प्रतिनिधित्व करने के लिए अधिकृत है, और जनता से अपील की जाती है कि समर्थन देने से पहले इससे संबद्धता का दावा करने वाले किसी भी संगठन या पहल की प्रामाणिकता की पुष्टि करें।

## शहर में आज

- **बाबा रामदेव भक्त मंडल (मगरा क्षेत्र) :** संगीतमय भजन कीर्तन, सायं 4 बजे से, स्थान- श्री चांद रतन राठी, 12, डॉ. पी.के. बनर्जी रोड, ब्लॉक-सी, 6 तल्ला, टेलीफोन भवन के पास, मल्लिक फाटक, हावड़ा।
- **श्री सीताराम सत्संग समिति (कोलकाता) :** विशेष सार्वजनिक संगीतमय सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ, सुबह 11 बजे से, स्थान- युवा गोष्ठी मैदान, 22 प्लॉट, मारवाड़ी पट्टी, हिन्दमोटर।
- **श्री करणी इन्द्र भक्त मंडल (श्रीमढ़ खुड़दधाम) :** संगीतमय भजन कीर्तन, दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक, स्थान- श्री कन्हैयालाल जी सोनी, सूर्या अपार्टमेंट, 5 तल्ला, फ्लैट-501, 14/1, 14/7, मैकेंजी लेन, हॉट चिप्स के पास, घासबागान, हावड़ा।
- **श्री विक्रम धर्म संघ :** संगीतमय सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ, सुबह 10 बजे से, स्थान- श्री कैलाश जी डागा, श्री श्याम सदन, 5 तल्ला, पंचवटी श्याम मंदिर कॉम्पलेक्स, कोलकाता।
- **सुन्दरकाण्ड भक्त मंडल (कोलकाता) :** संगीतमय सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ, सायं 4 बजे से, स्थान- श्री करणी माता मंदिर (अंकुरहाटी), सरस्वती ब्रिक, रिजेंट एसएमइ इंडस्ट्रीयल पार्क के पास, हावड़ा।
- **श्री निंबूतल्ला पंचायत गवरजा सेवा ट्रस्ट :** मां गवरजा माता की विराट शोभायात्रा, सायं 7 बजे से, स्थान- 9,बैशाख स्ट्रीट, कोठारी पार्क, निंबूतल्ला, बड़ाबाजार, कोलकाता।
- **श्री राणी सती जी सत्संग भजन मंडली :** चैत्र नवरात्रा महोत्सव, सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक, स्थान- श्री महेश कुमार जी एवं मृदुल कुमार झुनझुनवाला, नेचुरल ग्रीन,ब्लॉक-3, फ्लैट-2बी, बीडी-37, रविन्द्रपल्ली, केष्टोपुर, कोलकाता।
- **भगवान श्री लक्ष्मीनारायण धाम :** साप्ताहिक बीजमंत्र एवं गणेश स्रोत का पाठ, सुबह 11 बजे से, स्थान- माहेश्वरी भवन सभागार, 4, शोभाराम बैशाख स्ट्रीट, बड़ाबाजार, कोलकाता।
- **स्व. जशोदा देवी लाहोटी (धर्मपत्नी :** स्व. जयकिशन लाहोटी) की बैठक सभा, दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक, स्थान-सप्तर्षि भवन, राजस्थान ब्रह्मण संघ, सभागार, 14/2, शोभाराम बैशाख स्ट्रीट, बड़ाबाजार, कोलकाता।
- **सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) :** खिचड़ी वितरण, प्रातः 8:15 से 9 बजे तक, स्थान- सीकर भवन 1-ए, आशुतोष दे लेन, कोलकाता।

## पूर्व रेलवे ने सियालदह डिवीजन में हटाया सैकड़ों टन कचरा

### खाली जमीन को बनाया ग्रीन जोन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग ने व्यापक स्वच्छता अभियान चलाते हुए रेलवे परिसरों से भारी मात्रा में पुराने कचरे को हटाकर हजारों वर्ग फुट जमीन को पुनः उपयोग के लिए तैयार किया है। इस अभियान के तहत सियालदह डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों पर लंबे समय से बने कचरा डंपिंग ब्लैक स्पॉट्स को साफ किया गया। अभियान के दौरान 25,000 वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र से लगभग 400 टन कचरा हटाया गया। संतोषपुर और बाघाजतिन स्टेशनों पर 4,000 वर्ग फुट क्षेत्र से लगभग 100-100 टन कचरा हटाया गया, जबकि सियालदह स्टेशन पर 4,000 वर्ग फुट क्षेत्र से 50 टन कचरे की सफाई की गई। इसके अलावा, मोगराहाट से 35 टन, पाटीपुकुर और ताला से 30-30 टन तथा बिधाननगर और कोलकाता स्टेशनों से 20-20 टन कचरा हटाया गया। लेक गार्डन और सोदेपुर से 10-10 टन, सोनारपुर से 6 टन तथा हलिशहर और अगरपाड़ा से 5-5 टन कचरा साफ किया गया। न्यू गरिया में भी 800 वर्ग फुट क्षेत्र से 4 टन कचरा हटाया गया। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिवराम माझी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य रेलवे परिसरों को कचरा फेंकने की जगह बनने से रोकना और यात्रियों के लिए स्वच्छ व हरित वातावरण उपलब्ध कराना है।

## हावड़ा नाट्यजन ने अणु नाटक उत्सव का किया आयोजन



**हावड़ा :** तृप्ति मित्रा नाट्य गृह में हावड़ा नाट्यजन के तत्वावधान में अणु नाटक उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें हावड़ा नाट्यजन सहित कुल 19 नाट्य दलों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रसिद्ध अभिनेत्री स्वर्गीय तृप्ति मित्रा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उद्घाटन अवसर पर रवीन्द्रभारती विश्वविद्यालय के नाटक विभाग के प्रोफेसर सौमित्र बसु, अणु नाटक विकास मंच के संपादक मृणाल दे तथा पश्चिम बंगाल नाट्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित नाटककार संजय चट्टोपाध्याय उपस्थित रहे। इस अवसर पर हावड़ा नाट्यजन नाट्य सम्मान-2026 से संजय चट्टोपाध्याय को सम्मानित किया गया, जिसे हावड़ा नाट्यजन की संस्थापक अभिनेत्री मौसमी साव ने उन्हें प्रदान किया।

उत्सव में विभिन्न नाट्य दलों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। इनमें पिंडिरा इलोरा नाट्य दल (लाश), हावड़ा शैल्पिक (फोस्टर फादर), बालीगंज अंतर्मुख (बनाया हुआ किस्सा), जयपुर सांस्कृतिक प्रांगण (कुलग्न), अमोघ श्रावणी (सहगमन), हावड़ा रूपण (गिरगिटी), कोलकाता शेमुशी (दाह), थिएटर फॉर्मेशन परिवर्तन (मशीन), जर्दाबागान प्रश्वास (प्रिय अनिमेष), बागुईआटी सहजिया (अब पद्मा किनारे रवी ठाकुर), नवांकुर (बोमा), कादाराट गौरशिखा रिपर्टरी (अरेस्ट), खड़दह नाट्यमुख (खोका फिरे एलो), बक्सा ब्रात्य नाट्यजन (बोमकेस), अबछाया थिएटर ग्रुप (तिलोत्तमा), हावड़ा नाट्यजन (गलदा चिंगड़ी), हावड़ा थिएटर विंग्स (क्षत), बिराटी सृजन (मात्र 1 टका) और गोबरडांगा आकांक्षा (पेना पलालो) शामिल थे।

उत्सव के दूसरे दिन का प्रमुख आकर्षण थिएटर फॉर्मेशन परिवर्तन द्वारा प्रस्तुत सफदर हाशमी का नाटक मशीन रहा, जो इस महोत्सव में प्रस्तुत एकमात्र हिंदी नाटक था। हावड़ा नाट्यजन के कर्णधार अजय साव ने बताया कि इस उत्सव की तैयारी में टीम के सदस्यों ने लंबे समय तक मेहनत की है और भविष्य में अणु नाटकों के प्रचार-प्रसार के लिए ऐसे आयोजनों को और आगे बढ़ाया जाएगा। उद्घाटन समारोह का संचालन हावड़ा नाट्यजन की सदस्य एवं अभिनेत्री श्रीमयी भद्र दास ने किया।

# आरजी कर अस्पताल के लिफ्ट में हुई मौत मामले में फोरेंसिक टीम ने जुटाए सबूत

**कोलकाता, समाज्ञा**

आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में लिफ्ट दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत के मामले में कोलकाता पुलिस ने जांच तेज कर दी है। शनिवार को फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीम ने अस्पताल पहुंचकर ट्रॉमा केयर भवन की उस लिफ्ट से नमूने एकत्र किए। फोरेंसिक टीम यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि लिफ्ट अचानक नियंत्रण से बाहर क्यों हो गई और तकनीकी खराबी की असली वजह क्या थी। यह भी जांच की जा रही है कि क्या एक साथ कई बटन दबाने की वजह से लिफ्ट में गड़बड़ी हुई थी। शनिवार को फोरेंसिक टीम ने संबंधित लिफ्ट के साथ-साथ उस स्थान से भी नमूने लिए जहां अरूप का शव मिला था



तथा बेसमेंट क्षेत्र की भी जांच की गई। जांचकर्ता यह भी देख रहे हैं कि लिफ्ट में पहले से कोई तकनीकी खराबी थी या नहीं और यदि थी तो उसे सेवा से बाहर क्यों नहीं किया गया।

## आर जी कर लिफ्ट कांड: अदालत में सरकारी वकील का तीखा हमला, 5 आरोपियों को 27 तक पुलिस हिरासत

**कोलकाता :** आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के लिफ्ट हादसे में हुई अरूप बंद्योपाध्याय की मौत के मामले में अदालत में सुनवाई के दौरान तीखी बहस देखने को मिली। पुलिस ने इस मामले में तीन लिफ्टमैन और दो सुरक्षा कर्मियों को गिरफ्तार कर सियालदह कोर्ट में पेश किया। सुनवाई के दौरान सरकारी वकील अरिंदम चट्टोपाध्याय ने आरोपियों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि लोग मर रहे थे और ये लोग मौज-मस्ती कर रहे थे, गाने सुन रहे थे। आम जनता की सुविधा के लिए बने लिफ्ट को इन्होंने मौत का जरिया बना दिया। उन्होंने सभी आरोपियों की 14 दिन की पुलिस हिरासत की मांग की। वहीं, बचाव पक्ष के वकीलों ने आरोपियों के लिए जमानत की मांग करते हुए कहा कि गिरफ्तार पांच लोगों में दो सुरक्षा कर्मी हैं, जिनका लिफ्ट संचालन से सीधा संबंध नहीं है। उनका तर्क था कि असली दोषियों को बचाने के लिए निर्दोष लोगों को फंसाया जा रहा है। मृतक के परिवार की ओर से पेश वकीलों ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि सभी आरोपियों ने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई और इस कारण यह हादसा हुआ। उन्होंने यह भी मांग की कि मामले में अन्य जिम्मेदार लोगों को भी जांच के दायरे में लाया जाए। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने पांचों आरोपियों को 27 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

## 'सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर लापरवाही जारी', आरजी कर दुष्कर्म पीड़िता की मां ने कहा

आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में दुष्कर्म के बाद मार दी गई चिकित्सक की मां ने शनिवार को आरोप लगाया कि अस्पताल में लिफ्ट की खराबी के कारण एक व्यक्ति की मौत से पता चलता है कि अधिकारी अभी भी सुरक्षा के मुद्दों पर लापरवाही बरत रहे हैं। आरजी कर दुष्कर्म-हत्याकांड मामले की पीड़िता की मां ने इस मौत को 'बेहद निंदनीय' बताया और इतनी बड़ी स्वास्थ्य संस्था के संचालन को लेकर अस्पताल प्रशासन पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी क्या अधिकारी इस तरह के विशेष अस्पताल को चलाने में सक्षम हैं? मैं इसे दुर्घटना नहीं कहूंगी। वहां कोई लिफ्ट का संचालन करने वाला नहीं था। लोग अंदर फंस गए थे, लेकिन मदद के लिए कोई आगे नहीं आया। उन्होंने हैरानी जताते हुए दावा किया कि पीड़ित की पत्नी और बच्चे ने मदद के लिए गुहार लगाई थी, लेकिन उन्हें तत्काल कोई सहायता नहीं मिली। उन्होंने कहा कि इस घटना ने अस्पताल परिसर के भीतर मरीजों, चिकित्सकों और अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में 'लगातार हो रही लापरवाही' को उजागर किया है।

## भवानीपुर में तृणमूल और भाजपा ने एक-दूसरे पर लगाया पोस्टर फाड़ने का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्वाचन क्षेत्र भवानीपुर में शनिवार को तृणमूल कांग्रेस के पोस्टर फाड़े जाने के आरोपों को लेकर तनाव का माहौल छा गया। सत्ताधारी पार्टी ने इस घटना के पीछे भाजपा का हाथ होने का आरोप लगाया। हालांकि, भाजपा ने कहा कि यह घटना तृणमूल कांग्रेस के भीतर की गुटबाजी का नतीजा है। इस घटना के संबंध में तृणमूल कांग्रेस और भाजपा दोनों ने कालीघाट थाने में अलग-अलग शिकायतें दर्ज कराई हैं। पुलिस के अनुसार, विधानसभा चुनाव की तैयारियों के तहत भवानीपुर के विभिन्न इलाकों में तृणमूल कांग्रेस के पोस्टर लगाए गए थे। हालांकि, शनिवार की दोपहर चक्रबेरिया रोड के पास इन पोस्टरों



को फाड़ने के आरोप भाजपा पर लगे।

इसके बाद, कोलकाता नगर निगम (केएमसी) पार्षद असीम बसु के नेतृत्व में स्थानीय तृणमूल कार्यकर्ताओं ने भवानीपुर थाने के सामने विरोध प्रदर्शन किया। बाद में, उन्होंने कई भाजपा कार्यकर्ताओं के नाम लेकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। दीसरा तरफ, दिन की शुरुआत में, भाजपा ने भी इसी तरह का आरोप लगाया था। भाजपा का दावा था कि तृणमूल समर्थकों ने विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की तस्वीरें वाले बैनर और पोस्टर फाड़ दिए थे। तृणमूल कांग्रेस ने अब इसका खंडन करते हुए आरोप लगाया है।

## तृणमूल उम्मीदवार स्वप्ना बर्मन के पिता का निधन

**जलपाईगुड़ी :** गोल्डन गर्ल के रूप में मशहूर विख्यात एथलीट और राजगंज सीट से तृणमूल उम्मीदवार स्वप्ना बर्मन के पिता पंचानन बर्मन के निधन से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। शनिवार के तड़के सिलीगुड़ी के एक निजी अस्पताल में पंचानन बर्मन ने अंतिम सांस ली। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे और वहीं उनका इलाज चल रहा था। पिता की बीमारी के कारण स्वप्ना बर्मन पिछले कुछ दिनों से लगातार उनके पास रहकर देखभाल कर रही थीं और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी कर रही थीं। पिता के निधन से स्वर्ण पदक विजेता एथलीट से नेता बनी स्वप्ना बर्मन गहरे सदमे में है।

## चांपदानी विधानसभा में चुनाव से पहले गुटबाजी से भाजपा असहज, बाहरी उम्मीदवार को लेकर विवाद

**हुगली :** हुगली जिले के चांपदानी विधानसभा क्षेत्र में चुनावी माहौल के बीच भाजपा में अंदरूनी कलह खुलकर सामने आ गई है। पार्टी द्वारा दूसरी सूची में फिर से दिलीप सिंह को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद विरोध तेज हो गया है। इलाके में कई जगह फ्लेक्स लगाकर लिखा गया बाहरी उम्मीदवार दिलीप सिंह को नहीं मानते, नहीं मानेंगे, जिसके नीचे 187 विधानसभा भाजपा कर्मीवृंद का उल्लेख है।

बताया जा रहा है कि इन फ्लेक्स को लगाने के दौरान ही भाजपा के दो गुट आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस, गाली-गलौज और धक्का-मुक्की तक की नौबत आ गई, जिससे इलाके का माहौल गर्म हो गया। आरोप यह भी लगाया गया





कि दिलीप सिंह के समर्थक तृणमूल से पैसे लेकर 2026 का चुनाव लड़ रहे हैं। मामले को लेकर दोनों पक्षों ने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है।

इस मुद्दे पर चांपदानी से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार अरींदम गुइन ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके उम्मीदवार के खिलाफ पूरे शहर में कई बैनर लगे हैं, जो जनता के आक्रोश को दिखाता है। उन्होंने कहा कि जो नेता पूरे साल दिखाई नहीं देते, अब चुनाव के समय सामने आए हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिस पार्टी में खुद के अंदर ही झगड़ा हो, वह जनता की समस्याएं क्या सुलझाएगी।

वहीं भाजपा के एक कार्यकर्ता ने साफ कहा कि पार्टी द्वारा घोषित उम्मीदवार दिलीप सिंह को वे स्वीकार नहीं करते। उनका आरोप है कि 2021 में हार के बाद उम्मीदवार ने न तो कार्यकर्ताओं से संपर्क रखा और न ही आम लोगों से। उन्होंने कहा कि वे इस उम्मीदवार का बहिष्कार कर रहे हैं और इसके बदले स्थानीय भूमिपुत्र उम्मीदवार की मांग कर रहे हैं।

चुनाव से पहले इस तरह की गुटबाजी ने चांपदानी में भाजपा की स्थिति को असहज बना दिया है और इसका असर चुनावी नतीजों पर पड़ सकता है।

## गोघाट में कोल्ड स्टोरेज के बाहर आलू किसानों का प्रदर्शन, पुलिस व केंद्रीय बल तैनात

**हुगली, समाज्ञा**

जिले के गोघाट थाना अंतर्गत के हाजीपुर में आलू किसानों ने स्थानीय कोल्ड स्टोरेज में भंडारण की मांग को लेकर शनिवार को प्रदर्शन किया, जिसके बाद स्थिति नियंत्रित करने के लिए पुलिस और केंद्रीय बल तैनात करने पड़े। इस दिन, सुबह से ही बड़ी संख्या में किसान आलू के बोरे लेकर कोल्ड स्टोरेज के बाहर जुट गए और भंडारण की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। किसानों का कहना है कि पिछले वर्ष व्यापारी बाहर के राज्यों में आलू नहीं भेज पाए, जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ा था, और इस बार भी आलू के दाम काफी गिर गए हैं। प्रदर्शनकारी किसानों की मांग थी कि उनके उत्पादित आलू को स्थानीय कोल्ड स्टोरेज में रखने की व्यवस्था की जाए। इस मुद्दे पर शुक्रवार की रात से ही किसान वहां जमा हैं, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। हालात को देखते हुए प्रशासन ने कोल्ड स्टोरेज परिसर में पुलिस बल तैनात किया और बाद में केंद्रीय बल भी बुलाना पड़ा। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस ने टोकन प्रणाली लागू कर किसानों को शांत करने की कोशिश की। इस बीच, चुनाव से पहले आलू की कीमत नहीं मिलने से किसान नाराज हैं और विभिन्न विपक्षी दलों के उम्मीदवार भी उनके मुद्दों को लेकर सक्रिय हो गए हैं। क्षेत्र के कृषि प्रधान होने के कारण स्थानीय लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। शनिवार को प्रशासन की दखल के बाद कोल्ड स्टोरेज प्रबंधन ने प्रत्येक किसान से 50 बोरी आलू भंडारित करने का निर्णय लिया और इसके लिए टोकन वितरित किए जा रहे हैं। कोल्ड स्टोरेज के बाहर टोकन लेने के लिए किसानों की लंबी कतारें देखी गईं। किसानों के अनुसार, प्रति बीघा 80-90 बोरी तक उत्पादन होता है और औसतन एक किसान 4-5 बीघा में आलू की खेती करता है, जिससे भंडारण की सीमित व्यवस्था पर असंतोष बना हुआ है।

## दिलीप घोष ने प्रदीप सरकार पर लगाया विकास रोकने का आरोप



**पश्चिम मेदिनीपुर :** खड़गपुर सीट से भाजपा के उम्मीदवार दिलीप घोष ने शनिवार की सुबह प्रतिद्वंदी तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार प्रदीप सरकार पर तीखा हमला बोला है। दिलीप घोष ने प्रदीप सरकार को 'विकास में बाधा' और 'स्पीड ब्रेकर' करार देते हुए आरोप लगाया कि जब से वह नगरपालिका के चेयरमैन थे, तब से खड़गपुर में विकास कार्यों को रोकने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदीप सरकार ने जिला प्रशासन को पत्र लिखकर यह तक कहा था कि विधायक निधि के तहत खड़गपुर नगरपालिका क्षेत्र में कोई काम न किया जाए। भाजपा नेता का कहना है कि इस तरह की नीतियों के कारण खड़गपुर में बुनियादी सुविधाओं की स्थिति खराब हो गई है और आज भी शहर की सड़कों की हालत दयनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर में विकास के नाम पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आते हैं, जबकि जनता बेहतर सड़कों और सुविधाओं के लिए तरस रही है। दिलीप घोष ने तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी विकास के मुद्दे पर पूरी तरह विफल रही है और जनता इस बार इसका जवाब चुनाव में देगी। उन्होंने दावा किया कि खड़गपुर की जनता अब बदलाव चाहती है और भाजपा को समर्थन देकर विकास की राह चुन सकती है।

## विधानसभा चुनाव : रोजगार सृजन को मुद्दा बनाकर युवाओं को साधने में जुटा वाम मोर्चा

**कोलकाता, समाज्ञा :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव में युवाओं को अपने पक्ष में वापस लाने के लिए रोजगार सृजन को प्रमुख मुद्दा बना रहा है। माकपा की केंद्रीय समिति के सदस्य सामिक लाहिड़ी ने कहा कि पार्टी इस चुनाव में बड़ी संख्या में युवा उम्मीदवारों और स्वयंसेवकों के सहारे नयी पीढ़ी का समर्थन हासिल करने की कोशिश कर रही है। राज्य में पिछले कुछ चुनावों में युवाओं के बीच समर्थन में भारी गिरावट वाम दलों के लिए एक बड़ी चुनौती रही है। उन्होंने कहा कि हमारे चुनाव प्रचार का मुख्य आधार रोजगार सृजन है। लाहिड़ी ने कहा कि राज्य में रोजगार के अवसरों की भारी कमी है और बेरोजगारी के



कारण लगभग 1.25 करोड़ लोग (जिनमें अकुशल से लेकर अत्यधिक कुशल लोग शामिल हैं) राज्य छोड़ चुके हैं। माकपा नेता ने बताया कि वाम मोर्चा ने राज्य के लिए एक वैकल्पिक रोजगार नीति तैयार की है, जिसे विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वाम मोर्चा का घोषणा पत्र अंतिम चरण में है और जल्द ही जारी किया जाएगा, जिसमें रोजगार सृजन पर विशेष जोर दिया गया है। लाहिड़ी ने कहा कि जिन उम्मीदवारों के नाम घोषित हो चुके हैं, वे पूरी ताकत के साथ प्रचार में जुट गए हैं और घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। राज्य की 294 सदस्यीय विधानसभा की 224 सीटों पर वाम मोर्चा अब तक उम्मीदवारों की घोषणा कर चुका है। लाहिड़ी ने कहा कि पार्टी पारंपरिक तरीके से घर-घर जाकर प्रचार और मतदाताओं से संवाद पर जोर दे रही है। उन्होंने बताया कि बड़े जनसभाओं के बजाय छोटे-छोटे स्थानीय बैठकों और व्यक्तिगत संपर्क के जरिए आम लोगों तक पहुंचने की रणनीति अपनाई जा रही है। लाहिड़ी ने कहा कि पार्टी अब तक राज्यभर में 70 हजार से अधिक छोटी बैठकों का आयोजन कर चुकी है और मतदाताओं से व्यक्तिगत संपर्क के जरिए समर्थन वापस पाने की कोशिश कर रही है।

## डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज ने टाइप-2 डायबिटीज के लिए 'ओबेडा' इंजेक्शन किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज ने भारत में टाइप-2 डायबिटीज के इलाज के लिए सेमाग्लूटाइड आधारित इंजेक्शन ओबेडा लॉन्च किया है। यह देश का पहला जेनेरिक सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन है जिसे ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया की मंजूरी मिली है। कंपनी का कहना है कि इस लॉन्च के साथ वह जीएलपी-1 रिसेप्टर एगोनिस्ट थेरेपी के क्षेत्र में प्रवेश कर रही है और इसका उद्देश्य मरीजों को उन्नत व किफायती उपचार उपलब्ध कराना है। कंपनी के अनुसार, 312 प्रतिभागियों पर किए गए फेज-खखख क्लिनिकल अध्ययन में ओबेडा ने मूल दवा के समान प्रभावकारिता और सुरक्षा परिणाम दिखाए। यह इंजेक्शन 2 मिलीग्राम और 4 मिलीग्राम की क्षमता में प्री-फिल्ड डिस्पोजेबल पेन के रूप में उपलब्ध होगा, जिसे सप्ताह में एक बार त्वचा के नीचे लगाया जाता है। प्रत्येक पेन से कम से कम चार साप्ताहिक डोज मिलेंगी।



केंद्रीय मंत्री व पूर्व भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने राज्यपाल आर. एन. रवि से लोक भवन में शिष्टाचार मलाकात कीं

## बीजेपी से टीएमसी में आए कार्यकर्ताओं का कैलाश मिश्रा ने झंडा देकर किया स्वागत

**हावड़ा, समाज्ञा :** बाली विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस ने कैलाश मिश्रा को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। टिकट मिलने के बाद कैलाश मिश्रा ने बाली की जनता का आभार जताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि क्षेत्र के लोग उन पर भरोसा करेंगे और विकास के मुद्दों पर उन्हें समर्थन देंगे। उम्मीदवारी की घोषणा के बाद आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कैलाश मिश्रा ने कहा कि बाली में बीजेपी के कई बूथ कार्यकर्ता अपने उम्मीदवार को लेकर नाराज हैं। उन्होंने दावा किया कि इसी असंतोष के चलते करीब 100 के आसपास बीजेपी के बूथ कार्यकर्ताओं ने पार्टी छोड़कर तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया है। इस मौके पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में कैलाश मिश्रा ने नए शामिल हुए कार्यकर्ताओं को तृणमूल कांग्रेस का झंडा सौंपकर उनका स्वागत किया।

कैलाश मिश्रा ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस हमेशा अपने बूथ कार्यकर्ताओं और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं के सम्मान और उनकी भावनाओं को महत्व देती है, जबकि बीजेपी में ऐसा नहीं किया जाता। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी ने बाली में एक ऐसे उम्मीदवार को



मैदान में उतारा है जो स्थानीय नहीं है। इसी कारण स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी देखी जा रही है और कई पदाधिकारियों ने सामूहिक इस्तीफे की घोषणा भी की है। चुनाव से पहले किए गए सर्वेक्षण के दौरान बीजेपी के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने बार-बार बाली के किसी स्थानीय नेता को उम्मीदवार बनाने की मांग की थी, लेकिन पार्टी नेतृत्व ने उनकी बातों को नजरअंदाज कर दिया। कैलाश मिश्रा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता बाली क्षेत्र का सर्वांगीण विकास है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में वे एक और प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे, जिसमें बाली के विकास से जुड़ी योजनाओं और अपने चुनावी एजेंडे की विस्तृत जानकारी देंगे।

## नेशनल हाईवे-19 पर चार गाड़ियों की आपस में जोरदार टक्कर, कई घायल

**आसनसोल :** आसनसोल काली पहाड़ी के पास शुक्रवार की देर शाम एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। आसनसोल नॉर्थ थाना क्षेत्र के कल्ला मोड़ स्थित नेशनल हाईवे-19 पर चार गाड़ियों की आपस में जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें कई लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ ही देर में हाईवे पर लंबा जाम लग गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहनों के अगले हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। सभी घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। ट्रैफिक अधिकारी संजय कुमार भौमिक ने बताया कि वह मौके पर ही मौजूद थे, तभी अचानक चार गाड़ियों की टक्कर हो गई। उन्होंने कहा कि हमने तुरंत कार्रवाई करते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया है।

मामले की जांच जारी है। हादसे के कारण नेशनल हाईवे-19 पर लंबा जाम लग गया, जिससे सैकड़ों वाहन फंस गए। बाद में पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद यातायात को सामान्य किया। प्राथमिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही जा रही है।

## नारायणगढ़ सीट पर भाजपा उम्मीदवार चयन से नाराज कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में किया प्रदर्शन

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा द्वारा रमा प्रसाद गिरि को प्रत्याशी बनाए जाने के फैसले के बाद पार्टी के भीतर असंतोष गहरा गया है। शनिवार को इस नाराजगी का असर खड़गपुर स्थित कौशल्या में भाजपा के जिला कार्यालय पर देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचकर जोरदार विरोध प्रदर्शन करने लगे। सूत्रों के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने प्रत्याशी चयन पर सवाल उठाते हुए रमा प्रसाद गिरि को बदले जाने की मांग की और कार्यालय परिसर में जमकर नारेबाजी की। देखते ही देखते प्रदर्शन उग्र हो गया और कुछ उत्तेजित कार्यकर्ताओं ने कार्यालय के अंदर घुसकर फर्नीचर और अन्य सामानों में तोड़फोड़ की। इस घटना के बाद मौके पर तनाव का माहौल बन गया। विरोध कर रहे कार्यकर्ताओं ने बताया कि प्रदेश स्तर पर पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारियों को इस मामले से अवगत कराया गया था। इसके साथ ही जिला स्तर के अधिकारियों को भी शिकायत दी गई, लेकिन उनकी ओर से कोई सुनवाई नहीं की गई, जिसके चलते उन्हें मजबूर होकर खड़गपुर में विरोध प्रदर्शन करना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि रमा प्रसाद गिरी लंबे समय तक पार्टी से दूर रहे हैं और पार्टी के विभिन्न निर्णय स्वयं ले रहे हैं। कार्यकर्ता का कहना है कि उनका पार्टी के किसी भी कार्यकर्ता के साथ कोई संपर्क नहीं है, जिससे जमीनी स्तर पर असंतोष बढ़ गया है। विरोध करने वाले कार्यकर्ताओ ने यह भी दावा किया कि बूथ स्तर से लेकर मंडल स्तर तक के कार्यकर्ता इस फैसले से नाराज हैं। उनका कहना है कि लगभग 200 से अधिक कार्यकर्ता इस विरोध के चलते पार्टी छोड़ने के लिए तैयार हैं, जिससे संगठन पर बड़ा असर पड़ सकता है। इस पूरे प्रकरण को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष शामित मंडल ने कहा कि वे जल्द ही कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर उनकी सभी समस्याओं को सुनेंगे और उसके समाधान का प्रयास करेंगे।

## नहर में डूबने से व्यक्ति की संदिग्ध मौत, पुलिस जांच में जुटी

**कोलकाता :** कोलकाता के हरिदेवपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित करुणामयी नहर से एक व्यक्ति का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। यह घटना 21 मार्च 2026 को लगभग दोपहर 12:30 बजे की बताई जा रही है।

मृतक की पहचान जगन्नाथ मिस्त्री (45 वर्ष) के रूप में हुई है, जो स्वर्गीय गुरुपद मिस्त्री के पुत्र थे और कासबा के कुमारपाड़ा लेन क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने नहर में एक शव तैरता हुआ देखा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही हरिदेवपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नहर से बाहर निकाला।

प्रारंभिक जांच में यह मामला अस्वाभाविक मौत (डूबने) का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए एम.आर. बांगुर अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार, मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे मामले में रहस्य और गहराता जा रहा है। परिजनों से पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के पीछे की वास्तविक वजह का पता लगाया जा सके। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

इलाके के लोगों में इस घटना को लेकर भय और चिंता का माहौल है। वहीं, पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें।

## रामकृष्णपुर घाट पर श्रद्धा के साथ मनाया गया गणगौर का त्योहार

**हावड़ा :** हावड़ा के रामकृष्णपुर घाट पर शनिवार को गणगौर पर्व के अवसर पर महिलाओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ पूजा-अर्चना की। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर गणगौर की प्रतिमाएं लेकर घाट तक पहुंचकर पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अनुष्ठान किया। रामकृष्णपुर घाट पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर गणगौर पूजा में भाग लिया। पूजा के दौरान घाट पर भक्तिमय माहौल देखने को मिला और महिलाओं ने गीत-भजन गाकर पर्व की परंपरा को निभाया। इस



अवसर पर मीनू तोशनीवाल, राधिका तोशनीवाल, लक्ष्मीकांत तपारिया, वंदना दवे, वर्षा लाढा, सामता मोहता, प्रीति चंडक, पूजा चंडक, सरोज चंडक और वैशाली लाढा ने पूजा-अर्चना में भाग लिया और गंगौर पर्व की परंपरा को श्रद्धा के साथ मनाया।

# मंदिर लक्ष्मी नारायण बाईजी, बड़ी चौपड़, जयपुर

## हमारी अनजानी धरोहर 92



डॉ. एस. के. सैनी

जयपुर शहर के हृदय स्थल छोटी चौपड़ के आगे बड़ी चौपड़ के एक कोने में एक पुराना मंदिर है जिसके चारों ओर फूल वाले बैठे रहते हैं वहीं से सीढ़ियां चढ़कर हम लोग इस मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं भगवान श्री लक्ष्मी नारायण यानी विष्णु जी के यह मंदिर अंदर से जाने पर इसका शिखर द्वारका के द्वारकाधीश मंदिर की प्रतिकृति जैसा लगता है और सबसे मनोहरी बात यह है कि भगवान लक्ष्मी नारायण के एकदम सामने दूसरा एक छोटा सा मंदिर है जिसमें गरुड़ जी उनको कमल का फूल भेंट करते हुए दिखाई देते हैं गरुड़ जी की मनोहारी मूर्ति संपूर्ण जयपुर में यहीं पर दिखाई देती हैं और यहां पर भगवान लक्ष्मी नारायण अकेले ही है उनके साथ उनकी सहचरी लक्ष्मी जी नहीं हैं.यह अपने आप में एक अद्भुत मंदिर है काले रंग के ग्रेनाइट के बने हुए भगवान श्री लक्ष्मी नारायण जी अपनी मनोहर आंखों से सबको देख रहे प्रतीत होते हैं.

इस मंदिर से बाहर निकलने पर उनकी सीढ़ियों से हम संपूर्ण बड़ी चौपड़ का अवलोकन कर सकते हैं रात्रि के समय यहां से हवा महल का



दृश्य बड़ी चौपड़ कोतवाली का दृश्य और चारों रास्तों का दृश्य बड़ा ही मनोहारी होता है जब यह लाइटों से जग मग हो रहे होते हैं यही से जयपुर का प्रसिद्ध नाहरगढ़ किला भी दिखाई देता है यह दृश्य इतना अच्छा होता है कि पर्यटक इसी में खो जाते हैं कई बार पर्यटक हवा महल देखकर के ही वापस चल देते हैं इस मंदिर तक नहीं पहुंच पाते हैं अथवा जल महल की तरफ आगे बढ़ जाते हैं लेकिन जो अभी इस मंदिर में आता है वह इस मंदिर की शांति और अद्भुत ऊर्जा का एहसास करता है यह मंदिर हमारी अनोखी और अनजानी धरोहर है.

# गर्दन का आकर्षण बढ़ाएं

विद्याभूषण शर्मा



चेहरे को सुंदर बनाने में गर्दन और कंधों का विशेष महत्व है। सुडौल व तने हुए कंधे व सुराहीदार गर्दन चेहरे को और आकर्षक बना देते हैं। अगर गर्दन में झुर्रियां पड़ने लगे या गर्दन मोटी दिखाई देने लगे तो सारी सुंदरता खत्म हो जाती है भले ही चेहरा कितना भी सुंदर क्यों न हो।

चेहरे की तरह गर्दन भी धूल, गर्द व धुएं की चपेट में आती है। इससे गर्दन पर झुर्रियां पड़ने लगती हैं और वहां की त्वचा कांतिहीन हो जाती है, इसलिए नियमित रूप से चेहरे के साथ-साथ गर्दन की सफाई पर भी ध्यान रखना चाहिए नहीं तो चेहरे और गर्दन के रंग में अंतर आ जाता है।

गर्दन के रंग में आए सांवलेपन को दूर करने के लिए आप महीने में एक बार 'ब्लीच' करें। गर्दन के कालेपन को दूर करने के लिए पके पपीते का गूदा भी रगड़ सकती हैं। टमाटर का गूदा रगड़ने से भी त्वचा की रंगत में निखार आता है। जो फेस पैक आप चेहरे पर लगाएं, उसे गर्दन पर लगाना न भूलें।

बढ़ती उम्र के साथ झुर्रियां सबसे पहले गर्दन पर पड़ती हैं। इन्हें दूर करने के लिए कोल्ड क्रीम, बादाम रोगन या जैतून के तेल की मालिश करें। गर्दन की मालिश हल्के हाथ से नीचे से ऊपर की ओर, बाएं से दाएं तथा दाएं से बाएं करें। झुर्रियों को दूर करने के लिए एक चम्मच मलाई व एक चम्मच गुलाबजल को कार्नफ्लोर में मिलाकर पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को 15 मिनट लगाकर रखें और सूखने पर धो दें। इस पैक को सप्ताह में दो-तीन बार प्रयोग करें। धीरे-धीरे झुर्रियों से निजात पा पाएंगी।

गर्दन की सुंदरता को दोहरी ठुड्डी भी नष्ट करती है इसलिए वज़न पर नियंत्राण रखें ताकि यह समस्या पैदा ही न हो। गर्दन की रेखाओं से बढ़ती उम्र का पता चलता है, इसलिए स्वयं को चुस्त-दुरूस्त रखने का प्रयास करें ताकि इसका प्रभाव गर्दन की सुडौलता पर न पड़े। उठते, बैठते, चलते समय तनकर रहें।

मेकअप के ज़रिए भी आप अपनी गर्दन को अधिक सुंदर बना सकती हैं। अगर आपकी गर्दन छोटी है तो चेहरे की अपेक्षा गर्दन पर हल्के शेड का फाउंडेशन लगाएं। इससे गर्दन लंबी लगेगी। अगर आपकी गर्दन ज्यादा लम्बी है तो फाउंडेशन की रंगत गहरी होनी चाहिए। साथ ही दाएं से बाएं लगाएं। इससे गर्दन छोटी प्रतीत होगी।

मोटी गर्दन को भी मेकअप से पतली दिखा सकती हैं। इसके लिए गर्दन के सामने के हिस्से पर हल्के शेड का फाउंडेशन लगाएं और गर्दन के दोनों ओर गहरे रंग का। इस प्रकार आप मेकअप द्वारा अपनी गर्दन के दोषों को छिपा सकती हैं।

नियमित सफाई के लिए स्नान करते समय ब्रश से मलें ताकि मृत त्वचा या मैल निकल जाए। सफाई के बाद मोटे तौलिये से पोंछकर बाडी लोशन या माश्चराइजर का प्रयोग अवश्य करें ताकि त्वचा मुलायम बनी रहे। रात को सोने से पहले गर्दन का मेकअप साफ करने के बाद क्लींजिंग मिल्क से भी साफ करें।

आभूषणों के प्रयोग में भी सावधानी बरतें। कभी भी भारी, नुकीले या रंग छोड़ने वाले नकली धातु के गहने न पहनें। इससे गर्दन की त्वचा लाल होकर काली पड़ जाती है। कभी-कभी खुजली या इन्फेक्शन होने की संभावना भी रहती है, इसलिए नकली गहनों के लोभ से बचें और किसी तरह की समस्या हो जाने पर त्वचा रोग विशेषज्ञ की सलाह लें।

सीधी खड़ी होकर या बैठकर गर्दन को चारों ओर गोलाई में घुमाएं। ऐसा प्रतिदिन दस बार करें।

सीधी खड़ी हो जाएं, हाथ कमर पर रखें। अब गर्दन को जितना हो सके, पीछे की ओर ले जाएं, फिर आगे की ओर लाएं। अब दाएं ले जाएं, फिर बाएं लाएं। इस क्रिया को भी रोज़ दस से पंद्रह बार करें।

छोटी गर्दन को लंबी करने के लिए समतल चौकी पर पीठ के बल लेट जाएं तथा पलंग से गर्दन को नीचे लटकाएं, अब लेटे-लेटे ही गर्दन ऊपर उठाएं। फिर धीरे-धीरे लटकाने की अवस्था में आएं। इस क्रिया को भी बार बार दोहराएं पर ध्यान दें गर्दन को मोड़ते हुए बहुत आराम से गर्दन को मोड़ें क्योंकि गर्दन शरीर का नाजुक हिस्सा होती है। (उर्वशी)

# कालेज गर्ल कैसे लगें सिंपल और आकर्षक?

नीतू गुप्ता

पिछले कुछ वर्षों में छोटे शहरों में भी लड़कियों का कालेज में पढ़ना एक आम बात है। स्कूल समाप्ति और कालेज के प्रारंभिक दिनों का हर लड़की को बेसब्री से इंतजार रहता है क्योंकि स्कूल में बिताए 14 वर्ष में स्कूल यूनिफार्म और अनुशासन में रहने के बाद उन्हें खुली हवा का इंतजार रहता है और प्रतिदिन नए वस्त्रा पहनने का भी। अब समय आ गया है कालेज जाने के दिनों का, तो आइए देखें आप (कालेज गर्ल) कैसे सिंपल और आकर्षक लग सकती हैं।

- अपने लिए ऐसी पोशाक लें जो आपके शरीर पर जंचती हो। वैसे कालेज गर्ल्स के लिए जींस और टी शर्ट सबसे उत्तम पोशाक है। इसके साथ एक्सेसरीज ऐसी पहनें कि आप आकर्षक लगें।
- टी शर्ट बड़े आकार की न पहन कर अपने शरीर के आकार के आधार वाली पहनें।
- अपने बालों को हमेशा साफ रखें। कभी बालों को खुला, कभी पोनी टेल और कभी क्लिप लगाकर रखें। एक्सेसरीज भी तभी जंचती है जब सब आर्डर में हो।
- कानों में बड़ी मेटेलिक बालियां, छल्लेदार बालियां या साधारण टाप्स पहनें। टाप्स अपनी डेस से मैच करते पहनें। इस सब से आप सिंपल और आकर्षक दिखेंगी।
- अपनी बाजू में एक मोटा कड़ा, ब्रेसलेट या 3-4 चूड़ियां पहनें। ध्यान रखें वे भी फैंसी स्टाइल की हों जैसे प्लास्टिक की विभिन्न आकार की चूड़ियां, लाख का कड़ा, चूड़ी पर विभिन्न रंगों से लिपटे हुए धागे वाली चूड़ियां। चूड़ियां अधिकतर पजामी सूट, पटियाला सलवार कमीज के साथ खूब फबती हैं।
- यदि आप जींस टाप पहनती हैं तो एक पेअर शूज जरूर रखें और सलवार सूट या पजामी सूट के साथ डिजाइनदार मैच खाती फ्लैट चप्पल के कम से कम दो या तीन जोडे.खरीदें ताकि आप आकर्षक फैशनेबल लग सकें। जूते तो ऐसे लें जो आरामदायक हों।
- कालेज जाते समय आपको अपने साथ रजिस्टर पेपर और एक या दो किताब ले जानी हैं और कुछ अपना पर्सनल सामान। इसके लिए हैंड बैग अपनी आवश्यकतानुसार खरीदें। बैग ऐसा चुनें जो फैशनेबल भी हो और आपकी आवश्यकता की पूर्ति भी कर सके। वैसे हैंड बैग भी एक एक्सेसरी है, इसलिए इसका चुनाव ध्यान पूर्वक करें।
- यदि आप हैट पहनने की शौकीन हैं तो अपने बालों को खुला रखें क्योंकि हैट उतारते समय बाल बिगड़ जाते हैं। खुले बालों को आसानी से संवारा जा सकता है। हैट बालों की प्रदूषण और धूप से रक्षा भी करते हैं पर पोनीटेल के साथ हैट पहनने से पोनीटेल बिगड़ भी सकती है।
- रिस्ट वाच जरूर पहनें। इससे बाजू की शोभा भी बढ़ती है और समय देखना भी आसान रहता है।
- ये सब उपसाधन आपके व्यक्तित्व को निखारेंगे भी और यकीनन आपसे और लोग ईर्ष्या भी करेंगे क्योंकि आप दिखेंगी सिंपल और एटेक्टिव। (उर्वशी)

# छोटे बच्चों की करें उचित परवरिश

साफ-सुथरा, हंसता मुस्कुराता बच्चा सभी को अच्छा लगता है। इन सब के लिए बच्चे का स्वस्थ रहना बहुत ज़रूरी होता है। यदि बच्चा स्वस्थ है तो वह प्रसन्न रहेगा और स्वस्थ रहने के लिए बच्चे को साफ सुथरा रखना अति आवश्यक है। हर मां-बाप की इच्छा होती है कि उनका बच्चा स्वस्थ रहे और उसका शारीरिक विकास ठीक रहे जिससे बच्चे का व्यक्तित्व निखरा रहे। इन सब बातों के लिए माता-पिता को उनका पालन पोषण करते हुए कुछ विशेष बातों का ध्यान रखना चाहिए।

- प्रतिदिन शिशुओं की सरसों के तेल या ऑलिव ऑयल से मालिश करनी चाहिए। मालिश करते समय बच्चों को हल्का-फुल्का व्यायाम भी करवाएं।
- मालिश के पश्चात बच्चों को मौसम के अनुसार स्नान करवायें। सर्दियों में छोटे बच्चों को एक दिन छोड़कर गुनगुने पानी से नहलायें, गर्मियों में प्रतिदिन ताजे पानी से नहलायें। सप्ताह में एक बार नीम की पत्तियां उबाल कर पानी छानकर ताज़े पानी में मिलाकर नहलाएं जिससे बच्चों को त्वचा रोग नहीं होंगे।
- सर्दियों में बच्चों को धूप में लिटाएं या बैठाएं। यह ध्यान रखें कि बच्चों के चेहरे पर धूप न लगे। धूप से हड्डियों में मज़बूती आती है क्योंकि सूर्य की किरणों से विटामिन डी मिलता है।
- बच्चों के नाखूनों को बड़ा न होने दें। जहां कटने लायक नाखून हों, काट दें। बड़े नाखून बच्चे खुद की आंख में या चेहरे पर मार सकते हैं।
- छोटे बच्चों को दूध दो-दो घंटों के अंतराल में पिलाएं। बीच में मांग करने पर बच्चे को दूध अवश्य पिलाएं। मां को चाहिए कि बच्चे को अधिक से अधिक अपना दूध पिलाए। मजबूरीवश बोतल से दूध पिलाने पर बोतल व निपल की सफाई पर खास ध्यान दें। प्रत्येक फीड देने से पहले बोतल व निपल को अच्छी तरह उबालें।
- थोड़ा बड़ा होने पर बच्चों को ठोस आहार दें। ठोस आहार दिन में तीन बार दें। यदि बच्चा सब्जी, दाल खाने में आनाकानी करे तो दलिये, खिचड़ी में दाल सब्जी मैश कर डालें। चपाती या परांठा दाल के आटे वाला दें।
- बच्चे को जबरन न खिलाएं। प्यार से कोशिश अवश्य करें क्योंकि जबरदस्ती खिलाने से बच्चे में खाने के प्रति अरूचि बढ़ेगी और बच्चा खाने के बाद उल्टी के रूप में खाना बाहर निकाल देगा।



- छोटे बच्चे की जीभ प्रतिदिन साफ नरम कपड़े से साफ करें। दांत आने पर दांतों की भी कपड़े से सफाई करें। दो साल की आयु के पश्चात ब्रश से स्वयं उसके दांत साफ करें जब तक बच्चा खुद ब्रश करना नहीं सीखता।
- पेट भरा होने पर बच्चा यदि लगातार रोता रहे तो समझें कि उसकी तबीयत ठीक नहीं है या बच्चा खाने में बार-बार अरूचि दिखाए तो इसका अर्थ है कि उसे कुछ तकलीफ है।
- बच्चे को खांसी-जुकाम होने पर लापरवाही न बरतें। डॉक्टर से अवश्य सलाह लें।
- बच्चे को गीला न रखें। पता चलने पर तुरंत उसके वस्त्रा बदलें नहीं तो बच्चे को रैश हो जाएंगे।
- बच्चों को वस्त्रा ढीले पहनायें। टाइट वस्त्रों से बच्चों का विकास ठीक नहीं होता और वे स्वतंत्रातापूर्वक हाथ-पांव नहीं चला सकते।
- सर्दियों में बच्चों के वस्त्रा प्रतिदिन बदलें। न नहलाने की स्थिति में बच्चे को स्पंज कर सारे वस्त्रा बदलें। गर्मियों में दिन में बच्चों के वस्त्रा दो बार अवश्य बदलें।
- बच्चों के बिस्तर पर किसी को नंगे पाव न चढ़ने दें। इससे बच्चे को एलर्जी हो सकती है।
- बच्चों को तेज़ धूप, हवा और सर्दी से बचा कर रखें।
- घर हमेशा साफ रखें। छोटे बच्चों के होने पर फर्श दिन में दो बार साफ करें। फर्श पर गिरी हुई वस्तु को न स्वयं खायें, न बच्चे को खाने दें। नीचे गिरी वस्तु खाने से बच्चा बीमार पड़ सकता है।
- बच्चों के खिलौने धोकर खेलने को दें। बच्चों को खिलौने मुंह में ज़्यादा न ले जाने दें।
- नुकीले खिलौने बच्चों को खेलने के लिए न दें।
- बच्चों को सूती वस्त्रा पहनायें।
- छोटे बच्चों को घर पर अकेला छोड़ कर कहीं भी न जाएं। (उर्वशी)

# बातें जो पति को सम्मोहन में बांधे रखें

दिलीप कुमार झा



डाली सोच रही थी, डॉक्टर की पत्नी होने के नाते अकेले घर में रहना, शॉपिंग पर जाना और फिर घर में आकर कैद हो जाना, क्या यही जिंदगी है? उन्हें मेरे से ज्यादा प्रिय अस्पताल और क्लीनिक हैं। मेरे लिए तो वह सप्ताह में छुट्टी के एक दिन भी घर में नहीं बैठना चाहते। डाली को लगता था कि उसके पति का मन उससे भर गया है। अभी तो विवाह को दो वर्ष ही हुए हैं।

रश्मि को भी अपने पति से कुछ ऐसी ही शिकायत थी, पहले तो मेरे पति मेरे साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताना चाहते थे लेकिन शादी के एक साल बाद से ही वह मेरे से दूर-दूर रहने का प्रयास करने लगे हैं। क्या अब मेरे अंदर वह आकर्षण नहीं जो उन्हें मेरे से बांधे रख सके?

आज यह रोना सौ में अस्सी प्रतिशत महिलाओं का है। वे पति से प्रायः इसी कारण नाराज भी रहती हैं क्योंकि पत्नी की दिली इच्छा रहती है कि पति उसके अनुरूप कोई काम करें। वह उसके नजदीक रहे और सफर में साथ दें पर सवाल उठता है कि वह क्या है जो पति को सम्मोहन में बांध सके?

स्वभाव से ही प्रकृति से जहां पुरूषों को ताक-झांक करने का अंदाज मिला है, वहीं नारी को उस अंदाज को लगाम देने की क्षमता भी। वह काम नारी बड़ी सरलता से कर सकती है बशर्ते उसमें पुरूष की प्रकृति को समझने की क्षमता हो।

वैसे तो पति-पत्नी दोनों दो अलग-अलग परिवेशों में बड़े होते हैं। दोनों में विवाह के समय अपनी आदतें और रूचियां विकसित हो चुकी होती हैं। यदि दोनों की रूचियां समान हैं तब तो कोई परेशानी नहीं वरना पारिवारिक सुख शांति के लिए समझौता करना पड़ता है। चूंकि आज तक स्त्री को ही समझौता करते देखा गया है, इसलिए समझौते की अपेक्षा कदम कभी भी बहक सकते हैं।

यह नहीं कि पत्नी अपनी रूचियां त्यागकर सिर्फ पति की ही इच्छाओं का ध्यान रखे पर इतना तो जरूर ध्यान रखना होगा कि पति अगर कोई कार्य करता है तो पत्नी और बच्चों के लिए ही। अपना स्वार्थ बहुत थोड़ा ही रहता है। तो फिर उसका सम्मान तो घर में होना ही चाहिए।

आज भी बहुत सी पत्नियां काम पर से लौट कर आए थके हारे पति से बातों का सिलसिला पड़ोसी, सास, ननद, जेठानी पर ही खत्म करती हैं। फिर आगे बढ़ती हैं, गैस खत्म हो गई, बिजली बिल जमा करना है, दूध-वाला आज दूध नहीं दे गया जैसी अनेक उबाऊ बातें करती हैं। आखिर क्या है इसमें पति को सम्मोहन में बांधने लायक मसाला? क्यों नहीं इस तरह शुरू करती, 'तुम्हारा वह मरीज अब कैसा है? कैसी रही तुम्हारी आज की मीटिंग? शहर में तुम्हारा आजकल बहुत नाम चल रहा है,' जैसी सब बातों से शुरू किया गया वार्तालाप दांपत्य जीवन को आनन्द से भर देगा।

माना कि कुछ पुरूष जिद्दी और घमंडी होते हैं। वे अपनी बातों पर व्यर्थ ही डटे रहते हैं पर कहीं न कहीं टूटने की क्षमता उनमें भी होती है क्योंकि उनके दिल में भी मानवता का बीज होता है। आप उसे ढूंढ कर वैसा ही व्यवहार करें तो निश्चय ही बंध जाएंगे आपके पति आपके सम्मोहन में। प्रयत्न करके तो देखिए। (उर्वशी)

# जब बुज़ुर्ग अकेले जीते हैं – और कभी-कभी अकेले ही मर जाते हैं



हरेन्द्र कुमार पाण्डेय

अख़बार पढ़ते समय दो समाचारों ने मेरा ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया और मुझे एक बढ़ती हुई किन्तु अक्सर उपेक्षित सामाजिक समस्या पर विचार करने के लिए विवश किया – अकेले रहने वाले बुज़ुर्गों की असुरक्षा।

पहली घटना कोलकाता के एक प्रमुख आवासीय क्षेत्र साल्ट लेक से संबंधित थी। एक 57 वर्षीय व्यक्ति का सड़ा-गला शव उसके घर से बरामद हुआ, जब पड़ोसियों ने घर से बदबू आने की शिकायत की। सूचना मिलने पर पुलिस पहुँची और शव को बरामद किया। पोस्ट-मार्टम रिपोर्ट के अनुसार उस व्यक्ति की मृत्यु हृदयाघात से हुई थी। बताया गया कि वह अकेले रहते थे। इसी रिपोर्ट में यह भी उल्लेख था कि पिछले महीने इसी इलाके में एक सेवानिवृत्त कॉलेज शिक्षक मृत पाए गए थे। दोनों ही व्यक्ति अकेले रह रहे थे।

संभव है कि चिकित्सकीय राय बिल्कुल सही हो और इनकी मृत्यु स्वाभाविक कारणों से हुई हो। फिर भी यह स्थिति एक असहज प्रश्न खड़ा करती है-क्या एक सभ्य समाज में यह स्वीकार्य है कि लोग अपने घरों में अकेले मर जाएँ और उनके शव का पता तब चले जब उनमें सड़न शुरू हो चुकी हो? क्या एक मनुष्य को जीवन के अंत में कम से कम सम्मानजनक विदाई का अधिकार नहीं होना चाहिए?

उसी दिन अंग्रेजी अखबार में प्रकाशित एक अन्य समाचार और भी भयावह था। हावड़ा में एक 70 वर्षीय महिला का सड़ा-गला शव उसके घर से बरामद हुआ। रिपोर्टों के अनुसार उसकी हत्या से पहले उसे यातनाएँ दी गई थीं। उसके हाथ-पाँव बाँध दिए गए थे, कथित रूप से प्लास से उसका एक-एक दाँत उखाड़ दिया गया था, और बाद में उसका गला घोंटकर हत्या कर दी गई। उसके सिर को भी कुचल दिया गया था। स्थानीय लोगों को संदेह था कि हत्या से पहले उसके साथ यौन अत्याचार भी हुआ हो सकता है। पुलिस का मानना है कि इस अपराध में संभवतः कोई परिचित व्यक्ति शामिल हो सकता है।

दुर्भाग्य से ऐसे घटनाक्रम अब असामान्य नहीं रहे। अनेक शहरी क्षेत्रों में बुज़ुर्ग लोग उन घरों में अकेले रहने को विवश हैं जिन्हें उन्होंने अपने जीवन भर की मेहनत और त्याग से बनाया था। उनके बच्चे प्रायः नौकरी या व्यवसाय के कारण अन्य शहरों या देशों में चले जाते हैं या अलग घर बसा लेते हैं। समय के साथ जब पति-पत्नी में से एक की मृत्यु हो जाती है, तो दूसरा व्यक्ति अकेलेपन का सामना करने के लिए रह जाता है।

बढ़ती आयु के साथ शारीरिक दुर्बलता, स्वास्थ्य समस्याएँ और गतिशीलता में कमी स्वाभाविक है। रोज़मर्रा के साधारण काम भी कठिन हो जाते हैं और दूसरों पर निर्भरता बढ़ जाती है। घरेलू सहायक उपलब्ध होने पर भी वे प्रायः पर्याप्त समय या विश्वसनीय सहायता नहीं दे पाते। विडम्बना यह है कि जिस युग को संचार क्रांति का युग कहा जाता है, उसी में मानवीय संपर्क और भावनात्मक निकटता कम होती जा रही है। अनेक बुज़ुर्गों के लिए अकेलापन एक स्थायी साथी बन गया है।

यह सामाजिक अलगाव उन्हें अपराधों के प्रति और अधिक असुरक्षित बना देता है। जिन बुज़ुर्गों के पास संपत्ति, बचत, आभूषण या अन्य संसाधन होते हैं, वे अपराधियों के लिए आसान लक्ष्य बन सकते हैं।



उनकी शारीरिक कमजोरी और आत्मरक्षा की सीमित क्षमता उन्हें लूट, हमला और धमकी जैसे अपराधों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाती है।

आर्थिक शोषण भी एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। कई वरिष्ठ नागरिकों के पास जीवन भर की कमाई से संचित धन, पेंशन या संपत्ति होती है। कुछ असामाजिक तत्व धोखाधड़ी, छल या दबाव के माध्यम से इसका लाभ उठाने का प्रयास करते हैं। डिजिटल बैंकिंग और जटिल वित्तीय व्यवस्थाओं के दौर में बुज़ुर्गों के लिए कई बार धोखाधड़ी को पहचानना कठिन हो जाता है।

मानसिक और मनोवैज्ञानिक कारण भी उनकी असुरक्षा को बढ़ाते हैं। कुछ बुज़ुर्ग स्मृति-हानि या डिमेंशिया जैसी स्थितियों से पीड़ित होते हैं, जिससे निर्णय-क्षमता प्रभावित हो सकती है। साथ ही, कई बुज़ुर्ग स्वभाव से विश्वास करने वाले होते हैं और वे अजनबियों या देखभाल करने वालों के इरादों पर संदेह करने से हिचकते हैं।

ऐसी परिस्थितियों में बुज़ुर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। पड़ोसियों, स्थानीय संगठनों और सामुदायिक समूहों को अपने आसपास रहने वाले बुज़ुर्गों से समय-समय पर संपर्क बनाए रखना चाहिए। कभी-कभी की मुलाक़ात या बातचीत भी उनके अकेलेपन को कम कर सकती है और आपात स्थिति में सहायता सुनिश्चित कर सकती है।

कुछ गैर-सरकारी संस्थाएँ इस दिशा में काम कर रही हैं और स्वयंसेवकों के माध्यम से बुज़ुर्गों से संपर्क बनाए रखती हैं। फिर भी अनुभव बताता है कि केवल स्वैच्छिक प्रयास लंबे समय तक टिकाऊ नहीं रहते। यदि संगठित और पारिश्रमिक आधारित देखभाल सेवाएँ विकसित की जाएँ, तो इससे बुज़ुर्गों को सहायता मिलेगी और साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

घर की सुरक्षा को मजबूत बनाना भी आवश्यक है। पर्याप्त रोशनी, मजबूत ताले, अलार्म प्रणाली और निगरानी कैमरे अपराधियों को हत-ोत्साहित कर सकते हैं। साथ ही बुज़ुर्गों को सामान्य धोखाधड़ी और सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक करना भी महत्वपूर्ण है।


फिर भी, सबसे महत्वपूर्ण सहारा परिवार ही होता है। बच्चों और रिश्तेदारों द्वारा नियमित संवाद, मुलाक़ात और भावनात्मक सहयोग बुज़ुर्गों के अकेलेपन को काफी हद तक कम कर सकते हैं। पारिवारिक संबंधों का कमजोर पड़ना शायद इस समस्या की जड़ों में से एक है।


भारत में वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के लिए कुछ कानूनी प्रावधान भी हैं। माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 बच्चों और उत्तराधिकारियों को अपने बुज़ुर्ग माता-पिता की देखभाल और आर्थिक सहायता देने के लिए बाध्य करता है। उपेक्षा या परित्याग की स्थिति में वरिष्ठ नागरिक न्याय पाने के लिए अधिकृत मंचों का सहारा ले सकते हैं। फिर भी केवल कानून इस समस्या का पूर्ण समाधान नहीं हो सकता।

किसी समाज का वास्तविक मूल्यांकन केवल उसकी आर्थिक प्रगति से नहीं, बल्कि इस बात से भी होता है कि वह अपने सबसे कमजोर और निर्भर नागरिकों के साथ कैसा व्यवहार करता है। बुज़ुर्गों की सुरक्षा, सम्मान और साथ सुनिश्चित करना इसलिए केवल कानूनी कर्तव्य ही नहीं, बल्कि एक नैतिक दायित्व भी है।

## रेसिपी कार्नर

# लौकी का चीला



आजकल ज्यादातर बच्चे मैगी, पास्ता और फास्ट फूड खाना ज्यादा पसंद करते हैं। ऐसे में माता-पिता के लिए उन्हें हेल्दी सब्जियां खिलाना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। खासकर लौकी का नाम सुनते ही बच्चे नाक-मुंह बनाने लगते हैं।

लेकिन अगर लौकी को थोड़ा अलग तरीके से बनाया जाए, तो वही सब्जी बच्चों की फेवरेट डिश बन सकती है। अगर आपका बच्चा लौकी खाने से मना करता है, तो एक बार लौकी का टेस्टी स्नैक्स जरूर ट्राय करें।

आज हम आपको बताने जा रहे हैं लौकी का टेस्टी और हेल्दी चीला, जिसे खाने के बाद बच्चे मैगी और पास्ता भी भूल सकते हैं। यह रेसिपी इतनी स्वादिष्ट है कि बच्चे इसे मजे से खाएंगे और धीरे-धीरे हेल्दी सब्जियों की आदत भी पड़ जाएगी।

### लौकी का टेस्टी चीला बनाने की सामग्री

1 कप कद्दूकस की हुई लौकी
आधा कप सूजी
आधा कप दही
1 छोटा प्याज (बारीक कटा)
1 हरी मिर्च (बारीक कटी)
नमक स्वादानुसार
आधा छोटा चम्मच हल्दी
आधा छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
थोड़ा सा कद्दूकस किया हुआ चीज
थोड़ा तेल या बटर

### लौकी का चीला बनाने की आसान विधि

स्टेप 1 –सबसे पहले कद्दूकस की हुई लौकी को एक बाउल में लें।

स्टेप 2– इसमें सूजी, दही, प्याज, हरी मिर्च, नमक और मसाले डालकर अच्छी तरह मिलाएं।

स्टेप 3– इस मिश्रण को 5 मिनट के लिए ढककर रख दें ताकि सूजी फूल जाए।

स्टेप 4– अब तवा गर्म करें और थोड़ा सा तेल या बटर लगाएं।

स्टेप 5– तवे पर बैटर डालकर गोल चीले की तरह फैलाएं।

स्टेप 6– दोनों तरफ से सुनहरा होने तक सेंक लें।

स्टेप 7– ऊपर से थोड़ा चीज डालें और टोमैटो सॉस के साथ बच्चों को सर्व करें।

बच्चों को क्यों पसंद आएगी ये डिश

लौकी का चीला स्वाद में बहुत टेस्टी होता है।

बाहर से क्रिस्पी और अंदर से सॉफ्ट रहता है।

चीज की वजह से बच्चों को ज्यादा पसंद आती है।

हेल्दी भी और पेट भरने वाली भी डिश है।

**टिप–** अगर आप चाहें तो इसमें गाजर, शिमला मिर्च और कॉर्न भी मिला सकते हैं। इससे डिश और भी ज्यादा न्यूट्रिशियस और रंगीन बन जाएगी।

# पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का समाधान 'बातचीत और कूटनीति' से निकाला जाना चाहिए: राजनाथ सिंह

**हल्द्वानी :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध को पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बताते हुए शनिवार को कहा कि भारत का स्पष्ट मत है कि इसका समाधान 'बातचीत और कूटनीति' से निकाला जाना चाहिए। रक्षा मंत्री ने उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार के दूसरे कार्यकाल के चार साल पूरे होने के मौके पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि आज पूरी दुनिया एक संकट के दौर से गुजर रही है, जहां पश्चिम एशिया में लगातार हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह भारत के लिए ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक चिंता



का विषय है। सिंह ने कहा, भारत ने साफ तौर पर अपना पक्ष रखा था और आज भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि इस समय विश्व की सबसे गंभीर समस्या है (पश्चिम एशिया में ) युद्ध और उसका समाधान युद्ध के माध्यम से नहीं बल्कि 'बातचीत और कूटनीति' से ही निकलेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत कुछ बोलता है तो पूरी दुनिया उसे कान खोलकर सुनती है। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में दुनिया का कोई भी देश प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता और हो सकता है कि भविष्य में भारत में भी ऊर्जा व खाद्य संकट उत्पन्न हो जाए। सिंह ने हालांकि कहा कि अब तक प्रधानमंत्री ने अपनी योग्यता, क्षमता और सूझबूझ से भारत को उस संकट में फंसने नहीं दिया है लेकिन भविष्य में क्या होगा, कुछ नहीं कहा जा सकता।

### धुआंधार काम कर रहे 'धाकड़' धामी को अब 'धुरंधर' कहा जाना चाहिए: राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को 'धुरंधर' बताया और कहा कि धामी ने अपने चार साल के कार्यकाल में इतना धुआंधार काम किया है, जिसकी मैं कभी कल्पना भी नहीं कर सकता था। सिंह ने यहां धामी सरकार के दूसरे कार्यकाल के चार साल पूरे होने के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में यह टिप्पणी की। रक्षा मंत्री ने राज्य में पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान धामी को 'धाकड़' बताया था। उन्होंने कहा, चार साल के कार्यों को देखने के बाद उन्हें अब धुरंधर धामी कहा जाना चाहिए। उन्होंने धुआंधार काम किया है। मैं कभी कल्पना भी नहीं कर सकता था कि उत्तराखंड जैसे छोटे राज्य में कोई सरकार इतनी तेजी से काम कर पाएगी। कई मामलों में उत्तराखंड ने पूरे देश में अव्वल स्थान हासिल किया है। धामी ने पहली बार मुख्यमंत्री के तौर पर जुलाई 2021 में राज्य की कमान संभाली थी। वर्ष 2022 में भाजपा के लगातार दूसरी बार सत्ता में आने पर धामी दूसरी बार मुख्यमंत्री बने।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और राष्ट्रीय राजधानी के सर्वांगीण विकास को लेकर चर्चा की। गुप्ता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा,''माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से आत्मीय भेंट कर उनका मूल्यवान मार्गदर्शन प्राप्त किया। उनके दूरदर्शी नेतृत्व और दिल्ली के प्रति विशेष स्नेह से हमें हमेशा नई ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है।'' उन्होंने कहा,''इस प्रेरक भेंट के दौरान दिल्ली के समग्र विकास, बुनियादी ढांचे की मजबूती और जन-आकांक्षाओं की पूर्ति के संकल्प पर विस्तृत चर्चा हुई। माननीय प्रधानमंत्री जी के कुशल मार्गदर्शन और सतत् सहयोग से हम



अपनी दिल्ली को प्रगति, समृद्धि और सुशासन की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''सतत प्रेरणा और अपना बहुमूल्य समय देने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी का हृदय से आभार।'' प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ)द्वारा सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा गया, ''दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।''

## मोदी सरकार के पास न तो कोई दिशा है, न ही कोई रणनीति : राहुल गांधी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को मोदी सरकार पर देश के सामने मौजूदा आर्थिक स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक दिशा और रणनीति नहीं होने का आरोप लगाया। गांधी ने इस बात को लेकर भी चिंता व्यक्त की कि अगले महीने पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में होने वाले चुनावों के बाद सरकार पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी कर सकती है। लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने और औद्योगिक ईंधन की कीमतों में भारी वृद्धि से अनिवार्य रूप से महंगाई बढ़ेगी, जिसका असर हर भारतीय



पर पड़ेगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि सरकार भले ही ''खोखले बयान'' दे रही हो और यह दावा कर रही हो कि सब कुछ ''सामान्य'' है, लेकिन हकीकत यह है कि रोजमर्रा की वस्तुओं की बढ़ती लागत हर घर को प्रभावित करेगी। गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''रुपये का डॉलर के मुकाबले कमजोर होकर 100 की तरफ बढ़ना और औद्योगिक ईंधन की कीमतों में जबरदस्त बढ़ोतरी – ये सिर्फ आंकड़े नहीं, आने वाली महंगाई के साफ संकेत हैं।'' उन्होंने कहा, ''सरकार चाहे इसे सामान्य स्थिति बताए, लेकिन हकीकत यह है: उत्पादन और ट्रांसपोर्ट महंगे होंगे, एमएसएमई को सबसे ज्यादा चोट लगेगी। रोजमर्रा की चीजों के दाम बढ़ेंगे, एफआईआई का पैसा और तेजी से बाहर जाएगा, जिससे शेयर बाजार पर दबाव बढ़ेगा।'' गांधी ने कहा कि यानी, हर परिवार की जेब पर इसका सीधा और गहरा असर पड़ना तय है।

## अनिश्चितता के समय भी संबंधों को बनाए रखने में मदद करती है वाणिज्य दूतावास प्रणाली : शशि थरूर

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि वाणिज्य दूतावास प्रणाली एक स्थिरकारी शक्ति और एक सेतु दोनों के रूप में कार्य करती है, जिससे व्यापक राजनीतिक परिस्थितियों में अनिश्चितता के समय भी संबंधों को बनाए रखने में मदद मिलती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह चुपचाप, लेकिन महत्वपूर्ण रूप से वैश्विक संबंधों की मजबूती में योगदान देती है। थरूर ने शुक्रवार शाम 'कॉन्सुलर दिवस' के उपलक्ष्य में यहां आयोजित एक कार्यक्रम में यह भी कहा कि वाणिज्य दूतावास कार्य कूटनीति का एक रूप है, ''जिसे विज्ञप्तियों या घोषणाओं में नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में आने वाले ठोस अंतर से मापा जाता है''



इस कार्यक्रम का आयोजन 'ऑनररी कॉन्सुलर कोर डिप्लोमैटिक - इंडिया' द्वारा मानद वाणिज्य दूतावासों और गैर सरकारी संगठनों को वाणिज्य दूत गतिविधियों एवं द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने में उनके ''उत्कृष्ट कार्य'' के लिए पुरस्कार प्रदान करने के वास्ते किया गया। विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति के अध्यक्ष थरूर इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे, जिसमें कई देशों के राजदूतों ने भाग लिया। तिरुवनंतपुरम से सांसद ने कहा, ''भू-राजनीतिक तनाव से लेकर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट तक, यात्रा में व्यवधान से लेकर प्रवासन की जटिलताओं तक, वाणिज्य दूतावास प्रणालियों के समक्ष मांगों की संख्या, स्तर और संवेदनशीलता दोनों लिहाज से बढ़ी है।'' थरूर की टिप्पणी पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और इस क्षेत्र के प्रभावित देशों से भारतीय नागरिकों के भारत में पलायन के बीच आई है, जिसमें वाणिज्य दूतावास सेवाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

## पत्रकार संगठनों ने यूएनआई परिसर को सील करने के दौरान 'दुर्व्यवहार' और 'बल प्रयोग' की निंदा की

**नयी दिल्ली :** तीन प्रमुख पत्रकार संगठनों ने उच्च न्यायालय के आदेश के बाद समाचार एजेंसी यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया (यूएनआई) के परिसर को सील करने के दौरान कथित तौर पर दुर्व्यवहार और अत्यधिक बल प्रयोग की शनिवार को निंदा की। अलग-अलग बयानों में, प्रेस क्लब ऑफ इंडिया (पीसीआई), एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया (ईजीआई) और इंडियन वीमेंस प्रेस कोर (आईडब्ल्यूपीसी) ने कहा कि यूएनआई को भूमि आवंटन रद्द करने वाले उच्च न्यायालय के आदेश को लागू करने में ''अनुचित जल्दबाजी'' दिखाई गई और शुक्रवार शाम को इस प्रक्रिया में पत्रकारों के साथ कथित तौर पर ''दुर्व्यवहार'' किया गया। पीसीआई ने एक बयान के अनुसार, समाचार एजेंसी के कई पत्रकारों ने दावा किया कि दिल्ली पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कर्मियों द्वारा उन्हें बल प्रयोग करके उनके कार्यस्थल से जबरन हटा दिया गया, और उन्हें अपना निजी सामान भी लेने की अनुमति नहीं दी गई। पीसीआई ने कहा, ''भूमि विवाद से संबंधित अदालती आदेश के बाद कल शाम नयी दिल्ली के 9, रफी मार्ग स्थित यूएनआई परिसर में काम कर रहे पत्रकारों के साथ पुलिस द्वारा की गई बदसलूकी पर पीसीआई गहरा दुख व्यक्त करता है।'' पीसीआई ने महिला कर्मियों समेत पत्रकारों पर की गई दमनात्मक कार्रवाई की भी निंदा की।

## केरल चुनाव : भाजपा ने तिरुवनंतपुरम से करमना जयन को उतारा, 11 उम्मीदवारों की नयी सूची जारी की

**नयी दिल्ली/तिरुवनंतपुरम :** भाजपा ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को 11 उम्मीदवारों की एक नयी सूची जारी करते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष करमना जयन को तिरुवनंतपुरम से मैदान में उतारा है। नवीनतम सूची के साथ, भाजपा ने नौ अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए अब तक 97 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। जयन का मुकाबला वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के समर्थन से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे अभिनेता सुधीर करमना और कम्युनिस्ट मार्क्सवादी पार्टी (सीएमपी) एवं संयुक्त लोकतांत्रिक मार्चा (यूडीएफ) नेता सी पी जॉन से होगा। एलडीएफ की सहयोगी पार्टी जनाधिपत्य केरल कांग्रेस (जेकेसी) के मौजूदा विधायक एंटनी राजू को सबूतों से छेड़छाड़ के एक मामले में मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने और सजा सुनाए जाने के बाद अयोग्य घोषित कर दिया गया। भाजपा की नयी सूची में एक और महत्वपूर्ण नाम व्यवसायी एस राजशेखरन नायर का है, जो नेय्याट्टिनकारा से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने 2021 के विधानसभा चुनाव में भी इसी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ा था और माकपा नेता के. अनसलान तथा कांग्रेस नेता आर. सेल्वराज के बाद तीसरे स्थान पर रहे थे।

## राज्यसभा में सोमवार को सीएपीएफ से संबंधित विधेयक पेश करेंगे अमित शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को राज्यसभा में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026 पेश करेंगे जिसका उद्देश्य सीएपीएफ अधिकारियों की भर्ती, प्रतिनियुक्ति और पदोन्नति को विनियमित करना है। राज्यसभा द्वारा जारी कार्यसूची में यह जानकारी दी गई है। सभी सीएपीएफ -केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) - अपने-अपने अधिनियमों द्वारा संचालित होते हैं। इन अधिनियमों के तहत बने नियम सीएपीएफ में समूह 'ए' सामान्य ड्यूटी अधिकारियों तथा अन्य अधिकारियों और कर्मियों की



भर्ती एवं सेवा शर्तों को नियंत्रित करते हैं। सूत्रों के अनुसार, कार्यगत और परिचालन संबंधी आवश्यकताओं के विस्तार तथा समय के साथ विकसित हुए प्रत्येक सीएपीएफ के विशिष्ट संगठनात्मक ढांचे के कारण इस कानून की आवश्यकता पड़ी। उन्होंने कहा कि सीएपीएफ को नियंत्रित करने के लिए कोई एक कानून नहीं होने के कारण नियामक ढांचा बिखरे हुए तरीके से विकसित हुआ जिसके परिणामस्वरूप सेवा संबंधी मामलों पर मुकदमेबाजी होती है और कुछ कार्यात्मक एवं प्रशासनिक कठिनाइयां उत्पन्न होती हैं। सदन की ओर से जारी कार्यसूची के अनुसार, इस विधेयक का उद्देश्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में समूह 'ए' सामान्य ड्यूटी अधिकारियों तथा अन्य अधिकारियों की भर्ती एवं सेवा शर्तों को नियंत्रित करने वाले सामान्य नियमों, इन बलों से संबंधित अन्य नियमों तथा उनसे जुड़े या उनके आनुषंगिक मामलों को विनियमित करना है। सूत्रों ने कहा कि प्रस्तावित कानून इन केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में नियुक्त समूह 'ए' सामान्य ड्यूटी अधिकारियों तथा अन्य अधिकारियों की सेवा शर्तों को विनियमित करेगा।

## नौसेना तीन अप्रैल को युद्धपोत 'तारागिरी' को सेवा में करेगी शामिल

**नयी दिल्ली :** सुपरसोनिक मिसाइल समेत अत्याधुनिक हथियारों से लैस युद्धपोत 'तारागिरी' को तीन अप्रैल को भारतीय नौसेना में शामिल किया जाएगा। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विशाखापत्तनम में आयोजित होने वाले इस समारोह की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे और यह राष्ट्र के पूर्णतः आत्मनिर्भर नौसैन्य शक्ति बनने की दिशा में किए जा रहे प्रयास का एक सशक्त प्रमाण होगा। नौसेना के प्रवक्ता ने कहा कि प्रोजेक्ट 17ए श्रेणी के चौथे शक्तिशाली प्लेटफॉर्म के रूप में 'तारागिरी' केवल एक युद्धपोत नहीं है; यह 6,670 टन का 'मेक इन इंडिया' भावना और हमारे स्वदेशी शिपयार्ड की परिष्कृत इंजीनियरिंग क्षमताओं का प्रतीक है। नीलगिरी श्रेणी (प्रोजेक्ट 17ए) का



चौथा जहाज और मझगांव डॉक शिपबिल्डिंग लिमिटेड (एमडीएल) द्वारा निर्मित तीसरा जहाज 'तारागिरी' पिछले साल 28 नवंबर को एमडीएल, मुंबई में नौसेना को सौंप दिया गया था। प्रवक्ता ने कहा, ''भारतीय नौसेना, भारत की समुद्री संप्रभुता के एक निर्णायक समारोह में तीन अप्रैल को अपने नवीनतम स्टील्थ युद्धपोत तारागिरी (एफ41) को सेवा में शामिल करने की तैयारी कर रही है।'' उन्होंने कहा, ''तारागिरी एक संयुक्त डीजल या गैस (सीओडीओजी) प्रणोदन संयंत्र द्वारा संचालित है। युद्धपोत का हथियार भंडार विश्व स्तरीय है। इसमें सतह से सतह पर मार करने वाली सुपरसोनिक मिसाइलें, सतह से हवा में मार करने वाली मध्यम दूरी की मिसाइलें और एक विशेष पनडुब्बी रोधी युद्ध प्रणाली हैं।'' ये प्रणालियां अत्याधुनिक युद्ध प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से निर्बाध रूप से एकीकृत हैं जिससे चालक दल पलक झपकते ही खतरों का जवाब दे सकता है। नौसेना ने कहा कि इसका आकार अधिक सुव्यवस्थित है और इसमें कम 'रडार क्रॉस-सेक्शन' है, जिससे यह घातक 'स्टील्थ' तकनीक से कार्य करने में सक्षम है। अधिकारियों ने बताया कि 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री से बना यह युद्धपोत घरेलू औद्योगिक तंत्र की परिपक्वता को दर्शाता है।

### सिक्किम के ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिए हिमस्खलन की चेतावनी जारी

**गंगटोक :** सिक्किम के गंगटोक और पाक्योंग जिलों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिए हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी एक परामर्श के अनुसार, अगले 24 घंटों में 3,500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमस्खलन होने की आशंका है। इस चेतावनी को क्षेत्र में बदलते मौसम के मद्देनजर जारी किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि हिमालयी राज्य के ज्यादातर हिस्सों में शुक्रवार सुबह से भारी बारिश हो रही है। इस बीच, उन्होंने बताया कि इलाके में भारी बर्फबारी के कारण गंगटोक से त्सोमगो झील और नाथुला जाने वाली सड़क बंद कर दी गई है।

### भाजपा ने असम चुनाव के लिए दो और उम्मीदवारों की घोषणा की

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने असम में नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए शनिवार को दो और उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की, जिनमें कृष्णा साहा को दलगांव से और जीवन गोगोई को सिसीबरगांव से मैदान में उतारा गया है। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। इसके साथ ही, भाजपा असम विधानसभा की 126 सदस्यीय विधानसभा में 90 सीट पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि लखीमपुर से भाजपा के सांसद प्रधान बरुआ की पत्नी को विधानसभा चुनाव में सिसीबरगांव से उम्मीदवार बनाया जा सकता है। सिसीबरगांव सीट लखीमपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती है। हालांकि, पार्टी ने स्थानीय नेता जीवन गोगोई को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा राज्य चुनावों में असम गण परिषद (अगप) और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। अगप को 26 सीटें मिलीं, जबकि बीपीएफ को चुनाव पूर्व समझौते के तहत 11 सीटें मिलीं। शेष सीटें भाजपा के हिस्से में हैं। भाजपा और अगप दोनों ने चमारिया सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है।

### दुनिया की जरूरतों को पूरा करने के लिए विवि में आधुनिक, वैज्ञानिक पाठ्यक्रम होने चाहिए: उप राष्ट्रपति

**मुंबई :** उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने शनिवार को कहा कि विश्वविद्यालयों में दुनिया की जरूरतों के अनुरूप आधुनिक और वैज्ञानिक पाठ्यक्रम होने चाहिए। उन्होंने रतन टाटा महाराष्ट्र राज्य कौशल विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह के दौरान यहां लोक भवन में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य उन लोगों का है जो तकनीकी कौशल के साथ व्यवहारिक कौशल जैसे संप्रेषण, टीम वर्क, अनुकूलन क्षमता और भावनात्मक बुद्धिमत्ता का समन्वय करते हैं। उप राष्ट्रपति ने अनुकूलन क्षमता की अनिवार्यता को रेखांकित किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश की असली ताकत उसके लोगों की क्षमताओं में निहित है। राधाकृष्णन ने कहा, ''हमें समाज के हित में सभी सकारात्मक कदम उठाने चाहिए।''

### असम के मुख्यमंत्री को गोली मारने की धमकी देने वाला युवक अरुणाचल से गिरफ्तार

**ईटानगर :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को गोली मारने की धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को अरुणाचल प्रदेश के नाहरलागुन से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान डोलाहफुलबाड़ी गांव निवासी कृष्णा डोर्नाल (29) के रूप में हुई है, जिसे बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। ईटानगर राजधानी क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक न्येलम नेगा ने बताया कि असम पुलिस ने सूचना दी थी कि आरोपी ने व्हाट्सऐप के जरिए मुख्यमंत्री को धमकी भरा संदेश भेजा था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। पूछताछ के दौरान डोर्नाल ने पुलिस को बताया कि उसने शराब की एक दुकान से पैसे का गबन किया था। जब दुकान मालिक ने उससे हिसाब मांगा, तो उसने असम के मुख्यमंत्री के आधिकारिक ईमेल पर पैसे की मांग करते हुए संदेश भेजा। पुलिस ने बताया कि जब उसे कोई जवाब नहीं मिला, तो उसने इंटरनेट से एक व्हाट्सऐप नंबर हासिल कर मुख्यमंत्री को धमकी भरा संदेश भेज दिया।

## मणिपुर में 50 आईईडी, हथियार और गोला-बारूद बरामद

**इंफाल :** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के कई पहाड़ी और घाटी जिलों से कम से कम 29 आग्नेयास्त्र और गोला-बारूद तथा 50 आईईडी जब्त किए हैं। पुलिस ने शनिवार को यह बयान जारी करके बताया कि ये सभी बरामदगी शुक्रवार को की गयीं। बयान में कहा गया है कि एक अभियान के दौरान काकचिंग जिले के वाबागई तुरेल मामेई क्षेत्र से एक एके-56 राइफल सहित छह आग्नेयास्त्र, तीन ग्रेनेड और गोला-बारूद बरामद किए गए। इसमें कहा गया है कि तेंगनुपाल जिले के लोइसी और सैवोम गांवों के आसपास से 29 आईईडी, स्थानीय रूप से निर्मित पांच हथगोले, पांच इलेक्ट्रिक डेटोनेटर और कई अन्य विस्फोटक सामग्री भी जब्त की गई हैं। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बलों ने इम्फाल पश्चिम जिले के लामदेंग और कामेंग इलाकों से 11 पिस्तौल, 85 कारतूस, चार जैकेट और तीन आग्नेयास्त्र जब्त किए। तेंगनुपाल के



माची पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एसएल ज़ौगम इलाके से नौ आईईडी, एक पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किए गए। बयान में कहा गया है, ''बरामद किए गए आईईडी को सुरक्षा प्रोटोकॉल और मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन करते हुए नष्ट कर दिया गया।'' भारत-म्यांमा सीमा के पास तेंगनुपाल में यांगौबुंग गांव से 12 आईईडी और चार रेडियो सेट, तीन पिस्तौल और एक ग्रेनेड लॉन्चर भी बरामद किए गए। इन विस्फोटक उपकरणों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। बयान में कहा गया है कि थौबल जिले के टेकचम संजी चिंग की तलहटी से पांच आग्नेयास्त्र और गोला-बारूद जब्त किए गए हैं।

### असम चुनाव : तृणमूल कांग्रेस ने 17 जबकि एनपीपी ने तीन उम्मीदवारों के नाम घोषित किए

**गुवाहाटी :** तृणमूल कांग्रेस ने असम विधानसभा चुनाव के लिए 17 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची घोषित की जिसमें राज्य इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुलू अहमद समेत कई प्रमुख लोगों का नाम शामिल है। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने भी तीन सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है, जिनमें हाल ही में पाला बदलने वाले एआईयूडीएफ के विधायक अमीनुल इस्लाम भी शामिल हैं। इस्लाम अपने निर्वाचन क्षेत्र मनकाचर से चुनाव लड़ेंगे। एनपीपी के अन्य दो उम्मीदवार हाफलोंग से डेनियल लैंगथासा और बोको-चायगांव से गांसेंग बी संगमा हैं। तृणमूल के दुलू अहमद चमारिया निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। तृणमूल के अन्य उम्मीदवारों में उदंगश्री नरजारी (कोकराझार), मोमिनुर इस्लाम (बिलासीपाड़ा), कौशिक रंजन दास (अभयपुरी), कल्याणी कलिता (बजाली), राजन चौहान (गोरेश्वर), हरे कृष्ण डेका (मंगलदाई), फजीउर रहमान लस्कर (काटीगोरा) और शाहजहां लस्कर (सोनाई) शामिल हैं। असम विधानसभा चुनाव नौ अप्रैल को होंगे जबकि मतगणना चार मई को होगी।

### कोच्चि में किराये के मकान में तीन बच्चों समेत पांच लोग मृत मिले, जांच शुरू

**कोच्चि :** केरल के कोच्चि शहर में शनिवार को किराये के एक मकान में तीन बच्चों सहित पांच लोग मृत मिले। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मृतकों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। ये सभी तिरुवनंतपुरम के निवासी थे और पिछले कुछ महीनों से पास के एक निजी अस्पताल में इलाज के सिलसिले में वदुथला स्थित किराये के एक मकान में रह रहे थे। पुलिस ने बताया कि महिलाओं की पहचान कनकलता और उनकी बेटी अस्वती के रूप में हुई है, जबकि मृत मिले तीन बच्चों की शिनाख्त अस्वती के बच्चों के रूप में हुई है। एर्नाकुलम उत्तर थाने के अधिकारियों ने बताया कि परिवार शुक्रवार से घर से बाहर नहीं आया था। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद मकान मालिक ने कमरे में जाकर देखा तो पांचों मृत मिले। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने कहा कि संदेह है कि महिलाओं ने पहले बच्चों की हत्या की और उसके बाद खुदकुशी कर ली। पुलिस दल परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रहे हैं और अन्य कानूनी प्रक्रिया शुरू की जा रही है। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच के बाद एर्नाकुलम उत्तर थाने में एक मामला दर्ज किया जाएगा।

## 'धुरंधर: द रिवेंज' का बॉक्स ऑफिस जलवा कायम, दो दिन में 266 करोड़ रुपया कमाए

**मुंबई :** आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा कायम रखते हुए दूसरे दिन भी रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। शनिवार को 80.72 करोड़ रुपये की कमाई के साथ ही फिल्म की कुल कमाई का आंकड़ा 200 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। रणवीर सिंह की शानदार प्रस्तुति के साथ आई यह फिल्म पहले ही दिन धमाका कर गई। बुधवार को विशेष प्रस्तुति से 43 करोड़ रुपये की कमाई करने के बाद, बृहस्पतिवार को पहले दिन ही 102.55 करोड़ रुपये की कमाई कर इस फिल्म ने 'बॉक्स ऑफिस' पर रिकॉर्ड तोड़ दिया। दूसरे दिन भी 'धुरंधर: द रिवेंज' ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई का सिलसिला जारी रखा, और 80.72 करोड़ रुपये की कमाई की। कमाई की जानकारी देने वाली वेबसाइट सैकनिलक के अनुसार, फिल्म की दो दिन की कुल कमाई अब 226.27 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। 'धुरंधर: द रिवेंज' और इसकी पहली कड़ी 'धुरंधर' के निर्माता जियो स्टूडियोज ने अभी तक फिल्म की बॉक्स ऑफिस कमाई पर



आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। फिल्म की रिलीज से पहले रिकॉर्ड तोड़ अग्रिम बुकिंग हुई थी, जिसमें बुधवार को की गई विशेष प्रस्तुति सहित 15 लाख से अधिक टिकट बिक चुके थे। बॉलीवुड व्यापार विशेषज्ञों का मानना है कि यह जासूसी थ्रिलर अपनी पहली कड़ी 'धुरंधर' की सफलता के रिकॉर्ड को भी तोड़ सकती है, जिसने दिसंबर 2025 में रिलीज के बाद दुनियाभर में 1,300 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इस बीच, फिल्म निर्माता राकेश रोशन ने आदित्य धर की फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट साझा करते हुए कहा कि धर ने इस फ्रैंचाइजी के साथ फिल्म निर्माण में एक नया युग शुरू कर दिया है।

## अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग की रिपोर्ट निंदनीय: 275 पूर्व न्यायाधीशों और अधिकारियों ने कहा

**नयी दिल्ली :** अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (यूएससीआईआरएफ) की हालिया रिपोर्ट की भारत के 275 पूर्व न्यायाधीशों, नौकरशाहों और सशस्त्र बलों के पूर्व अधिकारियों ने आलोचना की है। इस रिपोर्ट में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की गई है। उन्होंने इसे निहित स्वार्थ से प्रेरित करार दिया और कहा कि इससे ''बौद्धिक दिवालियापन एवं विकृत निष्कर्ष'' प्रदर्शित होता है। शनिवार को जारी एक संयुक्त बयान में, उन्होंने अमेरिका सरकार से यूएससीआईआरएफ की इस ''अत्यधिक पक्षपातपूर्ण और निराधार रिपोर्ट'' में योगदान देने वाले सभी लोगों की पृष्ठभूमि की जांच करने का आग्रह किया। उन्होंने आरोप लगाया कि



इसमें निहित स्वार्थ शामिल हैं जिनका उद्देश्य भारत की साख को धूमिल करना है। संयुक्त बयान में हस्ताक्षरकर्ताओं ने कहा, ''यूएससीआईआरएफ द्वारा भारतीय नागरिकों की संपत्ति जब्त करने, आवाजाही प्रतिबंधित करने और आरएसएस से जुड़े लोगों पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश निहित स्वार्थ से प्रेरित है, और बौद्धिक दिवालियापन एवं विकृत निष्कर्षों को दर्शाती है।'' इसमें कहा गया, ''यूएससीआईआरएफ के सभी छह आयुक्तों की नियुक्ति अमेरिका सरकार द्वारा की जाती है और उन्हें अमेरिकी करदाताओं द्वारा अमेरिकी कांग्रेस के माध्यम से वित्त पोषित किया जाता है।

### आयरलैंड के खिलाफ 26 और 28 जून को टी20 खेलेगा भारत : बीसीसीआई

**नयी दिल्ली :** मौजूदा विश्व चैम्पियन भारत 26 और 28 जून को आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 मैच खेलेगा। बीसीसीआई ने शनिवार को यह जानकारी दी। दोनों मैच बेलफास्ट में होंगे जहां भारतीय टीम 2007 के बाद पहली बार खेलेगी। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने एक बयान में कहा ,'' टीम इंडिया दो मैचों की टी20 श्रृंखला के लिये जून 2026 में आयरलैंड जायेगी।'' उन्होंने कहा ,''पिछले आठ साल में भारतीय टीम ने तीन बार ( 2018, 2022 और 2023) आयरलैंड का दौरा किया है। बेलफास्ट में भारतीय टीम 2007 के बाद पहली बार खेलेगी।'' इससे दो दिन पहले आयरलैंड के हाई परफार्मेंस निदेशक ग्राहम वेस्ट ने इसकी पुष्टि की थी। भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट और तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के बाद इंग्लैंड में एक से 19 जुलाई तक पांच टी20 और तीन वनडे खेलेगी।

# किसी भी सत्र का एक मिनट भी बर्बाद नहीं करना है

## कोहली ने आरसीबी के खिलाड़ियों से कहा

**बेंगलुरू :** करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली ने शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के अपने साथी खिलाड़ियों से 'स्विच आन' करने का आग्रह किया और कहा कि आईपीएल खिताब बरकरार रखने की तैयारी में अब उन्हें अभ्यास सत्र का एक मिनट भी बर्बाद नहीं करना है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर पहले अभ्यास सत्र के दौरान कोहली ने कहा कि उसी जज्बे को बरकरार रखना है जिसके दम पर उन्होंने पिछले साल खिताब जीता था। कोहली ने कहा ,'' हमने पिछले दो तीन सत्र में काफी मेहनत की है जिसके दम पर पिछले साल यह उपलब्धि हासिल कर सके। अब रास्ता और कठिन होगा क्योंकि बाकी टीमें भी पूरी चुनौती देंगी।'' आरसीबी को 28 मार्च को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना है।



कोहली ने कहा ,'' हमें समय बर्बाद नहीं करना है। हमें आगे रहना है तो स्विच आन कर लीजिये। किसी भी सत्र का एक मिनट भी व्यर्थ नहीं करना है। हमें अगले ढाई महीने में अपना 120 प्रतिशत देना होगा।'' आरसीबी ने टीम में वेंकटेश अय्यर, मंगेश यादव, जोर्डन कॉक्स, विकी ओस्तवाल और सात्विक देसवाल को शामिल किया है। मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा ,'' नीलामी काफी रोचक थी और हमारी टीम बेहतर हुई है। हमने कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों को लिया है। विराट और रजत की अगुवाई में स्थापित खिलाड़ियों के साथ उन्हें आरसीबी का हिस्सा बनाना रोमांचक होगा।'' उन्होंने यह भी कहा ,'' इस साल बात अलग होगी क्योंकि अब हम खिताब जीत चुके हैं। आरसीबी के सभी प्रशंसकों के लिये यह गर्व की बात है। लेकिन अब पिछला सत्र बीत गया है और नयी चुनौती सामने है।यह काफी रोमांचक है और हम आईपीएल जीतने आये हैं।'' विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने कहा ,'' सभी एक दूसरे से मिलकर बहुत खुश हैं। सभी कोचों से फिर मिलकर और अभ्यास करके बहुत अच्छा लग रहा है।''

# आकाशदीप पीठ की चोट के कारण आईपीएल से बाहर

**कोलकाता :** चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहे कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को शनिवार को तब एक और झटका लगा जब उसके प्रमुख तेज गेंदबाज आकाशदीप पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर हो गए। आकाशदीप कम से कम आठ सप्ताह तक नहीं खेल पाएंगे जिससे दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज का जून की शुरुआत में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में खेलना भी संदिग्ध है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, ''आकाशदीप की पीठ के निचले हिस्से में दर्द फिर से उबर गया है



और उन्हें ठीक होने में आठ से 12 सप्ताह तक लग सकते हैं। वह आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे और उनका अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में खेलना भी संदिग्ध है।'' इस 29 वर्षीय गेंदबाज ने अपना आखिरी मैच जम्मू कश्मीर के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के रूप में खेला था। तब वह पूरी तरह से फिट नहीं दिख रहे थे। उन्होंने पहली पारी में केवल 13 ओवर और दूसरी पारी में सात से कम ओवर फेंके थे। तब से वह बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं और उन्होंने बुधवार से यहां शुरू हुए केकेआर के अभ्यास शिविर में हिस्सा नहीं लिया। सूत्र ने कहा, ''पूरी तरह से फिट होकर वापसी करने में काफी समय लगेगा। इस तरह की चोट में फिट होने के लिए लगभग 10 सप्ताह का समय लगता है। लेकिन इस मामले में इससे भी अधिक समय लग सकता है।''

### ओलंपिक चैंपियन कैमरन मैकएवॉय ने 50 मीटर फ्रीस्टाइल विश्व रिकॉर्ड बनाया


**शेनजेन (चीन) :** ओलंपिक और विश्व चैंपियन तैराक कैमरन मैकएवॉय ने पुरुषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल में 17 साल पुराना विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया है।



ऑस्ट्रेलिया के 31 वर्षीय खिलाड़ी ने शुक्रवार को शेन्ज़ेन में चाइना ओपन में 20.88 सेकंड का समय दर्ज किया, जो ब्राजील के खिलाड़ी सेसार सिएलो के पिछले रिकॉर्ड से 0.03 सेकंड कम है। सिएलो ने 2009 में तैराकी के तथाकथित 'सुपर सूट' युग के दौरान 20.91 सेकंड का विश्व रिकॉर्ड बनाया था। बाद में इस तरह की प्रतियोगिताओं को बंद कर दिया गया था। इन प्रतियोगिता में खिलाड़ी की क्षमता बढ़ाई जाती थी जिसके कारण 2009 में लगभग 150 विश्व रिकॉर्ड टूट गए थे। इस तरह की प्रतियोगिताओं पर 2010 में पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया था।

## तमिलनाडु के राजेश और विद्या रामराज ने इंडियन ओपन में 400 मीटर में स्वर्ण पदक जीते

**तिरुवनंतपुरम :** तमिलनाडु के राजेश रमेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां सत्र की पहली इंडियन ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की ए स्पर्धा में 400 मीटर का स्वर्ण पदक जीतकर अपना दबदबा कायम किया। रमेश ने 45.26 सेकंड का समय लिया, जो 2024 में बनाए गए उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 45.54 सेकंड से बेहतर था। चोटिल होने के कारण रमेश पेरिस ओलंपिक के बाद कई प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले पाए थे लेकिन पिछले साल उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 45.75 सेकंड का समय निकाला, जो उनका सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। पुरुषों की फाइनल रेस को तीन श्रेणियों ए, बी और सी में बांटा गया था। एनसीओई त्रिवेंद्रम के मनु टीएस ने रेस ए में 45.96 सेकंड के समय के साथ दूसरा स्थान हासिल किया जबकि दिल्ली के अमोज जैकब ने रेस सी में 45.99 सेकंड का समय लेकर जीत हासिल की और पुरुषों के वर्ग में कुल मिलाकर तीसरा स्थान हासिल किया।



महिलाओं की फाइनल दौड़ दो श्रेणियों ए और बी में आयोजित की गई थी। तमिलनाडु की विद्या रामराज ने महिलाओं की 400 मीटर दौड़ श्रेणी ए में 53.31 सेकंड का समय लेकर जीत हासिल की। जेएसडब्ल्यू की रशदीप कौर 53.62 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। कर्नाटक की विजय कुमारी जीके ने रेस बी में 53.55 सेकंड का समय लेकर जीती। उन्होंने महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में कुल मिलाकर तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर 20 में पुरुषों की 400 मीटर दौड़ बिहार के पीयूष राज ने जबकि महिलाओं के वर्ग में उत्तर प्रदेश की रेशमा ने जीती। अंडर 18 वर्ग में पुरुषों में कर्नाटक के सैयद साबिर और महिलाओं में महाराष्ट्र की कशिश भगत ने पहला स्थान हासिल किया।

# हमानो के गोल से जापान ने महिला एशियाई कप जीता, ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराया

**सिडनी :** माइका हमानो के पहले हाफ में किए गए गोल की बदौलत जापान ने शनिवार को यहां मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराकर महिला एशियाई कप का खिताब जीत लिया। हमानो चेल्सी से 'लोन' पर टोटेनहम के लिए खेलती हैं। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने 17वें मिनट में बाएं ओर से मिले पास पर पेनल्टी क्षेत्र के बाहर से जोरदार शॉट लगाया। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी 10 मिनट में बराबरी के लिए पूरा दबाव बनाया, लेकिन जापान की मजबूत रक्षा पंक्ति ने उन्हें लगातार रोके रखा। जापान ने 2014 और 2018 में भी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर लगातार महिला एशियाई कप जीते थे। इस तरह उसने पिछले चार महाद्वीपीय टूर्नामेंटों में तीसरी बार खिताब जीता है। एशिया की शीर्ष



रैंकिंग वाली टीम ने ऑस्ट्रेलिया में खेले गए छह मैचों में सिर्फ एक गोल खाया। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 2010 के बाद से यह महाद्वीपीय चैंपियनशिप नहीं जीती है, जब सैम केर (तब 16 वर्ष की थीं) ने फाइनल में गोल किया था। एशियाई कप से छह टीमें अगले साल ब्राजील में होने वाले महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। मध्य पूर्व युद्ध से प्रभावित ईरानी टीम की भागीदारी के कारण 12 टीमों के इस टूर्नामेंट ने पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया।

## केकेआर की गेंदबाजी में अब पहले जैसा खौफ नहीं रहा: अश्विन

**चेन्नई :** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के गेंदबाजी आक्रमण में अब पहले जैसा खौफ नहीं रहा और उनके 'मिस्ट्री' स्पिनरों में 'नवीनता का तत्व' भी फीका पड़ गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले केकेआर की ताकत और कमजोरी का विश्लेषण करते हुए अश्विन ने कहा कि भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर अब काफी जिम्मेदारी होगी। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, ''मुझे नहीं लगता कि केकेआर की गेंदबाजी देखकर विरोधी टीम डरेंगी। 'मिस्ट्री फैक्टर', 'नवीनता' और खौफ, ये सब अब खत्म हो चुके हैं। पहले बल्लेबाज विश्लेषक के कमरे में जाकर गेंदबाज के हाथ को देखते थे या फिर एक रन लेने की बात सोचते थे।'' उन्होंने कहा, ''वरुण अपने करियर



के ऐसे दौर में हैं जहां उन्हें जवाब ढूंढने होंगे। यह हर क्रिकेटर के विकास का हिस्सा होता है। मुझे लगता है कि नवीनता का तत्व अब खत्म हो गया है। '' अश्विन ने यह भी कहा कि अनुभवी ऑलराउंडर सुनील नारायण की प्रभावशीलता भी कम हो गई है। उन्होंने कहा, ''सुनील नारायण अब अपने एक्शन की वजह से अपनी तेज गेंद नहीं डाल सकते। ईडन गार्डन्स छोटा मैदान है इसलिए विरोधी टीमों के लिए आक्रामक होना आसान हो गया है। '' उन्होंने जोर देकर कहा

---

समाज्ञा व्यापार

### सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पेश किया 54,928 करोड़ का बजट

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए शनिवार को 54,928 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। अपना चौथा बजट पेश कर रहे सुक्खू ने अपने भाषण की शुरुआत में कहा कि राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) बंद किए जाने से वार्षिक बजट प्रभावित हुआ है और उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर राज्य के हितों का समर्थन नहीं करने का आरोप लगाया। सुक्खू ने कहा,विपक्षी भाजपा इस कठिन समय में राज्य के साथ खड़ी नहीं हुई और इतिहास उसे कभी माफ नहीं करेगा।भाजपा सदस्यों ने तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए इस भाषा पर आपत्ति जताई और सदन के बीचोंबीच आकर नारेबाजी की।

# भारत एक मज़बूत फार्मा अर्थव्यवस्था के तौर पर उभर रहा: जितेंद्र सिंह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत धीरे-धीरे एक मज़बूत फार्मा अर्थव्यवस्था में बदल रहा है, जो न केवल भविष्य की वृद्धि को तेज़ करेगा, बल्कि देश के कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भी एक अहम योगदान देने वाला बनेगा। मंत्री ने एक स्वास्थ्य देखरेख सम्मेलन में कहा कि भारत के दवा, चिकित्सा प्रौद्योगिकी और विनिर्माण पारिस्थिकी तंत्र की बढ़ती ताकत देश को एक अहम वैश्विक विनिर्माण केन्द्र के तौर पर स्थापित कर रही है, खासकर उच्च-गुणवत्ता वाले और किफ़ायती स्वास्थ्य देखरेख समाधानों के क्षेत्र में। उन्होंने कहा, ''भारत



का स्वास्थ्य देखरेख और चिकित्सा प्रौद्योगिकी पारिस्थिकी तंत्र एक बड़े बदलाव से गुज़र रहा है, जिसमें वैश्विक गुणवत्ता मानकों, स्वदेशी नवाचार और शोध को उद्योग के साथ जोड़ने पर ज़ोर दिया जा रहा है।'' मंत्री ने यह भी बताया कि पिछले एक दशक में, भारत ने स्वास्थ्य देखरेख के क्षेत्र में एक ज़बरदस्त बदलाव देखा है, यह मुख्य रूप से आयात पर निर्भर प्रणाली से हटकर अब स्वदेशी क्षमताओं से चलने वाले प्रणाली में बदल गया है। उन्होंने कहा, ''पहले ज़रूरी चिकित्सा उपकरण, प्रत्यारोपण और यहां तक कि उन्नत दवाएं भी ज्यादातर विदेशों से मंगाई जाती थीं, जिससे इलाज महंगा हो जाता था और कई लोगों की पहुंच से बाहर हो जाता था। आज, भारत अपने खुद के एंटीबायोटिक्स, वैक्सीन और उन्नत उपचार प्रणाली विकसित कर रहा है, जो आत्मनिर्भरता की दिशा में एक निर्णायक बदलाव का संकेत है।''

## एमएसएमई विनिर्माताओं, निर्यातकों की मदद के लिए साझा ऋण गारंटी योजना में संशोधन

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि एमएसएमई के लिए साझा ऋण गारंटी योजना (एमसीजीएस- एमएसएमई) में विनिर्माताओं और निर्यातकों को सहायता देने के लिए बदलाव किए गए हैं। इसके तहत चौथे साल के बाद किस्तों में पांच प्रतिशत अग्रिम योगदान की अनुमति दी गई है। संशोधित योजना के अनुसार, अब इसमें सेवा क्षेत्र को भी शामिल कर लिया गया है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उपकरण/मशीनरी की लागत को परियोजना लागत के पिछले 75 प्रतिशत से घटाकर 60 प्रतिशत कर दिया गया है। राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) ने इस संशोधित योजना को 24 फरवरी, 2026 से लागू कर दिया है। संशोधित योजना के अनुसार, अब ऋण गारंटी 10 वर्षों के बाद खत्म हो जाएगी, जबकि पिछली योजना में इसकी समयसीमा निर्धारित नहीं थी। पात्रता का विवरण देते हुए मंत्रालय ने कहा कि ऐसी लाभदायक इकाइयां जिन्होंने पिछले तीन वित्त वर्षों में से प्रत्येक में अपने बिक्री कारोबार का कम से कम 25 प्रतिशत निर्यात किया है और निर्यात प्राप्ति की कुछ शर्तों को पूरा करती हैं, वे इस योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र हैं।

## टॉरेंट, एल्केम, यूएसवी ने पेटेंट खत्म होने के बाद सेमाग्लूटाइड के जेनेरिक रूप पेश किए

**नयी दिल्ली :** देश की प्रमुख दवा कंपनियों टॉरेंट फार्मास्युटिकल्स, एल्केम लैबोरेटरीज और यूएसवी लिमिटेड ने शनिवार को सेमाग्लूटाइड आधारित मधुमेह उपचार की जेनेरिक दवाएं बाजार में उतारने की घोषणा की। टॉरेंट फार्मा ने 'सेम्बोलिक' और 'सेमालिक्स' नाम से दवाएं पेश की हैं, जो टेबलेट और इंजेक्शन दोनों रूपों में उपलब्ध हैं। कंपनी ने कहा कि इससे मरीजों को किफायती इलाज का विकल्प मिलेगा। एल्केम लैबोरेटरीज ने 'सेमासाइज़', 'ओबेस्मा' और 'हेपाग्लाइड' नाम से सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन बाजार में उतारा है। कंपनी ने बताया कि उसे भारत के औषधि महानियंत्रक से इस दवा के निर्माण और बिक्री की मंजूरी मिल चुकी है। यह दवा टाइप-2 मधुमेह और वजन नियंत्रण में आहार और व्यायाम के साथ उपयोग की जाती है। यूएसवी लिमिटेड ने डॉ. रेड्डीज के साथ मिलकर 'यूसेमा' नाम से इंजेक्शन पेश किया है, जो टाइप-2 मधुमेह के इलाज में उपयोगी है। इन दवाओं को ऐसे समय में पेश किया गया है जब देश में 10 करोड़ से अधिक लोग मधुमेह से प्रभावित हैं।

## भारत का दूध उत्पादन 2025 में बढ़कर हुआ 24.7 करोड़ टन

**चंडीगढ़ :** कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक एम एल जाट ने कहा कि देश में दूध उत्पादन 1950 में 1.7 करोड़ टन से



बढ़कर 2025 में 24.7 करोड़ टन हो गया। प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक जाट ने कहा कि 17.25 लाख करोड़ रुपये के पशुधन क्षेत्र में डेयरी का वर्चस्व है। यह क्षेत्र कुल उत्पादन में 65 प्रतिशत योगदान देता है और देश के सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में 16 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है, जिससे 46.1 प्रतिशत आबादी को आजीविका मिलती है। उन्होंने हरियाणा के करनाल स्थित आईसीएआर-राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान के 22वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय बजट में पशुपालन क्षेत्र के लिए 6,153 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो पिछले वर्ष से 16 प्रतिशत अधिक है। इस राशि का उपयोग 20,000 पशु चिकित्सकों की नियुक्ति, महाविद्यालयों और प्रयोगशालाओं को सहायता तथा सहकारी संस्थाओं को कर राहत देने में किया जाएगा। एनडीआरआई की ओर से जारी बयान के अनुसार, जाट ने कहा कि दूध उत्पादन में वृद्धि में उत्तर प्रदेश अग्रणी है, जबकि उत्पादकता के मामले में पंजाब और हरियाणा शीर्ष पर हैं। नीति आयोग ने वर्ष 2047 तक दूध की मांग 48 से 60.6 करोड़ टन के बीच रहने का अनुमान जताया है।

## भारत ने लगातार दूसरे साल एक अरब टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य हासिल किया

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजारों में बढ़ी हुई अनिश्चितताओं के बीच भारत ने लगातार दूसरे साल एक अरब टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य हासिल कर लिया है। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''कोयला क्षेत्र में सभी हितधारकों के अमूल्य योगदान के साथ, देश ने लगातार दूसरे साल 20 मार्च, 2026 तक एक अरब टन कोयला उत्पादन का ऐतिहासिक मील का पत्थर सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है।'' अधिकारियों ने कहा कि उच्च और निरंतर कोयला उत्पादन से देश की बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने में मदद मिली है। इससे बिजली क्षेत्र को कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों में रिकॉर्ड कोयला भंडार बनाए रखने में भी मदद मिली। मंत्रालय ने कहा कि यह प्रदर्शन कोयला मूल्य श्रृंखला में मजबूत योजना, कुशल निष्पादन और कड़े समन्वय को दर्शाता है, और देश की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। कोयला मंत्रालय ने कहा कि वह एक स्थिर, पारदर्शी और प्रदर्शन आधारित परिवेश विकसित करने पर जोर दे रहा है।

### गुजरात की कंपनी ने एआई प्रणाली को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए विशेष 'फायरवॉल' बनाया

**जयपुर :** गुजरात की एक न्यूरो-इंजीनियरिंग डीप-टेक एआई कंपनी ने ''एआई एक्शन फायरवॉल'' बनाया है। कंपनी के एक अधिकारी के अनुसार इस फायरवॉल का मकसद कृत्रिम मेधा (एआई) प्रणाली को अधिक सुरक्षित बनाना है। एक अधिकारी ने बताया कि यह फायरवॉल एआई प्रणाली और वास्तविक दुनिया के कार्यों के बीच एक नीति-आधारित सुरक्षा परत के रूप में काम करेगा। यह सुनिश्चित करेगी कि ऐसे सभी कार्य अधिकृत हों, उन पर नजर रखी जाए और उनका रिकार्ड हो। फायरवॉल एक प्रकार की सुरक्षा प्रणाली होती है, जो कंप्यूटर, सर्वर या नेटवर्क को बाहरी खतरों से बचाने का काम करती है। न्यूरोपॉज लैब लिमिटेड के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सौरभ पटेल ने संवाददाताओं को बताया कि फायरवॉल नेटवर्क सुरक्षा प्रणाली है जो पहले से तय सुरक्षा नियमों के आधार पर आने-जाने वाले नेटवर्क ट्रैफिक पर नजर रखती है और उसे नियंत्रित है। पटेल ने कहा, ''इसका विचार पारंपरिक फायरवॉल से प्रेरित है लेकिन इसे खास तौर पर एआई से होने वाले कार्यों को नियंत्रित करने के लिए बनाया गया है। इन कामों में ईमेल भेजना, कोड चलाना, डेटाबेस तक पहुंचना या स्वचालित प्रक्रियाएं शुरू करना शामिल है।'' पटेल ने बताया कि उनकी कंपनी ने पिछले साल इस प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक पेटेंट के लिए आवेदन किया था और यह अभी प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि मौजूदा साइबर सुरक्षा प्रणालियां इंसानी उपयोगकर्ताओं के लिए बनाई गई हैं और वे स्वत: काम करने वाले एआई एजेंट को नियंत्रित नहीं कर सकतीं।

## सन फार्मा, डॉ. रेड्डीज, ग्लेनमार्क ने सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन के जेनेरिक संस्करण पेश किए

**नयी दिल्ली :** सन फार्मा, डॉ. रेड्डीज और ग्लेनमार्क जैसी देश की प्रमुख दवा कंपनियों ने शनिवार को मधुमेह और वजन नियंत्रण में उपयोग होने वाले 'सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन' के जेनेरिक रूप को बाजार में उतारने की घोषणा की। यह कदम 'ओजेम्पिक' और 'वे-गोवी' जैसी दवाओं के मूल घटक के भारत में पेटेंट समाप्त होने के बाद उठाया गया है। कंपनियों ने कहा कि इन दवाओं की कीमतें मूल दवा बनाने वाली कंपनी नोवो नॉर्डिस्क की तुलना में काफी कम हैं। सन फार्मा ने अपने सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन को 'नोवेलट्रीट' और 'सेमाट्रिनिटी' नाम से सभी मात्रा में पेश किया है। 'नोवेलट्रीट' का उपयोग वयस्कों में लंबे समय तक वजन नियंत्रण के लिए कम कैलोरी वाले आहार और शारीरिक गतिविधि के साथ किया जाता है।

यह पांच मात्रा में उपलब्ध है। कंपनी के अनुसार, 'नोवेलट्रीट' की साप्ताहिक लागत लगभग 900 रुपये से 2,000 रुपये और 'सेमाट्रिनिटी' की 750 रुपये से 1,300 रुपये के बीच है। सन फार्मा के प्रबंध निदेशक कीर्ति गणोरकर ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य अधिक से अधिक मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और किफायती उपचार उपलब्ध कराना है। डॉ. रेड्डीज ने 'ओबेडा' नाम से सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन पेश किया है, जो सप्ताह में एक बार लगाया जाता है। कंपनी के अनुसार, इसकी मासिक लागत लगभग 4,200 रुपये है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एरेज इजराइली ने कहा कि यह कदम महत्वपूर्ण उपचार क्षेत्रों में कंपनी की उपस्थिति मजबूत करने की दिशा में अहम है और कंपनी इसे अन्य देशों में भी उपलब्ध कराने की योजना बना रही है। ग्लेनमार्क ने 'ग्लिपिक' नाम से अपना जेनेरिक सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन पेश किया है। कंपनी के अनुसार, इसकी साप्ताहिक लागत 325 से 440 रुपये के बीच है, जिससे यह उपचार अधिक सुलभ होगा। ग्लेनमार्क के अधिकारी आलोक मलिक ने कहा कि भारत में उन्नत मधुमेह उपचार की शुरुआत में अधिक लागत एक बड़ी बाधा है, जिसे यह दवा कम करने में मदद करेगी।

**वर्ष 11, पूर्णांक 3538 अंक 004 RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in